3 राजधानी
सीएम आवास के निकट सिख शरणार्थियों का प्रदर्शन

6 अभिमत
पेपर लीक व नकल की समस्या

10 राष्ट्रीय
राष्ट्र विरोध व कुशासन विपक्ष का एजेंडा : मोदी

11 विदेश
अमेरिका में बढ़ रहा है हिंदू फोबियाः श्री थानेदार

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 12 अंक 129
नई दिल्ली, शुक्रवार, 15 मार्च, 2024
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



घरेलू क्रिकेट को महत्व देना अच्छी बातः रहाणे
स्पोर्ट्स-12

# पूर्व आईएएस अफसरों को बनाया चुनाव आयुक्त

**राजेश कुमार।** नई दिल्ली





**पूर्व** नौकरशाह ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू को बृहस्पतिवार को देश का नया चुनाव आयुक्त नियुक्त किया गया। इसके साथ ही लोकसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान का रास्ता साफ हो गया है। जिससे चुनाव निगरानी का कोरम पूरा हो गया, जो पिछले सप्ताह अरुण गोयल के अचानक इस्तीफे के कारण जरूरी हो गया था। निर्वाचन सदन में सिर्फ मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार ही थे, जबकि एक पद पहले से ही खाली था और दो नियुक्तियों के साथ अब लोकसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करने के लिए तैयार है। चर्चा है कि आम चुनाव की घोषणा शुक्रवार को हो सकती है जिसके बाद से देश में आदर्श आचार संहिता लागू हो जायेगी।

कानून और न्याय मंत्रालय के विधायी विभाग ने अधिसूचना जारी कर नियुक्तियों की घोषणा की। मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा की शर्तें और कार्यालय की अवधि) अधिनियम, 2023 (2023 का अधिनियम संख्या 49) की धारा 4 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राष्ट्रपति ने ज्ञानेश कुमार व डॉ. सुखबीर सिंह संधू की नियुक्ति पर मुहर लगाई। कानून और न्याय मंत्रालय ने अधिसूचना में कहा, आईएएस (सेवानिवृत्त) और डॉ. सुखबीर सिंह संधू, आईएएस (सेवानिवृत्त) भारत के चुनाव आयोग में चुनाव आयुक्त के रूप में कार्यभार संभालने की तारीख से प्रभावी होंगे। कुमार और संधू भारतीय प्रशासनिक सेवा के 1988-बैच के अधिकारी हैं और क्रमशः केरल और उत्तराखंड कैडर से थे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय पैनल ने सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारियों कुमार और संधू को नए चुनाव आयुक्त के रूप में चुना। आधिकारिक अधिसूचना से पहले दिलचस्प बात यह है कि लोकसभा में विपक्ष के नेता और वरिष्ठ कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने दोनों नई नियुक्तियों के नामों का खुलासा किया। संधू ने उत्तराखंड के मुख्य सचिव के रूप में कार्य किया, जबकि कुमार 1988-बैच के केरल कैडर के आईएएस अधिकारी हैं, जो केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता वाले मंत्रालय में सहयोग के लिए केंद्रीय सचिव के रूप में सेवानिवृत्त हुए थे। उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्रालय में भी कार्य किया, जहां उन्होंने जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के साथ-साथ सुप्रीम कोर्ट के अयोध्या फैसले के कार्यान्वयन की जिम्मेदारी भी संभाली।

वर्ष 2014 में, दिल्ली में केरल के रेजिडेंट कमिश्नर के रूप में उन्हें युद्धग्रस्त इराक के एरबिल में फंसी 46 नर्सों को निकालने के लिए राज्य सरकार द्वारा प्रतिनियुक्त किया गया था। इराक से 183 भारतीयों, जिनमें से 70 केरल से थे, इन लोगों को निकालने के साथ ऑपरेशन सफल रहा। कुमार आईआईटी-कानपुर से स्नातक, हार्वर्ड विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर हैं। चुनाव आयुक्त अरुण गोयल ने पिछले सप्ताह अचानक अपने पद से इस्तीफा दे दिया था और उनके इस्तीफे देने के कारण का पता नहीं चला। एक अन्य चुनाव आयुक्त, अनूप पांडे, 15 फरवरी को सेवानिवृत्त हो गए थे।

बैठक के बाद कांग्रेस नेता अधिर रंजन चौधरी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि दो चुनाव आयुक्तों के चयन के लिए समिति के समक्ष छह नाम आए और संधू तथा कुमार के पक्ष में उच्चाधिकार प्राप्त समिति के ज्यादातर सदस्यों ने फैसला किया। चयन समिति ने छह नाम प्रस्तुत किए थे। उत्पल कुमार सिंह, प्रदीप कुमार त्रिपाठी, ज्ञानेश कुमार, इंदीवर पांडे, सुखबीर सिंह संधू और गंगाधर राहत के नाम शामिल थे। ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू का चयन निर्वाचन आयुक्त के रूप में किया गया है। उन्होंने कहा, मुझे इन लोगों की पृष्ठभूमि, अनुभव और ईमानदारी के बारे में जानकारी नहीं थी और मुझे प्रक्रियागत खामियां पसंद नहीं आईं, लेकिन नियुक्तियां की गईं। जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को जब निरस्त किया गया था तब कुमार गृह मंत्रालय में पदस्थापित थे। संधू उत्तराखंड के पूर्व मुख्य सचिव हैं।

भारतीय प्रशासनिक सेवा के 1988 बैच के अधिकारी कुमार और संधू क्रमशः केरल और उत्तराखंड कैडर से हैं। चौधरी ने कहा, मैंने अपना असहमति नोट दिया है क्योंकि मेरे पास 212 नाम थे और सरकार की ओर से केवल छह नामों का प्रस्ताव था। मैं सहमत नहीं था। उन्होंने दावा किया कि निर्वाचन आयोग में शीर्ष पदों पर आसीन होने वाले उम्मीदवारों के नाम महज 10 मिनट पहले बताए गए। चौधरी ने कहा कि यह महज औपचारिकता के लिए था। उन्होंने कहा, मैंने उनकी नियुक्ति का विरोध किया। मुझे केवल औपचारिकता के लिए बुलाया गया और उनकी नियुक्ति भी औपचारिकता है। अगर सीजेआई (प्रधान न्यायाधीश) होते तो स्थिति अलग हो सकती थी। (शेष पेज 9)



# कोविंद समिति ने एक साथ चुनाव की वकालत की

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**देश भर** में लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और स्थानीय निकायों के चुनाव एक साथ कराने की व्यवहार्यता पर कोविंद समिति ने बृहस्पतिवार को अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंप दी है। कोविंद समिति ने सिफारिश की है कि पहले चरण में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराए जा सकते हैं उसके बाद दूसरे चरण में 100 दिनों के भीतर स्थानीय निकाय चुनाव कराए जा सकते हैं। गृहमंत्री अमित शाह ने समिति की सिफारिश को देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए एक ऐतिहासिक दिन बताया।

पायनियर लोक सभा 2024 रिपोर्ट

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंपी गई 18000 से ज्यादा पृष्ठों की रिपोर्ट में कोविंद की अगुवाई वाली समिति ने कहा कि एक साथ चुनाव कराए जाने से विकास प्रक्रिया और सामाजिक एकजुटता को बढ़ावा मिलेगा, लोकतांत्रिक परंपरा की नींव गहरी होगी और इंडिया जो कि भारत है की आकांक्षाओं को साकार करने में मदद मिलेगी। इस समिति ने अपनी सिफारिशों में कहा कि त्रिशंकु स्थिति या अविश्वास प्रस्ताव या ऐसी किसी स्थिति में नई लोकसभा के गठन के लिए नए सिरे से चुनाव कराए जा सकते हैं। समिति ने कहा कि लोकसभा के लिए जब नए चुनाव होते हैं, तो उस सदन का कार्यकाल ठीक पहले की लोकसभा के कार्यकाल के शेष समय के लिए ही होगा। उसने कहा कि जब राज्य विधानसभाओं के लिए नए चुनाव होते हैं, तो ऐसी नई विधानसभाओं का कार्यकाल अगर जल्दी भंग नहीं हो जाएं लोकसभा के पूर्ण कार्यकाल तक रहेगा। समिति ने कहा कि इस तरह की व्यवस्था लागू करने के लिए, संविधान के अनुच्छेद 83 (संसद के सदनों की अवधि) और अनुच्छेद 172 (राज्य विधानमंडलों की अवधि) में संशोधन की आवश्यकता होगी। इस संवैधानिक संशोधन की राज्यों द्वारा पुष्टि किए जाने की आवश्यकता नहीं होगी। उसने यह भी सिफारिश की कि भारत निर्वाचन आयोग राज्य चुनाव अधिकारियों के परामर्श से एकल मतदाता सूची और मतदाता पहचान पत्र तैयार करे। समिति ने कहा कि इस उद्देश्य के लिए मतदाता सूची से संबंधित अनुच्छेद 325 को संशोधित किया जा सकता है। (शेष पेज 9)

# श्रीनगर में गेस्ट हाउस बनायेगा महाराष्ट्र

● जम्मू-कश्मीर में धारा 370 हटने के बाद बनेगा राज्य अतिथि गृह

**टीएन रघुनाथ।** मुंबई




**जम्मू-कश्मीर** को विशेष दर्जा देने वाले संविधान के धारा 370 को निरस्त करने के राष्ट्रपति के 2019 के आदेश के बाद की गई पहली पहल में, महाराष्ट्र सरकार ने केंद्र शासित प्रदेश में श्रीनगर हवाई अड्डे के पास बडगाम जिले के इचगाम तालुका में 2.5 एकड़ भूमि पर एक राज्य अतिथि गृह के निर्माण के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अध्यक्षता में हुई साप्ताहिक बैठक में, राज्य मंत्रिमंडल ने केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन के राजस्व विभाग द्वारा पहचानी गई इचगाम तालुका में श्रीनगर हवाई अड्डे के पास एक राज्य अतिथिगृह के निर्माण के लिए 8.16 करोड़ रुपये की 20 कनाल (2.5 एकड़) भूमि खरीदने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी।

राज्य सरकार द्वारा बुधवार को केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन से इस उद्देश्य के लिए भूमि खरीदने के प्रस्ताव को आगे बढ़ाने के बाद केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन ने गुरुवार को महाराष्ट्र सरकार को चिन्हित 2.5 एकड़ भूमि के आवंटन को मंजूरी दे दी।

भूमि आवंटन की पुष्टि करते हुए, जम्मू और कश्मीर राजस्व विभाग ने गुरुवार को कहा, एस्टेट इचगाम, बडगाम में भूमि के हस्तांतरण को मंजूरी दी गई है। सामान्य वित्तीय नियम, 2017 के नियम 310 के अनुसार महाराष्ट्र राज्य के पक्ष में, 8.16 करोड़ रुपये के हस्तांतरण मूल्य के भुगतान पर महाराष्ट्र भवन के निर्माण के लिए 40.80 लाख रुपये प्रति कनाल है। पिछले साल जून में, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर के प्रशासन से अपने राज्य के लोगों और के बीच संबंधों को बढ़ावा देने के लिए महाराष्ट्र भवन के निर्माण के लिए भूमि का एक भूखंड प्रदान करने का आग्रह किया था। जून 2023 के पहले सप्ताह के दौरान कश्मीर के दौरे पर शिंदे ने उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से मुलाकात की थी और एक औपचारिक प्रस्ताव रखा था। शिंदे ने अपने पत्र में उपराज्यपाल से कहा था कि बढ़ते पर्यटन और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के साथ-साथ आर्थिक और सामाजिक संबंधों को बढ़ाने के मद्देनजर ऐसी संस्था दोनों पक्षों के लोगों के लिए फायदेमंद होगी। (शेष पेज 9)

# चुनावी बांड के आंकड़े वेबसाइट पर जारी

● सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर करने के एक दिन बाद जारी हुए आंकड़े

**राजेश कुमार।** नई दिल्ली

पायनियर लोक सभा 2024 रिपोर्ट

**भारतीय** स्टेट बैंक (एसबीआई) द्वारा सुप्रीम कोर्ट में अनुपालन हलफनामा दायर करने के एक दिन बाद, चुनाव आयोग ने बृहस्पतिवार को अपनी वेबसाइट पर 'एसबीआई द्वारा प्रस्तुत चुनावी बांड' का दो भागों में जारी कर विवरण का खुलासा किया। चुनाव निकाय ने भारतीय स्टेट बैंक द्वारा साझा किए गए चुनावी बांड डेटा को अपनी वेबसाइट 'जैसा है जहां है आधार' पर अपलोड किया है।

पोल पैनल द्वारा अपलोड किए गए आंकड़ों के अनुसार, चुनावी बांड के खरीदारों में ग्रासिम इंडस्ट्रीज, मेघा इंजीनियरिंग, पीरामल एंटरप्राइजेज, टोरेंट पावर, भारती एयरटेल, डीएलएफ कमर्शियल डेवलपर्स, वेदांता लि., अपोलो टायर्स, लक्ष्मी मित्तल, एडलवाइस, पीवीआर, केवेंटर, सुला वाइन, वेलस्पन, सन फार्मा चुनावी बांड का उपयोग करने वाली पार्टियों को दान देने वालों में शामिल हैं।




अन्य दानदाताओं में ए बी सी इनिडा लिमिटेड, एक्रोपोलिस मेंटेनेंस सर्विसेज प्राइवेट लि., अरिहंत एंटरप्राइजेज, एस्सेल माइनिंग एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड, हाईस्ट्रीट क्रूज़ एंड एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड, इनोसेंट मर्चेंट प्राइवेट लि., मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड, मर्लिन रिक्रिएशन प्राइवेट लि., पीएचएल फिनवेस्ट, पीरामल शामिल हैं। कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस, रेणुका इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस, स्काईवर्ल्ड डेवलपर्स एलएलपी, बेलवे इंटरनेशनल कंपनी, गुजरात फ्लोरो केमिकल लि., कैवेलियर ट्रांसपोर्टर्स, केवेंटर फूड पार्क इंफ्रा, कीस्टोन रियलटर्स और अन्य। इसमें दो प्रमुख व्यापारिक समूह अडाणी समूह या रिलायंस इंडस्ट्रीज का कोई रिकॉर्ड नहीं था। चुनाव आयोग द्वारा जारी सूची के अनुसार सबसे बड़े दो चुनावी बांड दाता एक लॉटरी/गेमिंग कंपनी हैं। (शेष पेज 9)

# कुत्तों के तेज होते हमलों के बीच 23 खूंखार नस्लों पर लगी रोक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**क्रूर** या घातक पालतू कुत्तों के हमलों की बढ़ती घटनाओं के बीच, पिटबुल, रॉटवीलर, टेरियर, वुल्फ डॉग और मास्टिफ़ सहित खूंखार कुत्तों की कम से कम 23 नस्लों को प्रतिबंधित करने के लिए केंद्र ने सूची तैयार की है। जिसमें इन पालतू कुत्तों की बिक्री, आयात और प्रजनन (ब्रीडिंग) पर पूर्ण प्रतिबंध लगाना है, इसका मतलब यह है कि आम जनता को अब इन खूंखार कुत्तों को पालने से रोक दिया गया है।

प्रतिबंधित कुत्तों की नस्लों की सूची में शामिल हैं - पिटबुल टेरियर, टोसा इनु, अमेरिकन स्टैफोर्डशायर टेरियर, फिला ब्रासीलीरो, डोगो अर्जेंटीनो, अमेरिकन बुलडॉग, बोअरबोएल, कांगल, मध्य एशियाई शेफर्ड कुत्ता, कोकेशियान शेफर्ड कुत्ता, दक्षिण रूसी शेफर्ड, टॉर्नजैक, सरप्लानिनैक, जापानी टोसा और अकिता, मास्टिफ्स, रॉटवीलर, टेरियर्स,



रोड्सियन रिजबैक, वुल्फ कुत्ते, कैनारियो, अकबाश कुत्ता, मॉस्को गार्ड कुत्ता, केन कोरसो, और उस प्रकार का हर कुत्ता जिसे आमतौर पर प्रतिबंधित कुत्ते के रूप में जाना जाता है। केंद्रीय पशुपालन और डेयरी विभाग द्वारा सभी मुख्य सचिवों को 12 मार्च को लिखे गए एक पत्र में कहा गया है, क्रॉसब्रीड सहित कुत्तों की उपरोक्त नस्लों को आयात, प्रजनन, पालतू कुत्तों के रूप में बेचने और अन्य उद्देश्यों के लिए प्रतिबंधित किया जाएगा।

राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को जिन्हें पहले से ही पालतू जानवर के रूप में इन नस्लों के कुत्तों की नसबंदी करने का निर्देश दिया ताकि आगे प्रजनन को रोका जा सके। विभाग ने कहा कि उसे कुत्तों की कुछ नस्लों को पालतू जानवर के रूप में रखने और अन्य उद्देश्यों के लिए प्रतिबंधित करने के लिए नागरिकों, नागरिक मंचों और पशु कल्याण संगठनों (एडब्ल्यूओ) से प्रतिनिधित्व प्राप्त हुआ है। (शेष पेज 9)

# सिसोदिया को नहीं मिली जमानत, सुप्रीम कोर्ट में क्यूरेटिव याचिका खारिज

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**शराब** घोटाला में दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को बड़ा झटका लगा है। आखिरी उम्मीद भी टूट गई है। उच्चतम न्यायालय ने जमानत नहीं देने के फैसले को बरकरार रखते हुए सिसोदिया की क्यूरेटिव याचिका भी खारिज कर दिया है। अदालत ने कहा कि जमानत नहीं देने के आदेश में बदलाव का कोई आधार नहीं मिला। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़, जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस बी आर गवई और जस्टिस एस वीएन भट्टी वाली चार जजों की पीठ ने इस मामले में चेंबर में विचार किया। इससे पहले सिसोदिया की जमानत को सुप्रीम कोर्ट ने 30 अक्टूबर 2023 को खारिज कर दिया था। (शेष पेज 9)

# भेड़ों के गायब होने के रहस्य का खुलासा, तेंदुए आरोप से बरी


● चार महीने से हो रही चोरी का सीसीटीवी फुटेज से हुआ खुलासा

**कुमार चेलप्पन।** कोच्चि

**केरल** के कासरगोड जिले के रिहायशी इलाके में एक अजीब मामला सामने आया है, जहां जंगली बाघ व तेंदुए के नाम पर भेड़-बकरियों व अन्य मवेशियों की चोरी हो रही थी। हालांकि ऐसे चोरों का खुलासा होने पर पता चला कि क्षेत्र के मवेशियों को जंगली जानवर नहीं बल्कि कुछ स्थानीय लोग ही अंजाम दे रहे हैं। इसका खुलासा सीसीटीवी की तस्वीरों से हुआ कि पालतू जानवरों को कुछ लोगों द्वारा चुराया जाता था। सीसीटीवी की तस्वीरों से पुष्टि हुई है कि लोग बिस्कुट देकर बकरियों को फंसाकर ले जाते हैं।

कासरगोड के कुंबाला गांव के भाई अब्बास और अब्दुल हमीद 14 बकरियों को खो देने के बाद से सदमे में थे। उनकी बकरियां पड़ोसी जंगल की परिधि में चरने के लिए गई थीं जहां से वे गायब हो गईं। चार महीने की के दौरान बकरियों के गायब होने पर स्थानीय लोगों ने कुंबाला पुलिस में शिकायत की और हर बार उन्हें मामले की जांच की जा रही का आश्वासन मिलता रहा। जिन लोगों की आजीविका बकरी का दूध बेचने और बूचड़खानों से होने वाली आय पर निर्भर थी, ने इस समस्या को एक चुनौती के रूप में लेते हुए लिया और मामले को आगे बढ़ाया।

ग्रामीणों का मानना था कि बकरियों को जंगली तेंदुआ ले गया।



लेकिन जंगली जानवरों द्वारा मवेशियों के शिकार करने के लिए कोई पद चिह्न नहीं मिले। अब्बास और हमीद ने क्षेत्र के सीसीटीवी से एकत्र की गई सभी वीडियो छवियों की जांच की और उन्हें एक लड़का दिखाई दिया जो उनकी एक बकरी को बिस्कुट खिला रहा था और उसे समूह से दूर ले जा रहा था। भाइयों ने ये तस्वीरें व्हाट्सएप ग्रुपों में भेजीं जिन्हें उप्पला गांव के भेड़ मालिक मुनीर ने उठाया। उसने भाइयों को सूचित किया कि सीसीटीवी छवि में दिखने वाले लड़के ने उसकी भेड़ें चुराने की कोशिश की थी और उन्होंने उसे पकड़ लिया और स्थानीय पुलिस को सौंप दिया।

उप्पला पुलिस के पास लड़के की मां का विवरण था जिसने लड़के को पुलिस स्टेशन से रिहा कराने के लिए अपना आधार कार्ड और फोन नंबर जमा किया था। उसने पुलिस को बताया था कि लड़के के मन में बकरियों के प्रति नरम रुख था और इसीलिए उसे जानवर को बिस्कुट खिलाते देखा गया था। अब्बास, हमीद और मुनीर ने उप्पला पुलिस के साथ कर्नाटक के ब्रह्मवल गांव में लड़के के आवास को घेर लिया, जहां से उन्होंने लड़के, उसकी मां और अपराध में भागीदार जक्का फुल्ला को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने आवास से 70 बकरियों को भी हिरासत में ले लिया, जिन्हें चारे के रूप में बिस्कुट का उपयोग करके चुरा लिया गया था। अपराध का सरगना रफीक लापता है और उसे पकड़ने के लिए तलाश जारी है। (शेष पेज 9)

# पेट्रोल, डीजल के दाम दो रुपए प्रति लीटर घटे


**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम विपणन कंपनियों ने लोकसभा चुनावों की घोषणा करीब आने के बीच बृहस्पतिवार शाम को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में दो-दो रुपए प्रति लीटर की कटौती कर दी। नई दरें शुक्रवार सुबह छह बजे से लागू हो जाएंगी। इस कटौती के बाद राष्ट्रीय राजधानी में पेट्रोल की कीमत अब 94.72 रुपए प्रति लीटर होगी, जो फिलहाल 96.72 रुपए प्रति लीटर है। वहीं डीजल 87.62 रुपए में मिलेगा, जो अभी 89.62 रुपए प्रति लीटर है। पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतों में संशोधन करने का फैसला किया गया है। इन पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतें करीब दो साल से स्थिर बनी हुई थीं। यह कदम आम चुनाव की तारीखों का ऐलान करीब होने के बीच उठाया गया है। (शेष पेज 9)

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 15 मार्च, 2024



# आग लगने से दो बच्चियों समेत चार की मौत

## पार्किंग की आग से उठा धुआं पूरी बिल्डिंग में फैला, पांच लोगों का अस्पताल में चल रहा इलाज



घटनास्थल पर पहुंची बिल्डिंग का जायजा लेती हुई।

● गीता कॉलोनी के शास्त्री नगर के संकरी गली में बना है फ्लैट

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली के शाहदरा के शास्त्री नगर इलाके में स्थित एक रिहायशी इमारत में बृहस्पतिवार तड़के भीषण आग लगने के बाद दो बच्चियों और एक दंपति की दम घुटने से मौत हो गई। आग इतनी भीषण थी कि कई लोग फंस गए और घर में धुंआ भरने से बेहोश होकर गिर गए। पुलिस ने यह जानकारी दी।

अस्पताल में चार लोगों की मौत की खबर के बाद कोहराम मच गया, वहीं भीषण आग के हादसे चार लोगों की मौत से पूरी गली में मातम का माहौल है। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान मनोज (30), उसकी पत्नी सुमन (28), पांच वर्षीय बच्ची, पुत्री राकेश और साढ़े तीन वर्षीय बच्ची, पुत्री राकेश के रूप में हुई है।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, हमें अस्पताल से सूचना मिली कि चार लोगों- दो बच्चियों और एक दंपति की दम घुटने से मौत हो गई है। मामले की जांच जारी है। पुलिस ने बताया कि सुबह पांच बजकर करीब 20 मिनट पर गीता कॉलोनी के पास शास्त्री नगर में भीषण आग लगने की सूचना मिली जिसके बाद तुरंत दिल्ली अग्निशमन सेवा को सूचित किया गया।



पीड़ित

अधिकारी ने बताया कि स्थानीय पुलिस की एक टीम, दमकल की चार गाड़ियां, एम्बुलेंस और पीसीआर वैन को घटनास्थल पर भेजा गया। पुलिस ने बताया कि जिस इमारत में आग लगी, उसमें चार मंजिल हैं और भूतल पर कार पार्किंग है।

उन्होंने बताया कि आग पार्किंग स्थल से शुरू हुई और धुआं पूरी इमारत में फैल गया। अधिकारी ने बताया, गली संकरी होने के बावजूद अग्निशमन अधिकारी मौके पर पहुंचने और आग पर काबू पाने में कामयाब रहे। हरेक मंजिल की तलाशी ली गई।

तीन पुरुषों, चार महिलाओं और दो बच्चियों को वहां से निकालकर हेडगेवार अस्पताल भेजा गया। अस्पताल में शोकाकुल परिवार मौजूद है। मनोज अपने परिवार के साथ भूतल पर रहते थे। आग की शुरुआत यही से हुई थी। आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल व पुलिस की टीमें मौके पर पहुंची। आग लगने से पार्किंग में



पीड़ित

खड़े चार वाहन जल गए। पुलिस ने किसी तरह से आग पर काबू पाया।

जिला पुलिस उपायुक्त सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि सुबह 5:22 बजे शास्त्री नगर की गली नम्बर 22 में आग लगने की सूचना मिली थी। गली संकरी थी, ऐसे में दमकल की गाड़ियों को मौके पर पहुंचने में काफी मशक्कत हुई। यहां 111 गज के मकान में फ्लैट बने हैं। हादसे के वक्त लोग सो रहे थे। कुछ लोगों ने छत पर भाग कर जान बचाई, जो लोग फंस गए थे उन्हें रेस्क्यू किया गया। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

# नागरिकता संशोधन कानून पर सियासत



● गृहमंत्री शाह के हमलों का मुख्यमंत्री ने दिया जवाब

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

नागरिकता संशोधन कानून को लेकर बयानबाजी और सियासी घमासान जारी है। दिल्ली सरकार केंद्र द्वारा लाए गए सीएए का विरोध कर रही है। इसे लेकर गृहमंत्री अमित शाह ने एक साक्षात्कार में कहा था कि यह कानून आकर ही रहेगा।

इसके जवाब में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि उन्हें यह कानून बिल्कुल भी स्वीकार नहीं है और न ही ये देश हित में है। केजरीवाल ने कहा कि सीएए को लेकर बुधवार को उन्होंने जो सवाल उठाए थे। केंद्र सरकार से उन सवालों का जवाब नहीं दिया है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के जवाब में केजरीवाल ने कहा कि आज सारी सरकारें मिलकर युवाओं को रोजगार देने में असमर्थ हैं, ऐसे पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान से आए लोगों के लिए घर और रोजगार कहां से लाएंगे। उन्होंने कहा कि दिल्ली में राशन कार्ड कम पड़ रहे हैं। केंद्र सरकार इसकी संख्या बढ़ाने की इजाजत नहीं दे रही है, लेकिन पाकिस्तानियों का राशन कार्ड बनाना चाहती है।

### केजरीवाल को सिर्फ धर्म की राजनीति करनी है : सचदेवा



*नई दिल्ली। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने अरविंद केजरीवाल के बयान पर पलटवार करते हुए आम आदमी पार्टी के संयोजक को एक धर्म विशेष की राजनीति से ग्रसित बताया। केजरीवाल को सिर्फ धर्म की राजनीति करनी है क्योंकि उनके अंदर मानवीय संवेदना खत्म हो चुकी है।*

# रामलीला मैदान पहुंचे किसान, केंद्र सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

● बोले: एमएसपी का कानून बनाने तक जारी रहेगा संघर्ष

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

बड़ी संख्या में किसान बृहस्पतिवार को किसान मजदूर महापंचायत के लिए राष्ट्रीय राजधानी के रामलीला मैदान में इकट्ठा हुए और उन्होंने केन्द्र की नीतियों के खिलाफ नारेबाजी की। तीन केंद्रीय कृषि कानूनों (अब रद्द किए जा चुके) के खिलाफ दिल्ली की सीमाओं पर 2020-21 में हुए किसान आंदोलन का नेतृत्व करने वाले संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने कहा है कि सरकार की नीतियों के खिलाफ लड़ाई तेज करने के लिए किसान मजदूर महापंचायत में एक प्रस्ताव पारित किया जाएगा।

भाकियू के राकेश टिकैत ने किसान मजदूर महापंचायत में कहा कि देश में सब जगह आंदोलन चल रहे हैं। बहुत से आंदोलन दिखाई नहीं दे रहे, क्योंकि कर्नाटक का आंदोलन होगा और बिहार का आंदोलन होगा तो दिखाई नहीं देगा बिल्कुल भी। ये विचारधाओं के आंदोलन है। जो भी सरकार किसानों के विरुद्ध फैसलें लेगी उसके विरोध में आंदोलन जारी रहेगा। चाहे वह कोई सी भी सरकार (प्रदेश सरकार) हो, किसी भी पार्टी की सरकार हो उसके खिलाफ आंदोलन जारी



रहेगा। हमें किसी पार्टी से कोई लगाव नहीं है। किसानों ने महापंचायत में किसान नेताओं ने अपनी एमएसपी, ऋण माफी की मांग को दोहराया। महापंचायत में किसान नेताओं ने साफ किया कि एमएसपी की उनकी लड़ाई जारी रहेगी। किसान नेता गुरनाम सिंह चढूनी ने हरियाणा कृषि विवि की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि हर साल एक किसान पर 21376 रुपये का कर्जा चढ़ता है। 2000 से 2015 तक किसानों को एमएसपी से 45 लाख करोड़ रुपये कम मिले अपनी फसलों पर।

किसानों ने धरना स्थल पर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। पंजाब के पटियाला के किसान हरमन सिंह ने बताया कि वह बुधवार रात राजधानी पहुंचे थे।

# सीएम आवास के पास हिंदू, सिख शरणार्थियों का प्रदर्शन

## प्रदर्शनकारियों ने मुख्यमंत्री केजरीवाल से सीएए को लागू करने के खिलाफ की गई टिप्पणियों के लिए माफी की मांग की

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली के विभिन्न हिस्सों में रहने वाले हिंदू और सिख शरणार्थियों ने बृहस्पतिवार को यहां मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सिविल लाइंस स्थित आवास के पास विरोध-प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने केजरीवाल से नागरिकता अधिनियम (सीएए) को लागू करने के खिलाफ की गई उनकी टिप्पणियों के लिए माफी की मांग की।

प्रदर्शनकारी चंदगीराम अखाड़े के पास एकत्र हुए और केजरीवाल के बंगले की ओर मार्च करने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक दिया। प्रदर्शनकारियों में शामिल पंजूराम ने कहा, नरेन्द्र मोदी सरकार हमें नागरिकता दे रही है जबकि केजरीवाल पूछ रहे हैं कि हमें नौकरी और घर कौन देगा।

वह हमारा दर्द नहीं समझते। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि केजरीवाल को सीएए और शरणार्थियों के खिलाफ अपने बयान वापस लेने चाहिए और माफी मांगनी चाहिए। विरोध-प्रदर्शन में रोहिणी, आदर्श नगर, सिग्नेचर ब्रिज के नजदीक और मंजनू का टीला में रहने वाले हिंदू और सिख शरणार्थियों ने हिस्सा लिया। वहीं मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इसको लेकर सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि पाकिस्तानियों को तो पूरा सम्मान दिया जा रहा है लेकिन भारत के ही किसानों के साथ नाइंसाफी की जा



मुख्यमंत्री आवास के बाहर प्रदर्शन करते हिंदू शरणार्थी।




बैनर लेकर सीएम माफी मांग करता सिख प्रदर्शनकारी। फोटो: रंजन डिमरी

रही। पाकिस्तानियों को पूरी पुलिस सुरक्षा और सम्मान के साथ मेरे घर के बाहर प्रदर्शन करने की इजाजत और इस देश के किसानों को दिल्ली में आने की भी इजाजत नहीं।

भारत के किसानों पर आंसू गैस के गोले, लाठियाँ, डंडे और गोलियाँ और पाकिस्तानियों को इतना सम्मान। एक अन्य ट्विट में केजरीवाल ने कहा कि आज कुछ पाकिस्तानियों ने मेरे घर के सामने प्रदर्शन और हुड़दंग किया। दिल्ली पुलिस ने उन्हें पूरा सम्मान और संरक्षण दिया। भाजपा ने इनका पूरा समर्थन किया। इनकी इतनी हिम्मत हो गई कि भारी बहुमत से चुने गए सीएम को हमारे मुल्क में घुसकर माफी माँगने को कह रहे है और भाजपा इनका समर्थन कर रही है।

## पंजीकरण कराने के लिए कहा गया : शरणार्थी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

पाकिस्तानी हिंदू शरणार्थी धर्मवीर सोलंकी ने बृहस्पतिवार को बताया कि मजनूं का टीला इलाके में रहने वाले शरणार्थियों को नागरिकता की पंजीकरण प्रक्रिया के लिए 19 मार्च या उसके बाद दिल्ली उच्च न्यायालय जाने के लिए कहा गया है। सोलंकी ने कहा कि अगले सप्ताह अदालत में जाने के बाद उन्हें भारतीय नागरिक के रूप में पंजीकृत करने की प्रक्रिया के बारे में सूचित किया जाएगा।

धर्मवीरसोलंकी ने मीडिया से बातचीत में बताया, हमें पंजीकरण प्रक्रिया के लिए 19 मार्च या उसके



धर्मवीर सोलंकी

बाद उच्च न्यायालय जाने के लिए कहा गया है। हमारे एक परिचित वकील ने कल रात हमसे मुलाकात की और इसकी जानकारी दी। खुद को पंजीकृत करने की बाकी प्रक्रिया के बारे में हमें अदालत जाने के बाद सूचित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मजनू का टीला इलाके में रहने वाले शरणार्थियों को सूचित किया गया है कि उन्हें हटाया नहीं जाएगा। सोलंकी ने कहा, हमें बताया गया है कि हमें मजनूं का टीला इलाके से हटाया नहीं जाएगा। यहां के कई परिवार भी चाहते हैं कि सरकार उन्हें यहीं लाभ दे और शिविर का विकास करे।

केंद्र सरकार द्वारा नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) के अधिसूचित नियमों के तहत बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से 31 दिसंबर 2014 से पहले भारत आए हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई समुदाय के लोगों को भारत की नागरिकता दी जाएगी।

# यात्रियों की सुरक्षा के किए उपाय

**द्वारका एक्सप्रेसवे**

● एनएचएआई ने लोगों से जिम्मेदारी से वाहन चलाने का किया अनुरोध

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने द्वारका एक्सप्रेसवे पर यातायात को दुरुसत करने के लिए यात्रियों से जिम्मेदारी से वाहन चलाने का अनुरोध किया है। साथ ही कहा कि नियमों का उल्लंघन कम करने तथा यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में मदद के लिए विभिन्न उपाय किए हैं।

एनएचएआई ने एक्सप्रेसवे पर यात्रियों की सहायता के लिए प्रमुख जंक्शनों और प्रवेश निकास बिंदुओं पर मार्गदर्शन और दिशा-निर्देश प्रदान करने के लिए मार्शल तैनात किए हैं। साथ ही यात्रियों की सुविधा के लिए अतिरिक्त सड़क संकेतक लगाए गए हैं। इसके अतिरिक्त, जैसा कि द्वारका एक्सप्रेसवे को हाई-स्पीड कॉरिडोर के रूप में विकसित किया गया है, उच्च गति वाले वाहनों की आवाजाही तुलनात्मक रूप से धीमी गति से चलने वाले वाहनों की सुरक्षा के लिए जोखिम पैदा कर सकती है। इसलिए, दो, तीन पहिया वाहनों और गैर-मोटर चालित वाहनों जैसे वाहनों के एक्सप्रेस वे पर चलने के लिए प्रतिबंधित किया गया है। ऐसे वाहन एक्सप्रेसवे के दोनों ओर बनाई गई सर्विस लेन का उपयोग कर सकते हैं। प्रौद्योगिकी का लाभ उठाते हुए, उन्नत सीसीटीवी कैमरे भी तैनात किए गए हैं ताकि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा सके और सड़क सुरक्षा बढ़ाई जा सके।

इसके अतिरिक्त मजबूत दुर्घटना प्रबंधन प्रणाली प्रदान करने के लिए समर्पित एक्सप्रेसवे गश्ती वाहन और एम्बुलेंस को एक्सप्रेस वे पर तैनात किया गया है। इसके अतिरिक्त किसी भी आपातकालीन गैर-आपात स्थितियों में यात्रियों की सहायता के लिए टोल-फ्री राष्ट्रीय राजमार्ग हेल्पलाइन नंबर 1033 की सेवाएं भी उपलब्ध हैं।

# केजरीवाल ने समन को सत्र न्यायालय में दी चुनौती

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कथित आबकारी घोटाले से संबंधित धनशोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से दर्ज कराई गई दो शिकायतों पर निचली अदालत द्वारा उन्हें जारी किए गए समन को यहां एक सत्र अदालत में चुनौती दी है। ईडी ने उसके समन को नज़रअंदाज़ करने पर निचली अदालत का रुख किया था।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश राकेश सयाल आज केजरीवाल के आवेदनों पर सुनवाई कर सकते हैं। केजरीवाल ने अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) दिव्या मल्होत्रा के आदेशों के खिलाफ सत्र अदालत का रुख किया, जिन्होंने केजरीवाल को 16 मार्च को अदालत में पेश होने का निर्देश दिया था।

**विश्व निद्रा दिवस**

# शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य के लिए नींद है जरूरी

## कम सोने से जीवन का हर क्षेत्र हो सकता है प्रभावित, विशेष रूप से युवा वर्ग बन रहा आसान शिकार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



डॉ. आरपी पाराशर

नींद की कमी आपके दिनचर्या को प्रभावित करने के साथ शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकती है। यह कहना है दिल्ली नगर निगम के मुख्य चिकित्सा अधिकारी (आयुर्वेद) डॉक्टर आरपी पाराशर का। डॉ. पराशर के अनुसार लोगों में नींद में कमी कई तरह की समस्या का कारण बन सकती है।

वर्तमान भागदौड़ के जीवन में पर्याप्त नींद नहीं लेना जीवन के हर क्षेत्र को प्रभावित कर सकती है। डॉ. पराशर ने कहा, पर्याप्त नींद हमारी शारीरिक ही नहीं, मानसिक गतिविधियों और क्रियाओं के लिए भी अति आवश्यक है।

डॉ. पराशर ने कहा कि युवा वर्ग विशेष रूप से अनिद्रा का शिकार बन रहा है। दुनिया भर में 30 से 40 फीसदी जनसंख्या को कभी न कभी नींद की समस्या का सामना करना पड़ता है जबकि 10 से 15 फीसदी लोग रोज नींद न आने की समस्या से परेशान है। हालांकि विटामिन बी-6 और विटामिन डी की कमी भी नींद न आने के कारणों में शामिल है, लेकिन नींद न आने के मुख्य कारण मानसिक ही हैं। इसका कारण करियर, नौकरी, काम धंधा और व्यक्तिगत संबंधों में उतार चढ़ाव तनाव के मुख्य कारणों में से हैं जो नींद के समय और गुणवत्ता को प्रभावित करते हैं। डॉ. पराशर ने कहा कि अच्छी नींद के लिए आयुर्वेद के मूलभूत सिद्धांतों का पालन कर अनिद्रा की समस्या से छुटकारा पाया जा सकता है।



### आयुर्वेद में है अनिद्रा का निदान

डॉ. पराशर ने कहा कि अश्वगंधा, तगर, अर्जुनारिष्ट एवं सारस्वतारिष्ट जैसी आयुर्वेदिक दवाएं अनिद्रा दूर करने में सहायक है। उन्होंने कहा, लैवेंडर, कैमोमाइल और पुदीना भी उपस्थित रासायनिक तत्व तनाव को दूर कर अच्छी नींद लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शिरोधारा नामक पंचकर्म चिकित्सा अनिद्रा, चिंता, तनाव, डिप्रेशन, आदि रोगों के मामले में तुरंत प्रभाव दिखाती है।

### इन नियमों के पालन से होगा लाभ

- स्वस्थ रहने के लिए जल्दी सोना और जल्दी उठना जरूरी है
- रात खाना का जल्दी खाएं और सोने से पहले कुछ देर अवश्य टहलें।
- सोने से पहले नहाने से शारीरिक और मानसिक थकावट दूर होती है
- गुनगुने या गर्म पानी से पैरों की सिकाई कर तलवों में तेल की मालिश करें
- सोने के स्थान पर अंधेरा होना चाहिए ताकि अच्छी नींद के लिए पर्याप्त मैलेटोनिन हार्मोन का स्राव हो
- डिजिटल गैजेट्स की आदत छोड़ें और परिवार के साथ समय बिताने से मानसिक राहत।

## क्रूरता के कारण बुजुर्ग दंपति का विवाह खत्म

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने अलग रह रहे एक बुजुर्ग दंपति की शादी को खत्म करने के कुटुंब अदालत के फैसले को बरकरार रखा और क्रूरता के आधार पर पति को दिए गए तलाक के फैसले के खिलाफ पत्नी की अपील को खारिज कर दिया।

उच्च न्यायालय ने कहा कि अपने विवादों को शांत करने के बजाय महिला ने निराधार आरोप लगाकर तलाक की कार्यवाही जारी रखने का विकल्प चुना है।

न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत और न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्ण ने अपने हालिया आदेश में कहा, दोनों पक्षकारों की उम्र 70 साल से अधिक है और जीवन की इस उम्र में भी, अपीलकर्ता (पत्नी) ने अपने विवादों को शांत करने के बजाय निराधार आरोप लगाकर तलाक की कार्यवाही जारी रखने का विकल्प चुना है।

# संक्षिप्त समाचार

### सिनेमा में स्त्री की भूमिका और योगदान पर परिचर्चा



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह के अवसर पर इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र 'भारतीय सिनेमा में महिलाएं' विषय पर एक विचार मंथन का आयोजन किया गया। पैनल परिचर्चा में स्पिक मैके की डायरेक्टर रश्मि मलिक, प्रख्यात ओडिसी नृत्यांगना रीला होता, वरिष्ठ पत्रकार व लेखक जयंती रंगनाथन और फिल्म विशेषज्ञ व लेखक इकबाल रिजवी शामिल रहे। चर्चा का संचालन मीडिया सेंटर के नियंत्रक अनुराग पुनेठा ने किया। इस मौके पर आईजीएनसीए के सदस्य सचिव, डॉ. सच्चिदानन्द जोशी भी मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. श्रुति नागपाल ने किया। वहीं माधवेंद्र कुमार ने आईजीएनसीए की पत्रिका 'विहंगम' के 'सिनेमा में महिला' विशेषांक के बारे में बताया। इस अवसर पर आयोजित प्रदर्शनी में कई नई और पुरानी फिल्मों के पोस्टर और फिल्म पत्रिकाओं के दुर्लभ अंक का प्रदर्शन किया गया। फिल्मों में महिलाओं की कुछ सशक्त भूमिकाओं पर आधारित एक शॉर्ट फिल्म दिखाई गई।

### हंसराज कॉलेज में राष्ट्रीय वर्कशॉप का आयोजन

**नई दिल्ली।** हंसराज कॉलेज में आतंरिक गुणवत्ता समिति एवं शोध - अनुसंधान विकास समिति द्वारा राष्ट्रीय वर्कशॉप का आयोजन किया गया। प्लेगरिजम के संबंध में जागरूकता और पीडीएस ड्रीलिबिट एक्सट्रीम विषय पर आयोजित इस संगोष्ठी में राजधानी कॉलेज के मुख्य लाइब्रेरियन डॉ. संजीव शर्मा ने अपने विचार रखे। प्लेगरिजम जांच के लिए उपयोगी विभिन्न सॉफ्टवेयर्स की भूमिका का उल्लेख करते हुए उन्होंने विभिन्न शंकाओं का समाधान किया। कार्यक्रम में हंसराज कॉलेज के आतंरिक गुणवत्ता समिति की निदेशक अल्का कक्कड़ , वाइस प्रिंसिपल प्रो. विजय रानी राजपाल तथा कॉलेज के मुख्य लाइब्रेरियन नरेंद्र रावत उपस्थित रहे।

# साढ़े तीन घंटे में तय होगा गुरुग्राम से चंडीगढ़ तक का सफर

## नवीन गोयल के नेतृत्व में गुरुग्राम स्टेशन पर हुआ वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का स्वागत

## अब से पहले अजमेर से चलकर दिल्ली में था ट्रेन का ठहराव

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**रेलवे** सलाहकार समिति के सदस्य डा. डीपी गोयल एवं व्यापारी प्रकोष्ठ भाजपा हरियाणा के प्रदेश संयोजक नवीन गोयल के प्रयासों से अब वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का विस्तार चंडीगढ़ तक कर दी गई है। गुरुवार को अजमेर से चलकर सुबह 11=15 बजे गुरुग्राम के रास्ते चंडीगढ़ के लिए गई वंदे भारत ट्रेन का गुरुग्राम रेलवे स्टेशन पर भव्य स्वागत किया गया। ट्रेन के चालक दल को नवीन गोयल, शिक्षाविद् डा. अशोक दिवाकर ने पगड़ी व मालाएं पहनाकर स्वागत किया।

सुबह 11=15 बजे वंदे भारत ट्रेन नंबर-20977/78 गुरुग्राम स्टेशन होते हुए वाया दिल्ली कैंट दोपहर 14=45 बजे ट्रेन चंडीगढ़ पहुंच जाएगी। वापसी में ये ट्रेन चंडीगढ़ से 15=15 बजे चलेगी। गुरुग्राम शाम 18=51 बजे पहुंचेगी। वंदे भारत ट्रेन के गुरुवार को गुरुग्राम रेलवे स्टेशन पर आगमन से पहले व बाद में काफी समय तक कीर्तन किया गया। इस दौरान कलाकारों ने, आम लोगों ने देवी-देवताओं के भजन गाकर माहौल को धार्मिकमय बना दिया। नवीन गोयल ने इस दौरान फूलों की होली खेलकर सभी को कैमिकल वाले रंगों से बचने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि वंदे भारत ट्रेनों के माध्यम से देश में रेल यात्रियों को काफी सहूलियत हुई है। दिल्ली से हरियाणा के रास्ते राजस्थान तक शुरू की गई वंदे भारत ट्रेन यात्रियों को सुगम यात्रा करा रही है। इस ट्रेन का पहले तो नई दिल्ली तक ही संचालन हुआ था, लेकिन रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य डा. डीपी गोयल व उन्होंने स्वयं केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव, पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष रहे एवं वर्तमान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, सदस्य केन्द्रीय संसदीय बोर्ड एवं केन्द्रीय चुनाव समिति भाजपा डा. सुधा यादव, केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह, महाप्रबंधक उत्तर रेलवे के समक्ष आग्रह करके इसे चंडीगढ़ तक करने की अपील की थी। अब यह ट्रेन चंडीगढ़ तक बढ़ा दी गई है। इस अवसर पर डेरावाल बिरादरी के रमेश चुटानी, सी.बी. मनचन्दा, अनिल कुमार, हंसराज तंवर, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक सतीश चोपड़ा, स्वच्छता अभियान के प्रदेश सह प्रमुख राकेश तंवर, रीना गहलोत, सत्य शर्मा, नरेंद्र शर्मा, उमाकांत शर्मा, दिनेश शर्मा सेक्टर-4, प्रद्युमन जांघू, सुरेंद्र कुंडू, रजनीश राठी समेत अनेक लोग मौजूद रहे।


गुरुग्राम रेलवे स्टेशन पर वंदे भारत ट्रेन का स्वागत करते नवीन गोयल व अन्य।

# अनाज मंडीं में खड़े अवैध रूप से वाहनों को जल्द उठाया जाएंगा : एसडीएम

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**अनाज** मंडी परिसर में अवैध रुप से खड़े निजी वाहनों को हटाया जाएगा। ताकि किसानों का अपना अनाज बिक्री के लिए पर्याप्त मात्रा में खाली स्थान मिल सके। मार्केट कमेटी प्रशासन जल्द ही निजी वाहन मालिकों को नोटिस देगा।

अप्रैल माह के पहले सप्ताह में गेहूं और सरसो की सरकारी खरीद शुरु होने की आशंका जताई जा रही है। जिसको लेकर मार्केट कमेटी प्रशासन तैयारियों में जुट गया है। मार्केट कमेटी प्रशासन किसानों को हर संभव सुविधा देने की कवायद में जुट गया है। जिसमें किसानों के वाहन खड़ा करने के लिए निश्चित करना, किसानों के लिए पेयजल की सुविधा, किसानों के बैठने की सुविधा और उनके द्वारा लाई जाने वाली फसल का टोकन काटे जाने की सुविधा के लिए केन्द्र की सुविधा देना आदि कर दी है।

**परिसर बना अवैध पींर्किग** : अनाज मंडी के खाली परिसर के फडों पर अवैध रुप से वाहन खड़े हो रह है। जिससे किसानों को अपने वाहन निकालने के लिए रास्ता तक नहीं है। अवैध पार्किंग में 90 फीसदी वाहन मडी परिसर में रहने वालों के है। 10 फीसदी दूर दराज गांवों से आने वाले नागरिकों के है। अवैध पार्किंग से किसानों को अनाज की ढेरी लगाने में भी परेशानी आएगी।



> “ **मंडी** परिसर में निजी वाहन मालिकों को सचेत करने के लिए जल्द ही मुनादी कराई जाएगी। इसके बावजूद अपना वाहन न हटाने वाले मालि को नोटिस दिए जाएंगे। इसके बावजूद पुलिस की मदद से निजी वाहनों को उठाया जाएगा।
> **( सुनीता देवी-सचिव मार्केट कमेटी )**

> “ **मार्केट** कमेटी प्रशासन को अवैध बनी वाहनों पार्किंगों को परिसर से बाहर ले जाने के कहा जाएगा। ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा मिल सके।
> **( सोनू भट-एसडीएम सोहना )**

## संक्षिप्त समाचार

### 77 लोगों ने रक्तदान करके मानवता की सेवा का दिया संदेश



**सोहना।** शहर का सामाजिक संगठन लायंस क्लब सोहना सिटी के तत्वाधान में लगा शिविर में 77 लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदाताओं ने रक्तदान करते हुए युवाओं को संदेश दिया। गुरुवार को शहर का सामाजिक संगठन लायंस क्लब सोहना सिटी ने शहीद भगत सिंह फव्वारा चैक पर स्थित मुरारी धर्मशाला में एक दिन का शिविर लगाया। जिसमें लोगों को देश के वीर जवानों से लेकर जरुरतमंदों और आर्थिक रुप से कमजोरी के कारण बीमारियों पीडितों को जीवन दान करने की प्रेंरणा दी। क्लब के प्रधान गौरव सिंगला ने बताया कि उनका संगठन पिछले करीब दो साल से जनसेवा में लगा हुआ है। संगठन का उद्देश्य मानव सेवा करने के साथ-साथ समाज में रहने वाले लोग और संगठनों को प्रेरित करना है। ताकि मानवता के नाते सेवा हो सके। उन्होने बताया कि क्लब का सदस्य को जनसेवा में पूरी तरह से करने के इरादे से ही जुड़ता है।

### दो बच्चों की मां को बेरहमी से पीटकर किया अधमरा

**सोहना।** घरेलू विवाद के चलते ससुरालियों ने विवाहिता को क्रिकेट के बेट से बेरहमी से पीट पीट कर उसे अधमरा कर दिया। महिला को सोहना के नागरिक अस्पताल भर्ती कराया गया। जहा से डॉक्टरों ने पीडिता को गुरूग्राम के लिए रेफर कर दिया है। गांव खेड़ला निवासी ऊषा ने पुलिस को बताया कि दहेज को लेकर काफी समय से उसके ससुराल वाले उसे परेशान कर रहे हैं। अब तक वह कई बार उसे पीट चुके हैं लेकिन बार-बार उसे पहले फुसलाकर कानूनी कार्रवाई करने से उस पर दबाव बनाकर रुकवा जाता रहा है और उसके द्वारा दी जाने वाली शिकायतों को वापस लिया जाता रहा है। उसकी ससुराल पक्ष के लोगों द्वारा किया हमले से गर्दन, जांघ, पीठ और पैर में गंभीर चोटें आई हैं। गंभीर हालत के कारण उसे गुरुग्राम रेफर कर दिया गया है। पुलिस शिकायत में पीड़ित विवाहित खेड़ला निवासी ऊषा ने बताया कि 2009 में उसकी शादी खेड़ला निवासी सुरेश के साथ कीशथी। शादी के रोज से ही उसके ससुराल के लोग उसे दहेज को लेकर प्रताड़ित करते थे जिसको लेकर अब तक वह कई बार पहले भी उसके साथ बुरी तरह मारपीट कर चुके थे जिसके मेडिकल आज भी उसके पास है। लेकिन उसे बहला फुसला कर फिर फैसला करा लेते थे ।विवाहिता के दो बच्चे हैं जिनके कारण वह उनके प्रताड़ना को शहन कर रही है । पीड़िता ने बताया कि दो रोज पहले उसकी अपने पति के साथ किसी बात को लेकर मामूली झगड़ा हो गया था। जिसको लेकर बुधवार की सुबह उसकी मोसिया सास व उसकी लड़की पिंकी वह उसका देवर नानक उसके घर पर आज धमके व उन्होंने घर में रखें क्रिकेट के बल्ले से उसे बुरी तरह पीटा । सूचना मिलने पर सदर सोहना पुलिस को दी गई। पुलिस ने महिला को सोहना के नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया जहां पर वह उपचार आधीन है ।पुलिस मामले की जांच कर दी है। मामलें की जांच कर रहे एएसआई सतपाल ने बताया कि इस मामले में महिला के ब्यान ले लिए है। पुलिस उचित कार्यवाही की जा रही है।

### पेपर लीक मामले में दो युवक धरे, भेजा न्यायिक हिरासत में

**फिरोजपुर झिरका।** भिवानी बोर्ड की नकल विरोधी उड़न दस्ते की शिकायत पर फिरोजपुर झिरका राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पेपर लीक मामले में पुलिस ने जहां चार अध्यापकों को हिरासत में लेकर पुलिस बल पर छोड़ दिया है वहीं पेपर लीक करने वाले दो युवकों को भी पुलिस ने अपनी हिरासत में लिया जिन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। गति दिवस फिरोजपुर झिरका राजकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय 8 मैं पेपर लीक होने के बाद जहां शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा रसायन विज्ञान के पेपर को रद्द कर दिया गया है वही नकल विरोधी दस्ती की शिकायत पर चार अध्यापकों के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए पुलिस ने उक्त चारों अध्यापकों को हिरासत में लिया जिन्हें प्रात: पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया । वहीं दोनों नकल करने वाले युवक नवीन पुत्र महेंद्र, कार्तिक पुत्र जयपाल निवासी सोहना को गिरफ्तार कर सुबह माननीय अदालत पेश किया गया जहां दोनों युवकों को न्यायिक हिरासत में सलंबा जेल भेज दिया गया है।

### रमजान शुरू होते ही आसमान छू रहे हैं, नींबू व तरबूज के दाम



**नूंह।** सब्जियों में नींबू और तरबूज के दाम आसमान छू रहे हैं । मेवात में एक किलो नींबू की कीमत 200 और तरबूज 200 रुपए के पांच किलो हैं। थोक बाजार में नींबू करीब 180 रुपए किलो बिक रहा है और तरबूज 150 रुपए पांच किलो पिछले तीन दिनों में सब्जियों के दामों में अधिक बढ़ोतरी हुई है, क्योंकि आज तीसरा रमजान है। रमजान शुरू होते ही नींबू व तरबूज के दामों में इजाफा हुआ है। रमजान के महीने में लोग ज्यादातर नींबू और तरबूज का इस्तेमाल करते हैं इसलिए इनके दाम आसमान पर हैं। इलाके में रमजान शुरू होते ही तरबूज की डिमांड बढ़ गई है। दुकानदारों ने बताया कि तरबूज और नींबू की खपत कम होने की वजह से यह हाल है। अगर ऐसा ही रहा तो आगे चलकर तरबूज, नींबू के साथ - साथ अन्य सब्जियों के दाम भी अधिक होने की संभावना है। रमजान माह में ज्यादा खरीदारी हो रही है, जिसके चलते सब्जियों की कीमतें आसमान छू रही हैं। इस कारण सब्जी बेचने वालों के साथ - साथ ग्राहकों को भी महंगाई की मार झेलनी पड़ रही है। अगर बात करें गांव में तो एक नींबू 10 रुपए तक बिक रहा है और तरबूज 150 रुपए का 5 किलो। जिसे गरीब लोग खरीदने से डर रहे हैं। नींबू और तरबूज के दामों में जिस कदर उछाल आया है, उतनी ऊंची कीमतों पर भी लोग खरीद रहे हैं। रमजान में नींबू और तरबूज में पानी और ग्लूकोज की मात्रा अधिक होती है । जिसके चलते अन्य फलों के मुकाबले इनकी ज्यादा डिमांड मार्केट में है।

# गुरुग्राम में बिना दहेज के शादी की रस्में पूरी कर सेवानिवृत्त डीपीई ने पेश की मिसाल

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**फर्रुखनगर** खंड के गांव धानावास निवासी एवं शिक्षा विभाग से सेवानिवृत डीपीई राव महेंद्र सिंह बोहरा ने अपने पौत्र भावुक यादव पुत्र विजेंद्र सिंह बोहरा की शादी में सगाई, भात, बड भात, लगन, शादी, विदाई की रस्मों में एक रूपया और नारियल लेकर समाज में अनूठा उदाहरण पेश किया है।

दहेज लोभियों को उन्होंने आईना दिखाते हुए ऐसी प्रथा शुरू करने का भी आह्वान किया है। वर वधु को आर्शिवाद देने के लिए राजनितिक, प्रशासनिक, समाजिक संस्थाओं से जुडे हजारों की संख्या में गणमान्य लोग शादी का हिस्सा बने।

धानावास गांव निवासी राव महेंद्र सिंह बोहरा शिक्षा विभाग में डीपीई के पद से सेवानिवृत है। शुरू से ही वह दहेज प्रजा आदि सामाजिक बुराईयों के खिलाफ रहे हैं। उनके आदर्श विचारों पर पूरा परिवार चलता है। यह उनके आदर्श विचारों का ही प्रतिफल है कि अपने एमबीए पास इकलौते बेटे भावुक यादव का विवाह एमबीए पास कोमल यादव पुत्री रविंद्र यादव निवासी गांव जीवडा जिला रेवाडी के साथ बिना कोई दान-दहेज लिए किया है। फिलहाल परिवार के साथ गुरुग्राम में रह रही कोमल यादव के साथ भावुक यादव का विवाह 12 मार्च 2024 को संपन्न हुआ। कोमल यादव के पिता रविंद्र यादव भी रक्षा मंत्रालय में कार्यरत है। दोनों परिवार ही दहेज प्रथा जैसी रूढ़िवादी विचारधारा के खिलाफ हैं। विवाह की सभी रस्मों में एक रूपये और नारियल के साथ पूरी की गई।

राव महेंद्र सिंह बोहरा ने कहा कि गुरुग्राम व आसपास के इलाके में बेटे बेटियों की शादी में लेन-देन के नाम पर स्पर्धा चली आ रही है। हर माता-पिता का सपना होता है कि उसके बच्चे की शादी धूमधाम से हो। ऐसे में वह अपनी हैसियत से ऊपर होकर खर्चा करके कर्ज का बोझ बना लेते हैं। जो बाद में परिवार के लिए कर्ज उतारना मुसीबत बन जाती है। कई रिश्ते कम दहेज देने पर बिखर भी जाते हैं।

भावुक यादव व कोमल यादव की शादी की रस्म में पूर्व मंत्री राव नरबीर सिंह, विधायक सत्यप्रकाश जरावता, कांग्रेसी नेता राव कमलवीर सिंह, बीजेपी नेता मनीष यादव, किसान नेता राव मानसिंह, बीजेपी जिला अध्यक्ष कमल यादव, बीजेपी नेता बेगराज यादव, राव अजीत सिंह, महेश यादव आदि हजारों की संख्या में इलाके के लोगों वर वधू को आर्शीवाद प्रदान किया।


गुरुग्राम में बिना दान-दहेज के शादी में वर-वधू को आशीर्वाद देते परिजन।

# पशु चिकित्सा सेवा के लिए जिला को मिली दो मोबाइल एंबुलेंस

## सोहना और पटौदी खंड के गांवों में चलेंगी ये एंबुलेंस

## उपायुक्त ने हरी झंडी दिखाकर वाहनों को रवाना किया

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**गुरुवार** को लघु सचिवालय परिसर से पशुपालन एवं डेयरी विभाग की दो मोबाईल एंबुलेंस वैन को उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इन दो वैन के आने से पशुपालकों को जिला में बेहतर चिकित्सा सेवाएं मिल सकेंगी।

मुख्यमंत्री ने महेंद्रगढ़ में पिछले माह आयोजित की गई राज्य स्तरीय पशु प्रदर्शनी व पशु मेला कार्यक्रम के दौरान पशुपालकों की सुविधा के लिए 11.20 करोड़ रुपये की लागत से 70 एंबुलेंस पशुपालन विभाग को दी थीं। इनमें से जिला गुरुग्राम में पशुपालन विभाग के कार्यालय को दो एंबुलेंस वैन प्राप्त हुई हैं। उन्हें उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने लघु सचिवालय परिसर से इन दोनों वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उपायुक्त ने इस अवसर पर पशुपालन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन दोनों एंबुलेंस का जिला के पशुपालकों को अधिक से अधिक लाभ मिलना चाहिए। चिकित्सा सेवा के अलावा इन वैन के जरिए पशुपालकों को पशुओं की देखभाल और समय-समय पर दी जाने वाली वैक्सीन के प्रति भी जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि जिस गांव के आसपास पशु अस्पताल नहीं है, वहां ये सेवाएं सुचारू रूप से दी जानी चाहिए। पशुपालन विभाग के उप-निदेशक डा. विरेंद्र सहरावत ने बताया कि गुरूग्राम जिला के खंड सोहना एवं पटौदी में इन दोनों एंबुलेंस की सेवाएं ली जाएंगी। इन एंबुलेंस को हेल्प लाइन नंबर 1962 द्वारा संचालित किया जाएगा और कोई भी पशुपालक इस नंबर पर कॉल कर चिकित्सा सेवा का गांव में ही लाभ उठा सकते हैं। इनके माध्यम से पशुओं का ईलाज, कृत्रिम गर्भाधान की सुविधा, लैब टैस्ट की सुविधा, सीरो सर्विलेंस द्वारा पशुओं में रोग रोकथाम प्रतिरोधक क्षमता के आंकलन की सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी।

सरकार द्वारा हिसार के वैटरनरी संस्थान में काल सेंटर 1962 स्थापित किया गया है। यह एंबुलेंस सेवा आपात काल में भी पशुपालकों को निन्शुल्क उपलब्ध करवाई जाएगी। इस मौके पर डा. नकुल यादव, डा. ईशा फोगाट, डा. प्रियांशु, पंकज, डा. कर्णपाल मलिक सहित एंबुलेंस वैन का स्टाफ मौजूद रहा।


गुरुग्राम में पशु चिकित्सवा सेवा के लिए मिली मोबाइल एंबुलेंस को झंडी दिखाकर रवाना करते डीसी निशांत कुमार यादव।

# निर्माणाधीन मकान से गिरने पर 50 वर्षीय राज मिस्त्री की मौत

**सोहना।** निर्माणाधीन मकान की छत से गिरकर (50) राज मिस्त्री की मौत। जिसके शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल के शव गृह कक्ष में रखवा दिया है। बुधवार को शहर की चुंगी नंबर एक के पास मकान का निर्माण कार्य चल रहा है।जहां पर छत पर टाइल लगाने का काम चल रहा था। राजेंद्र(50) के साथ कुछ मिस्त्री मजदूर काम कर रहे थे। छत के उपरी हिस्से राज मिस्त्री मौजूद था। जहां से उसका पांव स्लिप हो गया वह गली में जाकर पड़ गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में उसे गुड़गांव में एक निजी अस्पताल में दाखिल कराया गया जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया राजस्थान के भरतपुर निवासी राजेन्द्र (50) राजमिस्त्री का कार्य करता था। राजमिस्त्री चुंगी एक पर एक निर्माणाधीन मकान की छत पर टाइल का कार्य कर रहा था। निर्माणाधीन मकान में करीब 30 फीट ऊंचाई टाइल लगा रहा था।



# सिधरावली कालेज में नशे के प्रति छात्रों को किया जागरूक

## डिप्टी सिविल सर्जन गुरुग्राम डॉ. केशव शर्मा ने दी अहम जानकारियां

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**राजकीय** महाविद्यालय सिधरावली में प्रिंसिपल डॉ. महाश्वेता यादव के सहयोग से एनएसएस के स्वयंसेवकों व अन्य छात्रों को सिविल सर्जन डॉ. वीरेंद्र यादव के मार्गदर्शन से टीबी, एचआईवी, टोबैको कंट्रोल, मेंटल हेल्थ और नशा मुक्ति पर जागरूक किया गया।

डिप्टी सिविल सर्जन गुरुग्राम डॉ. केशव शर्मा ने बताया कि टीबी अब लाइलाज बीमारी नहीं है। इसका इलाज संभव है। यह भी बताया कि एचआईवी से बचाव ही इलाज से बेहतर है।

यह भी बताया कि नशा मुक्ति एवं मानसिक बीमारी के इलाज के लिए फ्री सेवाएं पॉलीक्लिनिक सेक्टर-31 और सेक्टर-10 सरकारी अस्पताल में उपलब्ध है। यह प्रोग्राम एनएसएस इंचार्ज डॉ. योगेश सिंह और डा. नीरजा सिंह एवं डॉ. प्रवीण के सहयोग से जिला पीपीएम पूनम मेहरा और डीपीसी मनीषा चाहर द्वारा आयोजित किया गया।


सिधरावली कालेज में विद्यार्थियों को जागरुक करते डा. केशव शर्मा।

# सात पेटी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**फिरोजपुर झिरका।** शहर में लगातार अवैध शराब की बिक्री बढ़ती जा रही है जिस पर पुलिस द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर छापेमारी के दौरान एक स्विफ्ट कार से पुलिस ने सात पेटी शराब बरामद की। पुलिस ने मौके से आरोपी को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर में लंबे समय से अवैध रूप से शराब बेचने का कारोबार कई स्थानों पर किया जा रहा है। जिसकी सूचना पुलिस को मुखबिर खास द्वारा दी गई। पुलिस ने सूचना के आधार पर उक्त आरोपी को पकड़ने की योजना बनाई।

# निराश्रित बच्चों को मिलना चाहिए सरकार की योजनाओं का लाभ : प्रवीन जोशी

## हरियाणा बाल अधिकार संरक्षण आयोग की चेयरपर्सन ने किया बाल गृहों का निरीक्षण

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**हरियाणा** राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की चेयरपर्सन प्रवीन जोशी ने गुरुवार को गुरुग्राम के बाल सुधार गृहों का निरीक्षण किया। बच्चों के लालन-पालन की व्यवस्था व उनकी शिक्षा एवं सेहत के बारे में जानकारी ली।

चेयरपर्सन प्रवीन जोशी ने गुरुग्राम में लडक़े व लड़कियों के लिए अलग-अलग चलाए जा रहे उड़ान केयर होम का निरीक्षण किया। उन्होंने जिला बाल कल्याण परिषद के तत्वावधान में चलाई जा रही संस्था दी शेल्टर प्रोगेटो इंडिया का भी निरीक्षण किया।

इस अवसर पर प्रवीन जोशी ने कहा कि हरियाणा सरकार ने निराश्रित बच्चों की भलाई और उनकी शिक्षा के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाई हुई हैं। इन योजनाओं का लाभ बच्चों को मिलना चाहिए। इन सभी बच्चों के स्वास्थ्य की नियमित रूप से जांच करवाई जाए और जो भी दवाईयां या इंजेक्शन स्वास्थ्य विभाग की ओर से बच्चों को लगाए जाते हैं, वे समय पर दिए जाने चाहिए। इस अवसर पर चाइल्ड केयर होम के संचालक तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की कर्मचारी उपस्थित रहीं।


गुरुग्राम में बाल गृह के निरीक्षण के दौरान बच्चियों से बात करतीं हरियाणा बाल अधिकार संरक्षण आयोग की चेयरपर्सन प्रवीन जोशी।

# नियमित कॉलोनियों के प्रॉपर्टी धारक एनडीसी लेकर करवा सकते हैं रजिस्ट्री

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**नगर** निगम मानेसर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले नियमित कॉलोनियों के प्रॉपर्टी धारक अपने प्लांट का नो ड्यूज सर्टिफिकेट (एनडीसी) लेकर रजिस्ट्री करवा सकते हैं। प्रॉपर्टी धारक पोर्टल पर अपनी प्रॉपर्टी को स्वयं प्रमाणित करके एनडीसी ले सकते हैं।

आयुक्त अशोक कुमार गर्ग के अनुसार प्रदेश सरकार ने पिछले वर्ष 20 अगस्त को नगर निगम मानेसर की तीन कॉलोनी नामत- गांव वजीरपुर स्थित वजीरपुर एंक्लेव बी-44, गांव हयातपुर स्थित शहीद भगत सिंह कॉलोनी बी-34 और गांव भांगरौला स्थि बी-7 को नियमित किया था। सरकार की हिदायत अनुसार कॉलोनियों की प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री करवाने या मालिकाना हक पाने के लिए नगर निगम द्वारा प्रॉपर्टी आईडी अनिवार्य की गई है। प्रॉपर्टी आईडी न होने की सूरत में प्रॉपर्टी धारक अपनी प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री नहीं करवा पा रहे थे। अब इन कॉलोनियों के निवासी और प्रॉपर्टी धारक अपनी प्रॉपर्टी आईडी बनवाने के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्रॉपर्टी आईडी बनने के बाद उन्हें रजिस्ट्री करवाने में कोई परेशानी नहीं होगी। आयुक्त अशोक कुमार गर्ग ने कहा कि मानेसर नगर निगम क्षेत्र में सुविधाएं देने के लिए नगर निगम वचनबद्ध है, परंतु इन तीनों कॉलोनियों में मूलभूत सुविधाएं जैसे-पीने का पानी, सीवर, स्ट्रीट लाइट पक्की गलियां और सडक़ नगर निगम की प्राथमिकताओं में है।

# चुनाव प्रचार सामग्री में प्रकाशक व प्रकाशन करवाने वाले का उल्लेख होना जरूरी

## प्रिंटिंग प्रेस संचालक आचार संहिता की पालना करें सुनिश्चित

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**लोकसभा** चुनाव के दौरान सभी प्रकार की प्रचार सामग्री पर प्रकाशन करवाने वाले दल या व्यक्ति और प्रकाशक का नाम छापना जरूरी है। इस जानकारी के बिना चुनाव से संबंधित पंफलेट, पोस्टर, बैनर आदि प्रकाशित करना आचार संहिता का उल्लंघन माना जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने गुरुवार को बताया कि चुनाव के दौरान प्रिंटिंग प्रेस संचालकों के लिए नियमों की जानकारी दी गई है।

इन नियमों के अनुसार कोई भी प्रिंटिंग प्रैस संचालक बिना शपथ पत्र के चुनाव से संबंधित प्रचार सामग्री नहीं छाप सकता। इसके लिए उसे संबंधित उम्मीदवार से एक शपथ पत्र लेना है, जिस पर प्रचार सामग्री छपवाने वाले के हस्ताक्षर होंगे। साथ ही दो गवाहों के हस्ताक्षर पत्र पर होने जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि प्रिंटिंग के बाद प्रेस के मालिक को शपथ पत्र की प्रति और छापी गई प्रचार सामग्री की प्रतियां निर्वाचन विभाग के कार्यालय में भिजवानी होगी। उन्होंने कहा कि चुनाव से संबंधित पंफलेट व पोस्टर आदि प्रचार सामग्री संबंधित उम्मीदवार की सहमति से ही छाप सकते हैं।

उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने बताया कि चुनाव आयोग के निर्देशों के नियमों के अनुसार लोकसभा चुनाव के दौरान चुनाव से संबंधित किसी भी प्रकार की प्रचार सामग्री पर छपवाने व छापने वाले का नाम प्रकाशित होना जरूरी है। जिला के सभी प्रिंटिंग प्रैस संचालक चुनाव आयोग के नियमों की शत-प्रतिशत पालना करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि इन नियमों की अवहेलना करने वाले के खिलाफ निर्वाचन विभाग द्वारा कानूनी कार्यवाही की जा सकती है। इसलिए प्रिंटिंग प्रैस संचालक प्रकाशन सामग्री की जांच करने के उपरांत ही उसे प्रकाशित करने का निर्णय लें। इसमें किसी जाति, धर्म, भारतीय गणराज्य संघ, संविधान के प्रति आपत्तिजनक शब्द नहीं होने चाहिए।


डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी निशांत कुमार यादव।

## लद्दाख में तनाव

### राजनय को महत्व

**लद्दाख में तनाव** से समस्या समाधान में राजनय का महत्व बढ़ गया है क्योंकि टकराव इस क्षेत्र के लिए हानिकारक होगा। हालिया वर्षों में लद्दाख भारत, चीन और पाकिस्तान के बीच क्षेत्रीय नियंत्रण के कारण टकराव का बिंदु बन गया है। अतीत में हिमालय के इस क्षेत्र में व्यापक तनाव और सैनिक गतिरोध सामने आया था जिसके कारण शांति एवं स्थायित्व पर खतरा मंडराने लगा था। इस पृष्ठभूमि में भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सभी पक्षों के बीच रचनात्मक संवाद की आवश्यकता पर पुन: जोर दिया है। उनका कहना सही है क्योंकि इस क्षेत्र में तीन नाभिकीय आयुध संपन्न देशों के बीच टकराव हो सकता है। इससे इस क्षेत्र में दिलचस्पी रखने वाली दुनिया की अन्य महाशक्तियां भी सक्रिय हो सकती हैं। डा. जयशंकर की टिप्पणी एक मूलभूत यथार्थ रेखांकित करती है कि लद्दाख में व्याप्त तनाव से भारत या चीन का हित नहीं होता है। इसके बजाय इससे अविश्वास का दुष्चक्र पैदा होता है तथा तनाव बढ़ता है जो शांतिपूर्ण सहअस्तित्व और क्षेत्रीय समृद्धि को खतरे में डालता है। 2020 में गलवान घाटी में सैनिक टकराव से यथास्थिति भंग होने का खतरा पैदा हुआ था। इससे तनावों को घटाने और उनका प्रबंधन करने वाली प्रभावी व्यवस्थाओं की तत्काल आवश्यकता भी उजागर होती है। डा. जयशंकर के बयान में केन्द्रीय तत्व यह स्वीकारोक्ति है कि लद्दाख में तनाव घटाने के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता है जो परंपरागत सैनिक दृष्टिकोण से आगे जाता है। हालांकि, जीवन्त रक्षा ढांचा बनाए रखना राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए जरूरी है, पर टिकाऊ शांति के लिए संवाद, राजनय तथा क्षेत्रीय संप्रभुता के प्रति परस्पर सम्मान जरूरी है। पूरे परिप्रेक्ष्य में देखें तो लद्दाख विवाद का कारण ऐतिहासिक है जिसमें भारत और चीन के बीच 2,100 मील लंबी सीमा ठीक से निर्धारित न होना मुख्य है। सीमा



पर नदियों, झीलों तथा बर्फ से ढके स्थानों के कारण सीमारेखा बदल सकती है जिससे सैनिक अनेक स्थानों पर आमने सामने आ जाते हैं और इससे टकराव पैदा होता है।

भारत और चीन के बीच एलएसी वास्तविक सीमा है, पर इसे ठीक से निर्धारित नहीं किया गया है। इस परिदृश्य में गतिरोध तोड़ना तथा क्षेत्रीय सीमा निर्धारित करना आसान नहीं है। लद्दाख पर भारत का दृष्टिकोण उसकी व्यापक विदेश नीति लक्ष्यों के अनुरूप है जो संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता तथा विवादों के शांतिपूर्ण समाधान के प्रति प्रतिबद्धता पर आधारित हैं। संवाद और राजनय पर जोर दे कर भारत सभी पक्षों के बीच रचनात्मक संवाद का उपयुक्त माहौल बनाना चाहता है। भारतीय विदेश मंत्री की टिप्पणी में क्षेत्रीय मामलों में पाकिस्तानी भूमिका की आलोचना भी शामिल है। पाकिस्तान सीमापार से आतंकवाद को प्रोत्साहन देता है तथा उसकी अस्थिर करने वाली गतिविधियां क्षेत्रीय शांति एवं सुरक्षा के लिए व्यापक खतरा पैदा करती हैं। आतंकवाद के मुद्दे को संबोधित करना न केवल भारत और पाकिस्तान के बीच संबंध सामान्य बनाने की पूर्व शर्त है, बल्कि यह पूरे दक्षिण एशिया क्षेत्र में स्थिरता बढ़ाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय के जिम्मेदार सदस्य के रूप में भारत ने आतंकवाद को समाप्त करने के सुसंगठित प्रयासों की हमेशा पैरवी की है। विभिन्न पक्षों के बीच रचनात्मक संवाद तथा परस्पर सम्मान की पैरवी कर भारत ने इस क्षेत्र का स्थिर और समृद्ध भविष्य बनाने का मार्ग खोला है। ऐसे में सबको तार्किक स्वरों को महत्व देना चाहिए क्योंकि कोई भी नाभिकीय विस्फोटों की आवाज नहीं सुनना चाहता है।

# पेपर लीक व नकल की समस्या

विश्व मंच पर प्रशंसा के बावजूद भारतीय शिक्षा व्यवस्था को अनेक बड़ी बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है। इसमें परीक्षाओं में धोखाधड़ी खासकर चिन्ताजनक है।

**जे.एस. राजपूत**
(लेखक, सेवानिवृत्त प्रोफेसर हैं)





विश्व मंच पर प्रशंसा के बावजूद भारतीय शिक्षा व्यवस्था को शुरुआत से ही अनेक बड़ी बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है। इसमें परीक्षाओं में धोखाधड़ी खासकर चिन्ताजनक है। निकट अतीत पर नजर डालें तो स्पष्ट होगा कि स्वतंत्रता के बाद भारत ने अपनी यात्रा अत्यधिक कठिन स्थितियों में शुरू की थी। हालांकि, उस समय भी हमारे पास प्राचीन लोकतांत्रिक व्यवहारों की विरासत तथा सभी क्षेत्रों व विश्वासों के प्रति समान सम्मान की शक्ति थी। इसके कारण धीरे-धीरे भारत ने दुनिया के विभिन्न देशों के बीच अपना गरिमापूर्ण स्थान प्राप्त किया। पिछले दशक में भारत ने विश्व मंच पर अपने लिए व्यापक प्रशंसा प्राप्त की है तथा उसे अत्यधिक सम्मानजनक स्थान मिला है। भारत को लंबी गुलामी के बाद विरासत में जीर्ण-शीर्ण शिक्षा व्यवस्था मिली थी। उस समय भारत में साक्षरता दर लगभग केवल 18 प्रतिशत थी। विभाजन की विभीषिका, व्यापक गरीबी तथा खाद्य सुरक्षा की चुनौतीपूर्ण स्थितियों के साथ ही भारत को बाहरी सुरक्षा समस्याओं का सामना भी करना पड़ रहा था। हालांकि, इन सबके बावजूद भारत ने धीरे-धीरे अपने लोकतांत्रिक व्यवहारों को मजबूत किया तथा उन लोगों का ध्यान भी आकृष्ट किया जो भारत को एक 'राष्ट्र' मानने को तैयार नहीं थे।

ऐसे लोगों का कहना था कि स्वतंत्रता के बाद भारत का अस्तित्व समाप्त हो जाएगा। स्वतंत्रता के बाद भारत के शुरुआती नेताओं में मुख्यत: स्वतंत्रता सेनानी शामिल थे जिन्होंने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान भारत राष्ट्र के लिए महान बलिदान किए थे। इन स्वतंत्रता सेनानियों के नेतृत्व में भारत ने नए संस्थान गठित किए तथा अकादमिक व पेशेवर संस्थानों को मजबूत किया। संस्थानों और अवस्थापनाओं का निर्माण भविष्य को ध्यान में रख कर किया गया था। युवा स्नातकों द्वारा बनाए संस्थानों में अपनी गहन अंतर्दृष्टि से स्वयं को युवा पेशेवरों के लिए ऐसे समूहों के रूप में गठित किया जो विकसित देशों के सर्वोत्तम वैज्ञानिक शाध एवं तकनीकी संस्थानों के अनुरूप थे। इन युवा पेशेवरों ने संयुक्त राज्य अमेरिका की नेशनल एयरोनाटिक्स एंड स्पेस एजेंसी-नासा में अपनी बौद्धिक श्रेष्ठता स्थापित करने में सफलता पाई। इसके बाद भारतीय पेशेवरों ने व्यावहारिक रूप से 'सिलिकान वैली' पर एक प्रकार से 'कब्जा' कर लिया। उनकी इस उपलब्धि को विश्व स्तर पर बहुत लोकप्रियता प्राप्त हुई।

भारत ने अपनी पहली राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1968 में बनाई थी। इसके बाद 1986-92 में दूसरी राष्ट्रीय शिक्षा नीति बनाई गई। वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार गठित होने के बाद देश की शिक्षा व्यवस्था पर व्यापक रूप से ध्यान दिया गया। 4 साल तक राष्ट्रव्यापी गहन विचार-विमर्श के बाद राष्ट्रीय शिक्षा नीति-एनईपी 2020 को अंतिम रूप दिया गया तथा इसे देश को क्रियान्वयन के लिए सौंप दिया गया। इस नीति को अपनी गहन अंतर्दृष्टि तथा व्यावहारिक अनुमानों व यथार्थवादी लक्ष्यों के लिए दुनिया भर में प्रशंसा मिली। हालांकि, कुछ चिन्ताजनक स्थितियां अब भी बनी हुई हैं जो नीति के सहज क्रियान्वयन को खतरे में डाल सकती हैं। इनसे निपटने के लिए तत्काल प्रभावी समाधानों की जरूरत है। सभी लोगों को खासकर लगातार बढ़ती नकल और पेपर लीक की समस्या की चिन्ता है। मुझे अब भी बिहार स्कूल बोर्ड परीक्षा, 2016 में सर्वोच्च स्थान पाने वाली एक लड़की का बयान याद है, 'मैं केवल सेकेंड डिवीजन चाहती थी, लेकिन चाचा जी ने मुझे बोर्ड में टॉप करा दिया।' हरियाणा के नूह जिले से हाल में आई खबरों से स्पष्ट होता है कि हमारी व्यवस्था इस गलत व्यवहार के प्रति कितनी बेपरवाह, संवेदनहीन और अक्षम सिद्ध हुई है। इस तथ्य को कैसे अनदेखा किया जा सकता है कि हाल ही में उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा में 48 लाख से अधिक युवा उम्मीदवार शामिल हुए, लेकिन उनको यह देख कर झटका लगा कि पेपर लीक के कारण परीक्षा रद्द की गई थी। हालांकि, इसके बाद उत्तर प्रदेश की पुलिस व खुफिया एजेंसियों ने अनेक अपराधियों को गिरफ्तार किया है, लेकिन परीक्षाओं पर इसके दीर्घकालीन प्रभाव की प्रतीक्षा रहेगी। राजस्थान में भी हाल में अन्य के साथ 14 पुलिस सब-इंस्पेक्टरों को गिरफ्तार किया गया है क्योंकि उनकी भर्ती परीक्षा के दौना पेपर लीक व नकल के विस्तृत विवरण सामने आए थे।

राजस्थान में 2019 के बाद हर साल पेपर लीक के औसतन तीन मामले सामने आए हैं। पिछले पांच साल में 15 राज्यों में पेपर लीक मामलों के विश्लेषण से पता चलता है कि पेपर लीक के कारण 1.4 करोड़ युवाओं को परेशानियों का सामना करना पड़ा है। इस बारे में कोई विस्तृत विवरण उपलब्ध नहीं हैं कि कितने अपराधियों तथा माफिया सदस्यों को गिरफ्तार किया गया और उनको इस अपराध के लिए कितना कठोर दंड दिया गया।

खबरें हैं कि पिछले वर्षों में 'नकल माफिया' और 'पेपर लीक माफिया' ने स्वयं को इस सीमा तक मजबूत कर लिया है कि उनमें से कुछ लगातार इन आपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहते हैं। इससे स्पष्ट होता है कि या तो अवस्थापना की उनके साथ मिलीभगत है या वह उन एजेंसियों में भ्रष्टाचार रोकने में पूर्णत: अक्षम है जो ये परीक्षायें कराती हैं। यह गंभीर जांच का विषय है कि क्या स्कूल बोर्डों या भर्ती एजेंसियों द्वारा कराई गई किसी परीक्षा में पेपर लीक के जिम्मेदार वरिष्ठ अधिकारी को डंड दिया गया है। इस बात पर गौर किया जाना चाहिए कि व्यवस्था ने खामोशी के साथ इस फलते-फूलते आश्चर्यजनक व्यवहार को क्यों अनदेखा किया जिसमें बोर्ड परीक्षाओं और भर्ती परीक्षाओं में 'साल्वरों' का गठजोड़ काम करने लगता है। क्या किसी ऐसे डाक्टर की कल्पना की जा सकती है जिसने चिकित्सा क्षेत्र में प्रवेश लेने के इच्छुक छात्र के लिए 'साल्वर' का काम किया हो और इसके बावजूद वह डाक्टरी के पेशे में बना हुआ हो। शायद ऐसा केवल भारत में ही हो सकता है। हाल ही में केन्द्र सरकार ने इस संदर्भ में एक 'नोडल कानून' बनाया है। कुछ राज्य सरकारों ने भी नकल और पेपर लीक के खिलाफ कठोर कदम उठाने का वादा किया है। इस संबंध में पिछले रिकार्ड इतना निराशाजनक है कि अब लोगों का घोषणाओं और आश्वासनों पर कोई विश्वास नहीं रह गया है। यदि संबंधित एजेंसियां वास्तव में इन विकृतियों को समाप्त करने की इच्छुक होतीं तो वे कानून के वर्तमान प्राविधानों के अंतर्गत ही कठोर कार्रवाई कर सकती थीं। ऐसी आपराधिक घटनाओं में लिप्त पाए जाने वाले किसी अधिकारी को सस्पेंड करना या उसका तबादला करना अपराध की गंभीरता का मजाक उड़ाना है जो बार-बार किया जा रहा है। पेपर लीक व नकल के जिम्मेदार व इनमें संलिप्त रहने वाले अधिकारियों को आखिर एक-दो दिन में हटाने की कार्रवाई क्यों नहीं की जा सकती है?

इन समस्याओं से निपटने के लिए दीर्घकालीन सुधारों की अवश्यकता है और इनका संकेत राष्ट्रीय शिक्षा नीति एनईपी 2020 में किया गया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में जस्टिस जे.एस. वर्मा समिति की सिफारिशों का संदर्भ दिया गया है जो पहले 2012 में सामने आई थीं। जस्टिस जे.एस. वर्मा कमेटी रिपोर्ट में कहा गया था कि देश में 10,000 से अधिक शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान डिग्रियां बेच रहे हैं। इस विभीषिका की कल्पना करें जहां व्यवस्था में तथाकथित लाखों 'प्रशिक्षित' शिक्षक मौजूद हैं जिन्होंने अपनी डिग्रियां 'खरीदी' हैं। उनको कोई प्रशिक्षण नहीं मिला है और वे हमारे स्कूलों में नैतिकता और मूल्यों पर उपदेश दे रहे हैं। इसे देखते हुए देश को युद्धस्तर पर अपने शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों में सुधार करना चाहिए। ये संस्थान निवेश और लाभ कमाने का स्थान नहीं हैं। यदि एक बार गंभीर व प्रतिबद्ध शिक्षक-शिक्षकों द्वारा शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों में सही संस्कृति विकसित हो जाए तो यह स्कूलों तथा उसके बाद विभिन्न पेशों तक विस्तार प्राप्त कर लेगी।

यह समस्या से बाहर निकलने का एकमात्र रास्ता है। भारत अब अपने शिक्षकों, उनकी वास्तविक पेशेवर शिक्षा, निरन्तर उच्चीकरण तथा सेवा के दौरान प्रशिक्षण की अनदेखी नहीं कर सकता है। एक बार योग्य व प्रतिबद्ध शिक्षकों के मामले में यह स्थिति प्राप्त होने के बाद भविष्य में आशा की किरण हमारे सामने हो सकती है।

# सद्भाव के लिए सहिष्णुता आवश्यक

"हमारे जीवन में अधिकांश समस्याएं नैतिक, आध्यात्मिक या मानवीय मूल्यों की कमी या उल्लंघन के कारण उत्पन्न हुई हैं।"

**ब्रह्मकुमार निकुंज**
(लेखक, आध्यात्मिक उपदेशक हैं)



हाल ही में, कई लोगों में यह अहसास बढ़ रहा है कि हमारे जीवन में अधिकांश समस्याएं नैतिक, आध्यात्मिक या मानवीय मूल्यों की कमी या उल्लंघन के कारण उत्पन्न हुई हैं। अब यह भी महसूस किया जा रहा है कि हमारे अति-भौतिकवादी दृष्टिकोण, विशेषकर मशीनी संस्कृति के प्रति हमारी दीवानगी के कारण ही हमारी वर्तमान दुर्दशा हुई है। हमने धीरे-धीरे अपने जीवन का मानवीय पहलू खो दिया है और कमोबेश मशीनों की तरह बन गए हैं, जिसके परिणामस्वरूप हमारे जीवन में दोस्ती, साथी भावना और प्यार की भावना नहीं रह गई है।

नि:संदेह ऐसे कई मूल्य हैं जिनका हमें सामंजस्यपूर्ण और शांतिपूर्ण जीवन के लिए पालन करना चाहिए। उनमें से सहिष्णुता एक ऐसा मूल्य है, जो हमारे जीवन में बहुत कुछ बदल सकता है, बेशक सकारात्मक रूप से।

हमें जानना चाहिए कि हमारी कई परेशानियां, उथल-पुथल और आघात असहिष्णुता के कारण हैं। हालाँकि लोग इस तथ्य से अवगत हो गए हैं, फिर भी लोगों को इस मूल्य को विकसित करने के लिए शिक्षित करने की बहुत अधिक आवश्यकता है, जो खो जाने पर मानव व्यवहार को असभ्य और बर्बर बना देता है और किसी के पारिवारिक, पेशेवर और सामुदायिक जीवन को नरक बना देता है। जरा कल्पना करें, अगर किसी देश में असहिष्णु नेता हैं, तो वे अपने देश को बड़े संघर्षों और दंगों में डाल सकते हैं, या अपने देश को युद्ध में उलझा सकते हैं या इसे विघटन तक ले जा सकते हैं। क्योंकि, जब सहनशीलता खो जाती है, तो संयम भी खो जाता है और दोनों के खोने का अर्थ है मानसिक संतुलन, शांत निर्णय और संयम का नुकसान।



आज हम लोगों को धर्म के नाम पर लोगों की हत्या करते हुए देखते हैं, लेकिन क्या कभी किसी धर्म ने अपने अनुयायियों को निर्दोष लोगों की हत्या करना सिखाया है? मानव जाति या विभिन्न सभ्यताओं या राष्ट्रों के इतिहास इस सच्चाई के गवाह हैं कि संपत्ति का मूल्य अमूल्य और अनगिनत मात्रा में है, और पिछले 2000 वर्षों के दौरान असहिष्णुता के बूचड़खाने में लाखों लोग मारे गए हैं, जो असहिष्णुता से उत्पन्न हुआ है। आहत अहंकार, एक अधूरा स्वार्थी उद्देश्य या संकीर्णता जो विभिन्न विचारों, विभिन्न जीवन शैली, विभिन्न संस्कृतियों और विभिन्न स्वार्थों के अस्तित्व को बर्दाश्त नहीं कर सकती।

यदि केवल यह गुण, जिसे सहिष्णुता कहा जाता है, बरकरार रखा गया होता - सभी या कई अन्य गुण भी जीवित रहते, क्योंकि, जब सहिष्णुता खो जाती है, तो मनुष्य अपना धैर्य, आत्म-नियंत्रण, अहिंसा की भावना आदि खो देता है। इसलिए ऐसा नहीं है बहुत देर हो चुकी है, क्योंकि यदि अब भी जो लोग निर्दोष लोगों की निर्दयता से हत्या कर रहे हैं, वे इस गुण का पालन करना शुरू कर दें, जो वीरता और युद्ध के सभी हथियारों को एक साथ रखने से भी बड़ा है, तो मानव जाति को युद्धों, खूनी जातीय संघर्ष के संकट से बचाया जा सकता है। , सांप्रदायिक दंगे और संघर्ष।

सहिष्णुता एक गुण और ज्ञान का फल है जो तब आ सकती है और बनी रह सकती है अगर हम दृढ़ता से विश्वास करें कि सभी को अपनी संस्कृति, परंपरा या धर्म का आनंद लेते हुए शांति से रहने का बुनियादी अधिकार है।

यदि हम आत्म-धार्मिक प्रवृत्ति को अपनाते हैं और सोचते हैं कि हमारी अपनी संस्कृति और धर्म सभी में सर्वश्रेष्ठ हैं और दूसरों की मान्यताएं निम्न श्रेणी की हैं, तो हम संकीर्णता, घृणा और असहिष्णुता विकसित करते हैं, जिसके परिणामस्वरूप विभिन्न प्रकार के संघर्ष होते हैं। इसलिए, यदि हम शांति और सद्भाव चाहते हैं, तो हमें दूसरों का सम्मान करना सीखना होगा और सह-अस्तित्व के लिए उनके साथ खुद को समायोजित करना होगा। इसके साथ ही, हमें मित्रता या भाईचारे की भावना से दूसरों की कुछ गलतियों और कमियों को भूलना और माफ करना भी सीखना चाहिए, अन्यथा हमारे बीच सद्भावना, सौहार्द, सहयोग और शांति नहीं रह सकेगी।

अन्त में, यह पाया गया कि समाज में सहिष्णुता के प्रचार-प्रसार में शिक्षा, मीडिया और धर्म की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण हो जाती है। क्योंकि, जब तक शिक्षा मूल्य-आधारित नहीं होगी और मीडिया, विशेष रूप से इलेक्ट्रॉनिक और फिल्म मीडिया और धर्म सहिष्णुता, विनम्रता और पारस्परिक सम्मान जैसे मूल्यों के लिए जागरूकता पैदा करने में अपना योगदान नहीं देंगे, तब तक समाज में कोई शांति और सद्भाव नहीं होगा और न ही होगा। सहनशीलता हो, नम्रता हो या परिवार-प्रेम हो।

## आप की बात

### कांग्रेस की गारंटियां

**कांग्रेस** 30 लाख युवकों को रोजगार, प्रशिक्षुओं को 8500 प्रति माह, पेपर लीक से मुक्ति, व्यापार के लिए 5000 करोड़ का फंड बनाने आदि की गारंटियां दे चुकी है। अब उसने गरीब परिवार की एक महिला को सालाना एक लाख रुपये, नारियों को नियुक्तियों में आधा हक, हॉस्टल सुविधा, आंगनवाड़ी व आशा कार्यकर्ताओं के वेतन में दुगना सरकारी योगदान आदि की चुनावी घोषणा की है। शायद राहुल गांधी मोदी की पक्की गारंटी का मुकाबला करने के लिए गारंटियों का अंबार लगा रहे हैं। लेकिन विडंबना है कि कांग्रेस की खुद की सरकार बनने की गारंटी दूर-दूर तक दिखाई नहीं दे रही है। ऐसे में उसकी गारंटियां जनता के मनोरंजन का विषय बन गई हैं। कांग्रेस फिलहाल अपने सदस्यों की ही गारंटी नहीं ले पा रही है कि उनमें से कितने पार्टी में रहेंगे और कितने भाग जाएंगे। यदि अटल बिहारी वाजपेयी सरकार के 6 साल व मोदी सरकार के 10 साल हटा दिए जाएं तो कांग्रेस का ही देश में शासन रहा है। ऐसे में वह देश की बदहाली की सबसे ज्यादा जिम्मेदार है। कांग्रेस यह भी नहीं बता रही है कि आखिर ये गारंटियां पूरी करने के लिए पैसा कहां से आएगा? ऐसे में सत्ता के लिए तड़प रही कांग्रेस की गारंटियां जनता को भ्रमित करने की चाल और अपनी निराशा व्यक्त करने का माध्यम हैं।

- **शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

### सेमीकंडक्टर उत्पादन

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** ने 1.25 लाख करोड़ लागत वाली 3 सेमीकंडक्टर फैसिलिटी की नींव रखी। इसमें से दो गुजरात के तथा एक असम में स्थापित की जाएगी। इस आयोजन में सेमीकन्डक्टर क्षेत्र में अग्रणी ताइवान के कुछ गणमान्य भी वर्चुअली जुड़े थे। इन इकाइयों में 100 दिनों में उत्पादन शुरू हो जाएगा। इस पहल में टाटा समूह और ताइवान की प्रख्यात सेमी कन्डक्टर विनिर्माण कंपनी शामिल है। आज चीन और अमेरिका माइक्रोचिप क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। अमेरिका ने इस क्षेत्र में चीनी वर्चस्व घटाने के अनेक प्रयास किए हैं। भारत वर्तमान समय में सभी तरह के चिप्स का आयात करता है। सेमीकन्डक्टर के बिना वर्तमान तकनीकी युग की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने भाषण में उल्लेख किया कि सरकार ने केवल दो साल पहले इस दिशा में काम शुरू किया था। उन्होंने पिछली सरकारों की निष्क्रियता पर तंज भी किया जिन्होंने इस महत्वपूर्ण क्षेत्र की अनदेखी की थी। इस आयोजन में अनेक विश्वविद्यालयों और कालेजों के छात्र भी वर्चुअल माध्यम से जुड़े थे। निश्चित रूप से ऐसे आयोजन भारत के भविष्य तथा वर्तमान सरकार की कार्यक्षमता के बारे में युवाओं में विश्वास पैदा करते हैं।

**मंगल सिंह,** लखनऊ

### पानी का संकट

**बेंगलुरु** में जल-सप्लाई में कटौती शुरू होने जा रही है। गर्मियों के मौसम में जल-संकट का सामना करने वाले कर्नाटक में यह आश्चर्यजनक नहीं है। बहुत पहले से ही वहां इस संकट का आभास हो गया था। देश के कई बड़े शहरों, गांवों और कस्बों तक जल-संकट की आहट सुनाई देने लगी है। वैसे व्यापक रूप से देखा जाए तो जल संकट के लिए वे लोग भी काफी दोषी हैं जो पानी दुरुपयोग करते हैं। नलों में तो सीमित मात्रा में पानी आता है, लेकिन जिनके पास बोरवेल से पानी आता है वे इसका सर्वाधिक दुरुपयोग करते हैं। इस कारण अनेक बोरवेल सूख चुके हैं। जल स्तर लगातार गिर रहा है। इसके बाबजूद अनेक राज्य सरकारें व जनता बारिश के बेशकीमती पानी को संचित करने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखा रही है। यदि ऐसा ही चलता रहा तो अगले दशक तक सिर्फ पानी की तंगी के कारण लोगों को शहरों से पलायन करना होगा। ऐसे में सरकार को जल संग्रह के लिए युद्धस्तर पर योजना बनाकर बड़े शहरों से लेकर गांव तक खासकर वर्षा जल संचय के साधन उपलब्ध करवाने होंगे तथा इस बारे में जनता को जागरूक करना होगा। वाणिज्यिक रूप से जल प्रयोग करने वालों को इसका अधिक मूल्य चुकाने के कठोर कानून बनाने जरूरी हैं।

**सुभाष बुडावन वाला**, रतलाम

### सीएए पर प्रलाप

**सरकार** का हर निर्णय राष्ट्र हित और देश के बहुसंख्यक समुदाय के हित में होता है। लेकिन विपक्ष को उसमें ध्रुवीकरण और मुस्लिम-विरोध दिखाई पड़ता है। विपक्ष मुस्लिमों को भड़काने वाले बयान देकर देश की एकता और अखंडता को भी ख़तरे में डालने का पूरा प्रयास करता है। सीएए कानून किसी भी दृष्टि से मुस्लिम विरोधी नहीं है। पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफ़ग़ानिस्तान में प्रताड़ित हिन्दुओं, सिखों, पारसियों, बौद्धों व ईसाईयों के लिए भारत के अलावा कौन सा ऐसा देश है जो उनको सुरक्षा और शरण दे सके। मुस्लिम उलेमाओं के ये सवाल नितान्त अनुचित हैं कि इस कानून से मुस्लिमों को अलग रखना देश के धर्मनिरपेक्ष स्वरूप की अवमानना है। पड़ोसी तीनों देश इस्लामिक होने के कारण वहां मुस्लिम प्रताड़ित हो ही नहीं सकता है। इन देशों से भारत में घुसपैठ करने वाले मुस्लिम शरणार्थी नहीं हैं, बल्कि उनका उद्देश्य भारत की शान्ति, एकता-अखंडता को नुक़सान पहुंचाना, देश की जनसंख्या संरचना बदलना और गजवाये हिंद होता है। ऐसे अपराधी व दुष्ट तत्वों को भारत में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जा सकती है।

- **नरेन्द्र टोंक,** मेरठ

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

# युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों से सख्ती से निपट रही सरकार: योगी

## ● मुख्यमंत्री ने नव चयनित 39 एसडीएम, 41 डिप्टी एसपी व 16 कोषाधिकारी को वितरित किए नियुक्ति पत्र

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित 39 उपजिलाधिकारियों, 41 पुलिस उपाधीक्षकों एवं 16 कोषाधिकारी-लेखाधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किये। इस दौरान नवचयनित अभ्यर्थियों ने अपने अनुभव साझा किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब सरकार ईमानदारी के साथ काम करती है तो ओवरऑल परसेप्शन चेंज होता है। उन्होंने कहा कि पिछले 7 वर्षों में आपने देखा होगा कि जहां पहले प्रदेश के लोगों के सामने अपनी पहचान का संकट था। वहीं, आज वह सीना तान कर कहते हैं कि मैं उत्तर प्रदेश का हूं। यह सब सरकार के निर्णय के मेकैनिज्म से हुआ है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नवचयनितों को संबोधित करते हुए कहा कि उनके पास 30 से 35 वर्ष का समय जनता जनार्दन की सेवा करने का है। उनकी दुआएं लेने का है, ताकि अपने भविष्य को उज्जवल बना सकें। उन्होंने कहा कि पहली बार किसी आयोग और बोर्ड ने मात्र 9 माह में चयन की प्रक्रिया पूरी की है। इसमें न किसी की सिफारिश की जरूरत पड़ी और न कोई हस्तक्षेप हुआ। वहीं जिन लोगों ने परीक्षा की शुचिता से खिलवाड़ करने की कोशिश की, वह लोग उसका खामियाजा भुगत रहे हैं। उनकी प्रॉपर्टी जब्त कर ली गई, उनके घर पर रेड पड़ी। इतना ही नहीं सरकार तय कर चुकी है कि युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों के साथ सख्ती से निपटा जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारी कार्ययोजना का ही परिणाम है कि पिछले 7 वर्षों के अंदर करोड़ों युवाओं को नौकरी और रोजगार की सुविधा प्रदेश में उपलब्ध करायी गयी है। इसी का परिणाम है कि आज पर कैपिटा इनकम और प्रदेश की जीडीपी में इजाफा हुआ है। इतना ही नहीं यूपी देश की दूसरी बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरकर सामने आया है। यह तब होता है जब सरकार ईमानदारी के साथ कार्य करती है। उन्होंने कहा कि आपको गवर्नमेंट के इंजन के रूप में अपनी भूमिका का निर्वहन करना है।



मुख्यमंत्री ने रामलला के दरबार में नवाया शीश, हनुमानगढ़ी में टेका मत्था

### एसपी थानों की एक-एक गतिविधि को करें वॉच

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एक गरीब को न्याय देना हमारा दायित्व होना चाहिए। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ राजस्व संबंधी मामलों के निस्तारण में डिप्टी एसपी का अहम रोल होता है। ऐसे में उन्हे थाने जाकर वहां की एक-एक गतिविधियों को वॉच करना होगा।

## सपा और कांग्रेस न आस्था का सम्मान करते हैं, न आजीविका की व्यवस्था: सीएम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/अयोध्या

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को अयोध्या के राजकीय इंटर कॉलेज में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए सपा और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि सपा और कांग्रेस न आस्था का सम्मान करते हैं, न आजीविका की व्यवस्था कर सकते हैं। न तो गरीब को अन्न दे सकते हैं, न आवास, न दवाई, न पढ़ाई की व्यवस्था ही कर सकते हैं। न तो बेटियों और व्यापारियों को सुरक्षा ही दे सकते हैं। ऐसे में हमें भी इन्हें सिर पर बोझा बनाकर ढोने के लिए मजबूर नहीं होना चाहिए, इस बोझ को उतारकर देश से बाहर फेंक देना चाहिए। मुख्यमंत्री ने इस दौरान1,090 करोड़ की 411 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर पर सीएम योगी विराट किसान मेला एवं कृषि प्रदर्शनी के समापन समारोह में भी शामिल हुए। साथ ही विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र एवं चयन पत्र वितरित किया। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि 22 जनवरी से लेकर 10 मार्च तक 1 करोड़ श्रद्धालुओं ने प्रभु श्रीरामलला के दर्शन किये हैं। ये प्रभु की ही कृपा है कि चहुंओर शांति और सौहार्दपूर्ण तरीके से सुगम एवं सुरक्षित दर्शन-पूजन का कार्यक्रम चल रहा है। यही नहीं अयोध्या वासियों ने भी आतिथि सेवा का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया है।

## रामनवमी पर 24 घंटे हो श्रीरामलला का दर्शन-पूजन

**लखनऊ/ अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को रामनवमी और नवरात्रि की तैयारियों की समीक्षा की। अयोध्या में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर सीएम योगी ने नवरात्रि में अष्टमी, नवमी और दशमी को श्रीरामलला मंदिर में 24 घंटे दर्शन-पूजन की व्यवस्था करने के निर्देश दिये। उन्होंने इसके लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के सदस्यों से समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि इस अवधि में मंदिर के कपाट केवल विशेष पूजन अर्चन के दौरान ही बंद किये जाएं। मुख्यमंत्री ने रामनवमी के अवसर पर नगर में साफ सफाई, लोगों के पेयजल की व्यवस्था तथा गर्मी को देखते हुये श्रद्धालुओं के लिए परिवहन निगम एवं नगर विकास विभाग से समन्वय कर इलेक्ट्रिक बसों की व्यवस्था करने के निर्देश दिये।

# 70 प्रतिशत से अधिक मतदान कराए जाने का किया जाए प्रयास: नवदीप

## ● चुनाव कार्य में जुटे सभी अधिकारियों को मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने दिए विस्तृत दिशा निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**आगामी** लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने एवं अधिक से अधिक मतदान करने के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए गठित राज्य स्तरीय स्वीप कोर कमेटी की बैठक गुरुवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी उ.प्र. नवदीप रिणवा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों को सम्पादित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि स्वीप गतिविधियों को और तेजी से संचालित किया जाए, जिससे मतदाताओं को पंजीकरण तथा मतदान हेतु प्रेरित किया जा सके और प्रदेश में आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में प्रदेश का मतदान प्रतिशत 70 प्रतिशत से अधिक हो सके। वर्ष 2019 के लोकसभा निर्वाचन में यहाँ का मतदान प्रतिशत लगभग 59.11 था। उन्होंने कहा कि नागरिकों को मतदाता बनने से लेकर वोटर आईकार्ड में संशोधन करने की सुविधाएं आयोग की वेबसाइट एवं वोटर हेल्प लाइन एप के माध्यम से उपलब्ध करायी जा रही है। हेल्प लाईन 1950 का व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाए। सभी विभाग अपने वेबसाइट व पोर्टल पर मतदाता जागरूकता संबंधी स्लोगन, वीडियो, संदेश आदि प्रदर्शित करें। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा शिक्षा विभाग, डाक विभाग, इण्डियन बैंक एसोसिएशन के साथ एमओयू किया गया है, इन एमओयू के क्रम में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाकर अधिक से अधिक मतदाताओं को प्रेरित किया जाए। स्वीप गतिविधियों में आधुनिक तकनीकों का उपयोग कर प्रदेश भर में व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाय। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि उच्च व माध्यमिक शिक्षा विभाग प्रत्येक स्कूल व कॉलेज में निर्वाचक साक्षरता क्लब (ईएलसी) की क्रियाशीलता को सुनिश्चित करे। निर्वाचन प्रक्रियाओं पर शैक्षिक सामग्री का प्रचार-प्रसार कर स्वीप गतिविधियों का संचालन किया जाय। आवास विकास विभाग अपने अधीन समस्त सहकारी आवास समितियों और रेजिडेंट वेलफेयर सोसायटियों के माध्यम से, महिला कल्याण विभाग महिलाओं का मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु मतदाता जागरूकता कार्यक्रम गतिविधियां संचालित करते रहे। खाद्य एवं रसद विभाग, गैस एजेंसियों, पेट्रोल पंप और राशन की दुकानों के माध्यम से, एयरपोर्ट पर तथा रेलवे विभाग द्वारा रेलवे स्टेशन पर अनाउंसमेंट सिस्टम के माध्यम से मतदाता जागरूकता संबंधी प्रचार प्रसार किया जाय। उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग की बसों पर मतदाता जागरूकता से संबंधित पोस्टर व बैनर लगायें एवं स्थापित साउण्ड बाक्स पर अनाउंसमेंट सिस्टम के माध्यम से तथा नगर विकास विभाग द्वारा विभिन्न माध्यमों से जन जागरूकता का व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाए।

# विधान परिषद चुनाव में सभी 13 प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**विधान** परिषद सदस्य के 13 पदों के लिए नामांकन दाखिल करने वाले सभी 13 प्रत्याशियों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया। विधान परिषद द्विवार्षिक निर्वाचन-2024 में बृहस्पतिवार को नाम वापसी का अंतिम दिन था। समय सीमा समाप्त होने के उपरांत बृजभूषण दुबे रिटर्निंग आफिसर एवं विशेष सचिव विधान सभा द्वारा सभी 13 प्रत्याशियों को निर्विरोध निर्वाचित होने की घोषणा कर दी गई।

उल्लेखनीय है कि विधान परिषद सदस्य के 13 पदों के लिए भाजपा के सात और उसके सहयोगी दलों के तीन प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया था। इसके साथ ही समाजवादी पार्टी की ओर से भी तीन प्रत्याशियों ने पर्चा भरा था।

निर्वाचित प्रत्याशियों में भाजपा और उसके सहयोगी दलों के डॉ. महेन्द्र कुमार सिंह, विजय बहादुर, अशोक कटारिया, मोहित बेनीवाल, धर्मेन्द्र सिंह, राम तीर्थ सिंघल, संतोष सिंह, आशीष पटेल, योगेश चौधरी, विच्छे लाल राम और समाजवादी पार्टी के बलराम यादव, शाह आलम एवं किरणपाल कश्यप हैं। उक्त निर्विरोध निर्वाचित प्रत्याशियों को रिटर्निंग आफिसर एवं विशेष सचिव बृजभूषण दुबे द्वारा प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया।

## ओडिशा के श्रद्धालु ने योगी को भेंट की लकड़ी से निर्मित उनकी तस्वीर



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ अयोध्या

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ को ओडिशा के अरुण कुमार साहू ने गुरुवार को लकड़ी से निर्मित हनुमान चालीसा और मुख्यमंत्री की तस्वीर भेंट की। अरुण अपने हाथ से बनाई गई दोनों वुडेन आर्ट को लेकर अयोध्या पहुंचे थे। इस संबंध में राम मंदिर ट्रस्ट से जुड़े अनिल मिश्र ने बताया कि ओडिशा के रामभक्त अरुण खुद मुख्यमंत्री के पास नहीं पहुंच सके थे, इस वजह से उन्होंने बुधवार को ट्रस्ट को ये दोनों वुडेन आर्ट सौंपा था और इसे मुख्यमंत्री तक पहुंचाने की गुजारिश की थी। गुरुवार को मुख्यमंत्री के अयोध्या श्रीरामलला मंदिर पहुंचने पर ट्रस्ट के निवेदन पर मुख्यमंत्री ने सहर्ष अरुण की बनाई वुडेन आर्ट को स्वीकार किया और कलाकार के कृति की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए धन्यवाद दिया।

## राष्ट्रीय गौरव पार्टी ने कांग्रेस को दिया समर्थन



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**लोकसभा** चुनाव में राष्ट्रीय गौरव पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्याम नारायण उर्फ विशाल राजभर ने कांग्रेस पार्टी को अपना समर्थन घोषित किया। इस मौके पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि इस समय सभी लोकतंत्र में विश्वास रखने वाली सभी ताकतों को एकजुट होकर इस लड़ाई को लड़ना चाहिए। जातीय और धार्मिक विद्धेष फैला रही पार्टियों का बहिष्कार कर देश को संविधान सम्मत तरीके से चलाने की सोच रखने वाली पार्टियों को देश हित में एक हो जाना चाहिए। आज यह सोचने का समय नहीं किसको क्या मिलेगा। आज फायदा नुकसान सोचने का भी समय नहीं है। आज बात सिर्फ देशहित और संविधान हित की होनी चाहिए।

मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष श्रीवास्तव हिंदवी ने बताया कि इस मौके पर राष्ट्रीय गौरव पाटी के श्याम नारायण उर्फ विशाल राजभर ने कहा कि भाजपा के शासनकाल में दलितों के खिलाफ अपराध उत्तोरत्तर बढ़ोत्तरी पर हैं। सिर्फ चुनाव के समय उनके हितों की बात करने वाली भाजपा उनके अस्मिता तक की रक्षा नहीं कर पा रही है। सबको सम्मान दृष्टि से देखने वाले और समानता के सिद्धान्त को अक्षरश: पालन करने वाली कांग्रेस पार्टी की इस देश में दलितों और पिछड़ों की एकमात्र हितैषी है और हम इस चुनाव अपना पूर्ण समर्थन उसे घोषित करते हैं।

## एक दूसरे के पर्यायवाची बन गए हैं मंहगाई और भाजपा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि जबसे भाजपा सरकार सत्ता पर काबिज हुई है जनता तबसे मंहगाई की मार से बुरी तरह उत्पीड़ित हुई है। एक तरह से मंहगाई और भाजपा दोनों एक दूसरे के पर्यायवाची बन गए हैं। डीजल-पेट्रोल-बिजली से लेकर जनसामान्य के उपयोग में आने वाली सभी चीजें मंहगी हो गई हैं। इन दिनों जब रमजान का पवित्र माह चल रहा है और नवरात्र व्रत शुरू होने वाले है मंहगाई के असर से लोग विचलित होने लगे है।

अखिलेश ने कहा है कि खुद सरकारी आंकड़े बताते हैं कि इस वर्ष फरवरी में साल भर पहले के मुकाबले सब्जियों के भाव 30.25 प्रतिशत ऊपर रहे। दालों के दाम 18.9 प्रतिशत ऊपर रहे। मसालों के दाम 13.5 प्रतिशत ऊपर रहे। निश्चय ही इस मूल्य वृद्धि का फायदा पूंजी घरानों को होगा। त्योहारों के दिनों में भाजपा सरकार में जनता की लूट कुछ ज्यादा ही होती है। चूंकि बड़े थोक व्यापारी सब भाजपा के ही समर्थक हैं इसलिए सरकार उन्हें मुनाफा कमाने की खुली छूट दे देती है। मुख्यमंत्री को अपने पूंजीपति सहयोगियों की फिक्र रहती है, आम जनता की उन्हें क्यों परवाह हो? आजकल फल, दूध और मेवों के दाम आसमान छूने लगे है। रमजान के दिनो में फलो के साथ दूध और खोए से बनी मिठाइयों की ज्यादा मांग होती है। खजूर की इन दिनों विशेष मांग होती है किस्म के हिसाब से उसके अलग-अलग दाम बढ़ जाते हैं। नवरात्र के दिनों में भी इन वस्तुओं की मांग रहती है। बाजार में मंहगाई से लोग त्राहि-त्राहि करने लगे हैं। सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा नेतृत्व का काम जनता को बहकाना ही रहता है। अपने बयानो से वह लोगो को भ्रमित करते हैं और जब गरीबी, बेकारी, मंहगाई जैसे मुद्दे उभरने लगते हैं तो वह कोई न कोई नया राग छेड़ देते हैं।

## निर्विरोध एमएलसी निर्वाचित होने पर सपा के तीनों प्रत्याशियों को अखिलेश ने दी बधाई



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बृहस्पतिवार को समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय लखनऊ में पूर्व मंत्री बलराम यादव, शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली तथा किरण पाल कश्यप पूर्व मंत्री को राज्य विधान परिषद का निर्विरोध सदस्य निर्वाचित होने पर बधाई दी है। अखिलेश यादव ने कहा है कि समाजवादी विधान परिषद सदस्य उच्च सदन में लोकतंत्र की रक्षा के लिए, किसानों, नौजवानों के मुद्दों तथा सामाजिक न्याय की आवाज बुलन्द करेंगे। उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति गंभीर है। महिलाओ की सुरक्षा तथा सभी का सम्मान आदि मुद्दों को प्राथमिकता से उठाया जाएगा।

## तीस लाख की धोखाधड़ी में फरार चल रहा अभियुक्त बस्ती से गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**यूपी** एसटीएफ एवं महाराष्ट्र पुलिस की संयुक्त टीम को पालघर, महाराष्ट्र में वाहन चालक का कार्य करते हुए बेस ऑयल मूल्य तीस लाख रुपए को अवैध रूप से दलालों के माध्यम से विक्रय कर, लगातार फरार चल रहे अभियुक्त संतोष को जनपद बस्ती से गिरफ्तार किया है।

जीओसी पेट्रो केमिकल प्राइवेट लिमिटेड, सिलवासा के द्वारा रोजरी बायोटेक लिमिटेड, महाराष्ट्र बेस ऑइल का आर्डर दिया गया था। उक्त बेस ऑइल की कीमत 300000 थी। उक्त बेस ऑयल को ले आने का कार्य विक्रान्त रोडवेज, महाराष्ट्र को सौंपा गया था। विक्रान्त रोडवेज के माध्यम से बेस ऑयल ले जाने वाले ट्रक को चालक बृजेश एवं संतोष के साथ भेजा गया, चालक बृजेश एवं संतोष द्वारा दलाल शरतउल्ला खां, भिवंडी महाराष्ट्र के साथ मिलकर पूरे माल (बेस ऑयल) को बिक्रय कर पैसा लेकर फरार हो गए। उक्त प्रकरण में थाना नयागॉव, जिला पालघर में पंजीकृत किया गया। प्रकरण में पूर्व में दलाल शरतउल्ला खां को गिरफ्तार किया जा चुका है। चालक बृजेश एवं संतोष लगातार पुलिस को चकमा देकर फरार रहे।

# टूर व ट्रेवेल व्यवसायियों को अब पर्यटन विभाग में कराना होगा पंजीकरण

## ● पर्यटकों और व्यवसायियों की सुविधा को देखते हुए पर्यटन विभाग ने लिया महत्वपूर्ण निर्णय

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश में टूर एवं ट्रेवल व्यवसाय करने वालों को कतिपय शर्तों के साथ पर्यटन विभाग में पंजीकरण कराना होगा। व्यवसायियों तथा पर्यटकों के हित में दूरगामी निर्णय लेते हुए पर्यटन विभाग ने दो श्रेणियों में पंजीकरण के लिए शर्तें निर्धारित की हैं। यह पंजीकरण 1ए और 1बी श्रेणी में होगा। पर्यटन विभाग में पहले टूर एवं ट्रेवेल्स आपरेटर का विवरण नहीं था। इसलिए उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा था। पंजीकरण के बाद पर्यटन नीति-2022 के तहत भविष्य में इन्हें आर्थिक लाभ भी प्राप्त होगा और दूसरे राज्यों और दूसरे देशों में पर्यटन के स्टालों पर अपना प्रचार प्रसार भी कर सकेंगे।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह न बताया कि फिलहाल दो श्रेणियों 1ए और 1बी में रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है। 1 ए में स्टार्टअप और 1बी में अनुभव श्रेणी में पंजीकरण की व्यवस्था है। स्टार्टअप में पंजीकरण के लिए टूर-ट्रेवेल आपरेटर या उनके स्टाफ के पास पर्यटन में डिग्री, डिप्लोमा या पर्यटन क्षेत्र में काम करने का दो वर्ष का अनुभव होना चाहिए। यूपी में जीएसटी रजिस्ट्रेशन होनी चाहिए। अगर कार्यालय है तो ठीक वर्ना घर से भी कार्य किया जा सकता है। इनकी पंजीकरण फीस एक हजार रुपए है। शर्तें पूरी होने पर उत्तर प्रदेश पर्यटन तीन वर्ष के लिए प्रमाण पत्र देंगा।

जयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश पर्यटन के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण राज्य है। यहां टूर-ट्रेवेल का बड़ा व्यवसाय है। बड़ी संख्या में पर्यटक इस पर निर्भर हैं। पर्यटन विभाग में पहले इन आपरेटर्स का पंजीकरण नहीं था। कभी-कभी असुविधाओं का सामना करना पड़ता था। इसी समस्या को दूर करने के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू कराया गया है। अब तक 62 रजिस्ट्रेशन कराए जा चुके हैं। अनुभव श्रेणी में पंजीकरण के लिए प्रति वर्ष 10 लाख से ज्यादा का टर्नओवर, पर्यटन में डिग्री या डिप्लोमा, यूपी में जीएसटी रजिस्ट्रेशन और यूपी में कार्यालय होना चाहिए। ढाई हजार रुपये रजिस्ट्रेशन फीस देनी होगी। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा अनुभव श्रेणी में पांच वर्ष के लिए प्रमाण पत्र दिया जायेगा। जयवीर सिंह ने बताया कि पर्यटकों को सुरक्षा के साथ-साथ उच्च कोटि की सुविधाएं मिलेंगी, साथ ही व्यवसायियों को भी विभाग की ओर से दिए जाने वाले समस्त लाभ भी प्राप्त होंगे। पर्यटकों की सुविधा को देखते हुए यह कदम उठाया गया है, ताकि लोग उचित पैकेज दर पर सुरक्षित और आनंददायक भ्रमण कर सकें। खास बात यह कि पंजीकरण में आपरेटर्स की सुविधाओं का भी विशेष ख्याल रखा गया हैं। इसलिए दो श्रेणियों 1ए और 1बी में रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है। इससे सबसे बड़ा लाभ जो व्यावसायियों को मिलेगा। विभाग में पंजीकरण हो जाएगा तो उत्तर प्रदेश पर्यटन नीति के तहत वित्तीय लाभ मिलेगा, साथ ही देश-दुनिया में प्रचार-प्रसार का मौका मिलेगा।

### यात्रियों की सुगमता के लिए होली पर 22 से 1 अप्रैल तक चलाई जाएंगी अतिरिक्त बसें

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**परिवहन** राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने होली के पर्व पर अत्यधिक बसों की व्यवस्था कराने एवं प्रोत्साहन योजना के संबंध में निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि होली पर्व से कुछ दिन पूर्व एवं इसके बाद तक देश एवं प्रदेश के अन्य हिस्सों से अपने घर लोग पर्व मनाने जाते हैं। 22 मार्च से 1 अप्रैल तक अतिरिक्त बसों की सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जिससे कि यात्रियों को होली पर्व के दौरान यात्रा में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। परिवहन मंत्री ने कहा कि गाजियाबाद/दिल्ली एवं पश्चिमी क्षेत्रों से लोग ज्यादा यात्रा करते हैं, जिसके दृष्टिगत इन क्षेत्रों में बसों एवं कर्मचारियों की संख्या आवश्यकतानुसार निर्धारित करते हुए पहले से ही तैयारी कर ली जाए। उन्होंने कहा कि प्रारम्भिक प्वाइंट से 60 प्रतिशत यात्री लोड मिलता है तो सभी पूर्वी क्षेत्र के अधिकारी होली पर्व अवधि में अतिरिक्त सेवाओं के संचालन की व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शत-प्रतिशत निगम बसों को आनरोड किया जाए व निरन्तर चलाये जाने की व्यवस्था यथा आवश्यतानुसार सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि पर्व अवधि में अनुबंधित बसों को अवकाश न दिया जाए। वाहन स्वामी अपने वाहनों की मरम्मत कार्य कराकर संचालन के लिए अपनी बसें उपलब्ध कराएं। परिवहन मंत्री ने निर्देश दिए कि जाम/दुर्घटना के फलस्वरूप अवरूद्ध संचालन को क्षेत्रीय प्रबंधक सुचारू बनाए रखने की तैयारी कर लें।

# प्रदेश में ई-ऑटो रिक्शा की ड्राइविंग सीट संभालेंगी महिलाएं

## ● बैंक फाइनेंस के अलावा ई-ऑटो रिक्शा पर 50 हजार तक की सब्सिडी का भी मिल रहा लाभ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**रोडवेज** बसों के बाद अब उत्तर प्रदेश की महिलाएं आम पब्लिक ट्रांसपोर्ट की भी ड्राइविंग सीट पर नजर आने वाली हैं। प्रदेश की महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के साथ-साथ आत्मनिर्भर बनाने के मिशन में जुटी योगी सरकार मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को स्वरोजगार उन्मुख ई रिक्शा प्रशिक्षण कार्यक्रम से जोड़ रही है। इसके माध्यम से सरकार न सिर्फ महिलाओं को निशुल्क ई रिक्शा प्रशिक्षण दिला रही है, बल्कि ड्राइविंग लाइसेंस के साथ ही सस्ती ब्याज दरों पर ई रिक्शा दिलाने का भी प्रबंध कर रही है। यही नहीं, ई रिक्शा पर 50 हजार रुपए तक की सब्सिडी भी प्रदान की जा रही है। प्रत्येक जनपद से 250 महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सरकार की इस पहल से अब प्रदेश भर में सड़क पर प्रशिक्षित महिला ड्राइवर्स उच्च गुणवत्ता वाले ई रिक्शा चलाती नजर आएंगी। इससे उनकी आय का प्रबंध भी होगा और रोड एक्सीडेंट जैसी घटनाओं पर भी अंकुश लगेगा।

यूपीकॉन के एमडी प्रवीण सिंह ने बताया कि मिशन शक्ति योजना के अंतर्गत ई रिक्शा प्रशिक्षण कार्यक्रम एमएसएमई विभाग द्वारा संचालित एवं यूपीकॉन द्वारा क्रियान्वित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत प्रत्येक जनपद से एक हजार महिलाओं को प्रशिक्षित किए जाने का लक्ष्य है। मिशन शक्ति के तहत दो पार्ट में ट्रेनिंग आयोजित की गई है। पहले चरण में 56200 महिलाओं (प्रति जनपद 750) को 6 दिन का प्रशिक्षण दिया गया था। इसमें तीन दिन महिलाओं के वर्क प्लेस से संबंधी सेफ्टी, सिक्योरिटी, और सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग दी गई थी। इसके बाद तीन दिन उनको उद्यमिता विकास की ट्रेनिंग कराई गई थी। फेज 2 में 250 महिलाएं प्रति जनपद के हिसाब से 18750 महिलाओं को ई रिक्शा ट्रेनिंग दी जा रही है। ड्राइविंग डोमेन में स्वरोजगार उन्मुख प्रशिक्षण की अवधि 6 माह की है। प्रशिक्षण के लिए महिलाओं का चयन मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना की गाइडलाइंस के तहत किया जा रहा है। इसमें 10वीं पास 18 से 40 वर्ष की महिलाएं पात्र हैं। साथ ही उनके पास आधार और पैन कार्ड होना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि यह एक लाइवलीहुड प्रोग्राम है। इसके तहत हमने 250 महिलाएं प्रति जनपद का लक्ष्य निर्धारित किया है। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत 250 महिलाओं का चयन करेंगे और फिर उनको ई रिक्शा स्वरोजगार उन्मुख करेंगे। चयन के बाद महिलाओं को ट्रेनिंग दी जा रही है। इसमें क्लास रूम ट्रेनिंग भी है जिसमें उन्हें ई रिक्शा और ड्राइविंग रूल्स के विषय में बताया जा रहा है। इसके बाद उनको प्रैक्टिकली ई रिक्शा चलाना सिखाया जा रहा है। महिलाओं को ई रिक्शा की पिंक ड्रेस भी दे रहे हैं एवं सेफ्टी किट और स्टेशनरी किट भी प्रदान की जा रही है। इसके बाद महिलाओं को आरटीओ के सहयोग से ड्राइविंग लाइसेंस भी दिलाने में मदद की जा रही है। फाइनली उनको बैंक तक ले जाने का प्रॉसेस भी हम करा रहे हैं। इसमें सुनिश्चित किया जा रहा है कि मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना का जो लाभ है वो महिलाओं को मिल सके, जिसमें बैंक से आसान लोन भी शामिल है। प्रवीण सिंह ने बताया कि योजना के तहत ई रिक्शा की स्टैंडर्ड कॉस्ट 1.98 लाख रुपए निर्धारित की गई है। हमने जेम पोर्टल के माध्यम से ई रिक्शा कंपनीज का चयन किया है। ये कंपनियां लिथियम आयन बैटरी वाले ई रिक्शा बनाती हैं जो सबसे उच्चतम क्वालिटी के होते हैं। 1.98 हजार में योजना के अंतर्गत योग्य पाई जाने वाली महिलाओं को मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत 49 हजार 500 रुपए की सब्सिडी मिलेगी। बाकी जो पैसा है उसको नेशनलाइज बैंक से फाइनेंस कराने का प्रयास किया जाएगा।

# परंपरा का निर्वाह कर भाईचारे के बीच मनाएं सभी पर्व: डीएम

## शांति व्यवस्था के लिए पुलिस का सहयोग करें आमजन: एसपी

**संवाददाता।** फतेहपुर



**आगामी** त्योहारों होली, चैत्र नवरात्रि, ईदुल फितर (ईद) पर्व को दृष्टिगत रखते हुए आपसी भाईचारा, सौहार्दपूर्ण एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु पीस कमेटी की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी सी. इंदुमती, पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह के संयुक्त तत्वाधान में संपन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने तहसील व थाना क्षेत्रों से आए शांति समिति के सदस्यों एवं संभ्रान्त व्यक्तियों को पर्वों की बधाई देते हुए कहा कि जनपद में विभिन्न समुदाय के त्योहारो को शांतिपूर्ण एवं एक दूसरे की भावनाओं की कद्र करते हुए मिलजुल कर मनाए जाने की परम्परा रही है उसी परंपरा का निर्वहन करते हुए हम सब इस बार भी सभी त्यौहारो को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित तरीके से आम जनमानस की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखाकर मनाए। उन्होंने कहा कि त्योहारों के दौरान सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था का पालन सुनिश्चित करने हेतु पुलिस एवं प्रशासन पूरी तरह से प्रतिबद्ध है और त्योहारों को सकुशल संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं बिजली, पानी, साफ सफाई आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कराने हेतु संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये।

समिति के सदस्यों एवं संभ्रांत नागरिकों से प्राप्त शिकायतों एवं समस्याओं का तत्काल समाधान किया जाए। त्योहारों में साफसफाई का विशेष ध्यान दिया जाये इसके लिए शहरी क्षेत्र में ईओ व ग्रामीण क्षेत्रों में जिला पंचायत राज अधिकारी अभियान के रूप में कार्य करे। साथ ही होलिका दहन वाले स्थान पर साफसफाई और चूना का छिड़काव करा दे। एंटीलार्वा, फागिंग कराने के निर्देश संबंधितों को दिए। उन्होंने कहा कि आवश्यकतानुसार चयनित स्थलों पर जलापूर्ति के लिए पानी के टैंकर लगाएं। सभी सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रोस्टर बनाकर चिकित्सकों व कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने के लिए समस्त उप जिलाधिकारी अपने अपने चिकित्सा प्रभारियों से समन्वय बनाकर कार्य करे, ताकि नागरिकों को स्वास्थ्य सुविधाएं मिलने में कोई समस्या न हो।

उप जिलाधिकारी और पुलिस क्षेत्राधिकारी आपस में समन्वय बनाकर शांतिपूर्ण ढंग से त्योहारों को संपन्न कराए। पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था के दृष्टिगत त्यौहारों के दौरान चाक-चौबंद पुलिस व्यवस्था का आश्वासन देते हुए कहा कि त्योहारो को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद रहेगी।

फिर भी उन्होंने स्थानीय लोगों से इस व्यवस्था में पुलिस का सहयोग करने की अपील किया। सुरक्षा व्यवस्था से संबंधित किसी भी आशंका की स्थिति में वे स्थानीय पुलिस चौकी, थाने अथवा सीधा उनसे संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व में विवादित होलिका दहन वाले स्थलो में जन सहभागिता से सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाय।

होलिका दहन वाले स्थानों में यदि विद्युत तार आते है तो तार वाले क्षेत्र को छोड़कर दूसरी जगह होलिका दहन करें।

# निर्माण एवं विध्वंस सामग्री सड़क पर लगाने वालों को भुगतना होगा जुर्माना

## ईओ ने एनजीटी की गाइडलाइन का हवाला देते हुये चेताया

**संवाददाता।** गुरसहायगंज, कन्नौज



**अपने** निर्धारित रोस्टर के अनुसार ईओ अनिल पंडित ने पालिका कर्मियों के साथ नगर के वार्ड संख्या 07 में पैदल भ्रमण कर जहां एकओर स्वच्छता एवं जलकल व्यवस्था निरीक्षण किया वही दूसरी ओर निर्माण एवं विध्वंस सामग्री को रोड पर रखने वालों को चेताया।

गुरूवार को मोहल्ला अफसरी के वार्ड नं0-07 अम्बेडकर नगर में अधिषासी अधिकारी अनिल पंडित ने निरीक्षण किया। इससे पूर्व बुधवार को जिला स्तर पर आयोजित जिला पर्यावरण समिति में जिलाधिकारी द्वारा दिये गये निर्देषों के अनुपालन में निरीक्षण का प्रमुख बिन्दु सड़क पर रखे हुये निर्माण एवं विध्वंस सामग्री को निर्धारित किया गया था। निरीक्षण दौरान तीन स्थलों पर निर्माण/विध्वंस वेस्ट पाया गया। ईओ द्वारा सम्बन्धित भवन स्वामी को एनजीटी की गाइडलाइन के अनुसार 50 हजार तक का जुर्माना व सामग्री जब्त किये जाने की चेतावनी दी। बताया कि पालिका द्वारा सीएण्डडी वेस्ट कलेक्शन वाहन लगाया गया है एवं मोहल्ला रामकृष्ण नगर में सीएण्डडी संग्रहण सेण्टर भी बनाया गया है जहां पर पालिका समय-समय पर सीएण्डडी वेस्ट को जब्त कर जमा करती है। जिसका प्रयोग पालिका द्वारा बनाई जा रही सड़कों के निर्माण एवं गड्ढामुक्ति में किया जाता है।

निरीक्षण दौरान प्रधान लिपिक आरपी सिंह, जिलेदार सिंह, संजीव सिंह, प्रसन्नजीत मिश्रा, मनोज तिवारी, अशोक शर्मा, शिवशंकर तिवारी, अशोक बाल्मीकि, जीशान आलम, पूरन सिंह, आकाश सक्सेना मौजूद रहे।

# प्रदेश में खीरी लोकसभा की जीत का रिकार्ड बने: वासुदेव मौर्य



**निघासन, खीरी।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन ब्लाक सभागार में आयोजित किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में आए जिला प्रभारी वासुदेव मौर्य जी व विशिष्ट अतिथि के रूप क्षेत्रीय विधायक पटेल शशांक वर्मा ने मिशन 2024 को लेकर कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।जिला प्रभारी संबोधित करते हुए कहा कि विधानसभा से सर्वाधिक जीत के लिए कहा।

जीत के लिए इस लोकसभा का जीत का इतना अन्तर हो कि पूरे प्रदेश में रिकार्ड बने। कार्यकर्ताओं से कहा कि सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों की जानकारी घर घर पहुंचे। इस बैठक में भाजपा विधानसभा निघासन प्रभारी निघासन अरविन्द गुप्ता जी ने भी संगठन को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की। विधानसभा संयोजक भाजपा निघासन दयाशंकर मौर्य ने भी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि पूरी लोकसभा में सबसे ज्यादा जीत का अन्तर पहले से अधिक हो और पूरे प्रदेश में रिकार्ड मतों से खीरी लोकसभा को जिताना है। और कहा कि कार्यकर्ता घर घर जाकर सरकार की योजनाओं के बारे में जनता को बताएं।

# अग्निकांड में दो की मौत, तीन झुलसे डीएम-एसपी ने मौके पर पहुंच जाना हाल

## थाना खीरी क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रुद्रपुर की है घटना

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



14.03.2024 को जिलाधिकारी महेन्द्र बहादुर सिंह एवं पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा द्वारा दिनांक दिनांक 13/14.03.2024 की रात्रि को थाना खीरी क्षेत्रांतर्गत ग्राम रुद्रपुर में लगी आग के पीड़ितों से मिलकर उनका हाल जाना गया तथा तात्कालिक रूप से मौके पर पीड़ितों को दैनिक मूलभूत आवश्यकताओं वस्तुये वितरित की गई एवं आग से हुयी क्षति का मुल्यांकन करके नियमानुसार आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

दिनांक 13/14.03.2024 की रात्रि को थाना खीरी क्षेत्रांतर्गत ग्राम रुद्रपुर में आग लग गयी थी , जिससे 05 घर जल गए, आग लगने से एक परिवार के 5 लोग सोते समय झुलस गये, जिसमे से 1 बच्चे की मौके पर मृत्यु हो गई तथा 04 अन्य आग की चपेट में झुलस गये। पुलिस अधीक्षक खीरी के निर्देशन में थाना खीरी पुलिस एवं फायर ब्रिगेड की टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुँचकर आग पर काबू पाया गया तथा आग बुझा दी गयी। घायलों को तत्काल पुलिस की सहायता से जिला अस्पताल मोतीपुर ओयल भर्ती कराया गया।

जहां उनका प्राथमिक उपचार हुआ, प्राथमिक उपचार के बाद तत्काल पिता व पुत्री 02 लोगों के अत्यधिक जल जाने के कारण केजीएमयू लखनऊ रेफर किया गया, जहां पर एक बच्ची की मृत्यु हो गई। एक अन्य घायल महिला को आज सुबह लखनऊ रेफर किया गया है। जो अभी सुरक्षित है पुलिस व प्रशासन द्वारा पीड़ितों को हर सम्भव मदद पहुंचाई जा रही है।

# पांच खंभों के तार काटकर ले गए चोर, बिजली बाधित

**मितौली, खीरी।** तमाम जागरूकता और नियमों के बावजूद ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली तार चोरी होने की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रहीं। कुछ ऐसा ही नज़ारा देखने को मिला मितौली क्षेत्र के दो गावों में। हद तो यह हो गयी कि चोरों ने उन खम्भों के तार काट लिए जहां से नवोदय विद्यालय के लिए सप्लाई जाती थी। ग्रामीणों द्वारा बिजली महकमे को सूचना दे दी गयी है। जानकारी के अनुसार मितौली थाना क्षेत्र के ग्राम बबौना और कुम्बाहिया गाँव से होते हुए बिजली के तार नवोदय विद्यालय तक गए हैं। इन्ही तारों के सहारे स्कूल की बिजली सप्लाई चलती है। बुधवा रबृहस्पतवार की रात चोर पांच खम्भों से बिजली के तार काट ले गए। जिसके बाद क्षेत्र की बिजली सप्लाई बाधित हो गयी। तार चोरी करने के बाद पूरी रात लाइट नहीं आई। सुबह जब लोगों ने देखा तब उन्हें माज़रा पता चला। ग्रामीणों ने बताया कि यह कारस्तानी क्षेत्र के ही चोरो ने अंजाम दी है। यह वह लोग हैं जो जुआ, शराब, गांजे के आदि हैं।

## क्विक न्यूज

### ओलावृष्टि की भरपायी के लिये मिले 32 करोड़ 39 लाख

**हमीरपुर।** पिछले दिनों असमायिक वर्षा व ओलावृष्टि से हुये नुकसान से शासन ने 18 हजार प्रभावित किसानों के लिये 23 करोड़ 39 लाख रुपये की सहायता राशि भेजी है। ओलावृष्टि से नुकसान केवल हमीरपुर तहसील में 33 फीसदी से अधिक हुई है। मौदहा के केवल दो गांव ही प्रभावित हुये है। जानकारी के मुताबिक पिछले दिनों जिले में दो दिन तक हुई ओलावृष्टि से हमीरपुर तहसील के 52 गांवों के करीब 18 हजार किसानों की करीब 15 हजार हेक्टेअर फसल प्रभावित हुई थी। शासन ने इस नुकसान की भरपायी के लिये सिंचित भूमि में 17 हजार रुपये प्रति हेक्टेअर व असिंचित के लिये 85 सौ रुपये प्रति हेक्टेअर सहायता राशि देने का फैसला किया है। शासन से 23 करोड़ 39 लाख दस हजार 370 रुपये की सहायता राशि आ चुकी है। आपदा विशेषज्ञ प्रियेश रंजन मालवीय ने बताया कि सहायता राशि किसानों को वितरित की जा रही है। इस साल ओला वृष्टि सबसे ज्यादा हुई है। तीन साल से ओलावृष्टि सबसे ज्यादा हुई है। दो साल पहले राठ,सरीला के किसान दैवीय आपदा से प्रभावित होते थे इस साल हमीरपुर तहसील के किसान सर्वाधिक प्रभावित हुये है।

### पैरामिलिट्री फोर्स और पुलिस ने किया फ्लैग मार्च



**संडीला, हरदोई।** आसन्न लोकसभा चुनाव के मद्देनज़र नगर में शांति व्यवस्था के प्रति लोगों का विश्वास बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्स के जवानों ने फ़्लैग मार्च किया। पुलिस उपाधीक्षक शिल्पा कुमारी के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक बीजेन्द्र सिंह तथा विभिन्न चौकी प्रभारियों के साथ नगर के विभिन्न मार्गों में फ़्लैग मार्च शुरू किया गया। एसआई वीरप्रताप सिंह के नेतृत्व में नहर कोठी से लखनऊ रोड, एसआई सुरेन्द्र मिश्रा के नेतृत्व में शोरा कोठी से इमाम चौक लेबर मण्डी, एसआई मुकुल दुबे के नेतृत्व में इमलियाबाग से बेनीगंज रोड, एसआई अरविंद कुमार के नेतृत्व में उखईखेड़ा एसआई बिजेन्द्र सिंह के नेतृत्व में गदौरा रोड से टिकरा बरार तथा प्रभारी निरीक्षक बीजेन्द्र सिंह के नेतृत्व में फ़ोर्स ने नगर में फ़्लैग मार्च किया।

# अंजू प्रजापति बनीं भाकियू लोकशक्ति की जिलाध्यक्ष



**फतेहपुर।** भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति की मासिक बैठक में जहां किसानों की समस्याओं पर चर्चा की गई, वहीं कई पदों पर मनोनयन किए गए। सभी का माला पहनाकर स्वागत भी किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रेम सिंह पटेल ने की। मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश महासचिव सूरजभान पाल ने हिस्सा लिया। उन्होने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि किसानों का उत्पीड़न संगठन बर्दाश्त नहीं करेगा। किसानों के लिए तन-मन-धन से सड़क पर उतरकर आंदोलन किया जाएगा। प्रदेश महासचिव की मौजूदगी में कई पदाधिकारियों को मनोनीत किया गया। जिसमें अंजू प्रजापति को जिला महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष, सुनीता यादव को महिला मोर्चा जिला प्रभारी बनाया गया।

# अराजकता फैलाने वालों पर होगी कठोर कार्रवाई: प्रभारी निरीक्षक



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** होली त्यौहार व माहे रमजान को नगर व क्षेत्र के नागरिक आपसी सद्भाव एवं भाईचारे के साथ मनाएं। होली त्योहार पर जागरूक नागरिक बच्चों द्वारा की जा रही छोटी मोटी हरकतों पर नजर रखें तथा उन्हें समझाने का कार्य करें। कहा कि त्योहार पर अराजकता फैलाने वाले लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

यह बात गुरूवार को स्थानीय कोतवाली परिसर में आयोजित पीस कमेटी की बैठक में प्रभारी निरीक्षक जेपी शर्मा ने कही। कहा कि सभ्रात नागरिक अपने आसपास होने बाले गैरकानूनी कार्यों की सूचना देकर पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंनें कहा कि किसी भी समस्या के लिए नागरिक मुझ से सीधा संपर्क कर सकते हैं। इस अवसर पर निरीक्षक जयंती प्रसाद गंगवार, कस्वा प्रभारी रोबिन सिंह, उपनिरीक्षक राजेश प्रताप सिंह, आनन्द मिश्रा, विनय शर्मा एवं राममंदिर के महंत पं. राकेश चन्द्र दुवे, शहर काजी हाफिज जुम्मन, विहिप नेता नीरज मिश्रा, व्यापारी नेता विजय दुवे, अखिल भारतीय व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शिवम राज वर्मा आदि मौजूद रहे।

# समाजवादी सैनिक प्रकोष्ठ ने उठाई अग्निवीर योजना को वापस लेने की मांग, दिया ज्ञापन

**संवाददाता।** फर्रुखाबाद



**समाजवादी** सैनिक प्रकोष्ठ ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर उठाई अग्निवीर योजना को वापस लेने को मांग आज पहले से निर्धारित कार्यक्रम के तहत समाजवादी सैनिक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष केके यादव के नेतृत्व में जिलाधिकारी फर्रुखाबाद को महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित भारत सरकार की सेना में भर्ती अग्निविर योजना को वापस लेने हेतु जिला कलेक्ट्रेट में ज्ञापन दिया गया।

जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने जिला उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र यादव के साथ जिलाधिकारी डॉक्टर वी के सिंह के समक्ष ज्ञापन में उठाई गई मांगों को पढ़कर सुनाया। ज्ञापन के माध्यम से कहा गया कि इस अग्निवीर योजना से मात्र 4 वर्ष की नौकरी होने के कारण युवाओं का भविष्य अंधकार में हो गया है, साथ ही शहीद होने के उपरांत अग्नि वीर योजना के तहत उनके परिवार वह सम्मान का हकदार भी नहीं होगा। ज्ञापन में कहा गया कि जनपद में दो बड़े-बड़े सेंटर है सिखलाई रेजीमेंट और राजपूत रेजीमेंट , फतेहगढ़ में दोनों सेंटर होने के कारण फर्रुखाबाद जनपद के युवा हर वर्ष सैनिक बनने की होड़ में दौड़ लगाते दिखते थे परंतु आज का युवा अग्निवीर योजना में मात्र 4 साल की नौकरी होने के कारण हताश है एवं उनका मनोबल भी टूट गया है। अत: वह भारत सरकार के तीनों रेजीमेंटों के प्रमुख से अनुरोध करते हैं कि इस योजना को वापस लिया जाए जिससे गांव का युवा वापस अपनी पक्की नौकरी की उम्मीद लेकर आत्मविश्वास से आगे बढ़ सके।

इस मौके पर बेचेंलाल यादव प्रदेश सदस्य सैनिक प्रकोष्ठ, बृजेश सिंह राव सदस्य सैनिक प्रकोष्ठ, अमित कुमार जिला महासचिव सैनिक प्रकोष्ठ, दीप सिंह यादव, प्रमोद कुमार यादव, राजेंद्र सिंह ,सर्वेश कुमार यादव, भूपेंद्र ,शंभू दयाल ,अनिल कुमार यादव ,मेजर कश्मीर सिंह, हेत सिंह , इस्तकार ,मनोज कुमार, आदि मौजूद रहे।

# चौदह ने किया रक्तदान, मतदाता जागरूकता की दिलाई गई शपथ



**फतेहपुर।** इंडियन रेडक्रास सोसाइटी व एमकेयू लिमिटेड के संयुक्त तत्वाधान में रक्तदान शिविर व मतदाता जागरूकता अभियान चेयरमैन डॉ अनुराग श्रीवास्तव के नेतृत्व में मलवां में चलाया गया। स्वीप के अंतर्गत डॉ अनुराग श्रीवास्तव ने जनपद के कार्यरत सभी कर्मचारियों को मतदान हेतु स्वयं के साथ अन्य लोगों को भी जागरूक करने का निवेदन किया व मतदाता शपथ भी दिलाई। स्वीप आइकॉन ने कहा कि एक रक्तदान से चार जिंदगी बचाई जा सकती हैं तो मतदान से हम राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्य को निभाते हैं। रक्तदान शिविर में सर्वप्रथम संदीप कुमार श्रीवास्तव ने रक्तदान किया। कुल 14 लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदानियों में मनोज कुमार द्विवेदी, राकेश, हर्षित, अर्जुन सिंह, सुजीत पाल, सुरेंद्र कुमार, संजय तिवारी, साहिल कुमार, झुर्री प्रसाद, सरजू प्रसाद, राजाराम, अनुभव पटेल, रेहान अहमद रहे। सभी रक्तदानियों को चेयरमैन डॉ अनुराग श्रीवास्तव व रक्तसंचरण समिति की दीपाली वर्मा एवं कौशल कुमार ने संयुक्त रूप से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जनरल मैनेजर एमकेयू लिमिटेड राजीव सेठ, मनोज द्विवेदी मैनेजर सहित सदस्यता प्रमुख सुरेश श्रीवास्तव व ब्लड बैंक से डॉ अनुरुद्ध, नरेंद्र एवं सम्पूर्ण स्टाफ उपस्थित रहे।

# नगर पालिका परिषद द्वारा सप्लाई किया जा रहा प्रदूषित पेयजल, लोग परेशान

**संवाददाता।** संडीला, हरदोई

**नगर** पालिका परिषद द्वारा नगर में की जा रही पेयजलापूर्ति मानकों के अनुसार न होने से जन सामान्य के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। दूसरी ओर इस मामले में जिम्मेदार अधिकारी पूर्णत: मौन हैं।

नगर की पेयजलापूर्ति नगर पालिका परिषद के जलकल विभाग द्वारा की जाती है। यह पेयजलापूर्ति मानकों के अनुसार नहीं है। इसका प्रमुख कारण नगर में दर्जनों स्थानों पर होने वाले महीन लीकेज हैं, जिनमें से अधिकांश सड़क के किनारे की नालियों के अंदर या तो आसपास हैं जिसके कारण जब जलापूर्ति बंद होती है तो इन लीकेज के माध्यम से नालियों का गंदा पानी पाइप लाइनों में पहुंच जात है और जब पुन: पेयजलापूर्ति शुरू की जाती है तो यह गंदगी पेयजल के साथ मिलकर लोगों के घरों में पहुंच जाती है। कई बार नल की टोटियां खोलने पर काले रंग का पानी निकलता है तो कई बार इस पानी में महीन कृमि तैरते हुए दिख जाते हैं। इसके अलावा सूक्ष्म परजीवि किस मात्रा में है इसका पता तो नंगी आंख से चल नहीं सकता। जिन घरों में आरओ वॉटर प्यूरिफ़ायर हैं वहां तो यह गंदगी छनकर निकल जाती है लेकिन नगर के 98 प्रतिशत लोग नगर पालिका परिषद के इस प्रदूषित पानी को पीने तथा उसके परिणामस्वरूप विभिन्न प्रकार के गंभीर रोगों की चपेट में आने के लिए बाध्य हैं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार आपूर्ति किए जाने वाले पानी का पीएच 7 होना चाहिए और इसका क्लोरीनीकरण, ऑर्थोटॉलिडाइन टेस्ट, डीपीडी टेस्ट, क्लोरोटेक्स टेस्ट अथवा स्टार्च आयोडाइड टेस्ट में से कोई न कोई परीक्षण होना चाहिए। आम तौर पर पेयजलापूर्ति टैंकों में पानी की अशुद्धता को दूर करने के लिए क्लोरीन का प्रयोग किया जाना चाहिए परन्तु प्रतिबंध यह है कि इसकी मात्रा 0.2 से 0.5 तक ही होनी चाहिए। नगर पालिका परिषद द्वारा जो भी पानी सप्लाई किया जा रहा है उसमें क्लोरीन का प्रयोग किया गया है, ऐसा कभी लगता नहीं है। इसके अलावा ओवरहेड टैंकों की समय समय पर सफाई की जानी चाहिए लेकिन संभवता ऐसा भी प्रथम दृष्टया नजर नहीं आता।

नगर पालिका परिषद के जलकल अभियंता से संपर्क कर उनकी प्रतिक्रिया प्राप्त करने का व्यक्तिगत तथा फोन से प्रयास किया गया लेकिन उनकी प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं हो सकी।

# खेत तालाब योजना में शासन ने किसानों को दिया जोर का झटका

**हमीरपुर।** शासन ने खेत तालाब योजना के तहत किसानों को जोर का झटका धीरे से दिया है, अब दस सौ पचास वर्ग मीटर के स्थान पर 440 वर्ग मीटर माप का तालाब किसान खुदवा सकेगे। तालाब में छूट एक लाख के स्थान पर केवल 52 हजार रुपये मिलेगी। अभी तक तालाब खुदवाने के लिये केवल दस किसान नें रजिस्ट्रेशन कराया है।

जानकारी के मुताबिक बुन्देलखंड के लिये खेत तालाब योजना वाटर रिचार्जिंग के लिये बहुत ही लाभ दायक साबित हो रही है। करीब छह साल से चल रही इस योजना में छह साल से शासन से एक हजार पचास वर्ग मीटर माप का तालाब खुदाई कर किसानों को एक लाख रुपये की छूट दी जाती थी मगर अब शासन ने इसे घटा कर 440 वर्ग मीटर माप कर केवल 52 हजार रुपये छूट दी है जिससे किसान इस योजना से दूर भाग रहा है। शासन का साफ कहना है कि किसान तालाब चाहे जितना बड़ा खुदवा ले मगर उसे सब्सिडी केवल 52 हजार रुपये ही मिलेगी। जिससे किसान पूरी तरह निराश हो गया है। जिले में भूमि संरक्षण विभाग प्रथम,दिवतीय व राठ इकाई द्वारा अब तक करीब तीन हजार से अधिक तालाबों की खुदायी की जा चुकी है। किसानों का रजिस्ट्रेशन 11 मार्च से चालू हो गया था मगर छूट की जानकारी होने पर अब तक केवल दस किसनों ने ही रजिस्ट्रेशन कराया है जब कि पिछले साल पहले ही दिन कम से कम तीन सौ किसानों ने रजिस्ट्रेशन करा लिया था।

उपकृषि निदेशक हरी शंकर भार्गव का कहना है कि छूट घट जाने से किसान तालाब खुदायी से कन्नी काटने लगे है। इस बाबत किसानों का कहना है कि इन तालाबों से वाटर रिचार्जिंग के साथ साथ किसान अपने खेतों की सिचाई भी कर लेता था।

# सच्चे प्रेम के बिना ज्ञान अपूर्ण: मनोज मिश्र दाऊजी

## रूरा में आयोजित विष्णु महायज्ञ में व्याख्यान देते बनारस के मनोज मिश्र

**संवाददाता।** रूरा, कानपुर देहात



**बनारस** से पधारे रामचरित मानस के मूर्धन्य विद्वान मनोज मिश्र दाऊ जी ने रूरा थाना ग्राउण्ड में आयोजित श्री विष्णु महायज्ञ के दूसरे दिन अपने व्याख्यान में बताया कि बिना सच्चे प्रेम के ज्ञान अपूर्ण है। सच्चे प्रेम से पाषाण को भी पिघलाया जा सकता है। विष्णु महायज्ञ में जहॉ यज्ञाचार्य की उपस्थिति में यज्ञशाला में यज्ञजजमान की उपस्थिति में आहुतियॉ प्रदान की गयी वहीं श्रीमदभागवत कथा, महाभारत कथा व रामचरित मानस की कथाओं का वर्णन किया गया।

काशी विश्वनाथ की पतित पावन धरती से पधारे मनोज मिश्रा दाऊ जी ने प्रेम की व्याख्या करते हुये धाराप्रवाह व अपनी चिरपरिचित प्रभावी शैली में बताया कि बिना प्रेम के जीवन में कुछ भी सहज नहीं है, प्रेम से ही पत्थर को पारस बनाया जा सकता है, व्यक्ति चाहें कितना भी ज्ञानवान हो बिना प्रेम के उसका जीवन नश्वर है। विष्णु महायज्ञ में यज्ञाचार्य पॅ0 रामकेश तिवारी व पं0 अनिरूद्व तिवारी व सहायक आचार्यों की उपस्थिति में भव्य व दिव्य यज्ञशाला में तैंतीस करोड देवी देवताओं को प्रसन्न करने के लिये आहुतियॉ दी गयी।

इस दौरान यज्ञशाला में यज्ञजजमान मिथिलेश अवस्थी व उनके पति सुरेश अवस्थी ने यज्ञाचार्यो के निर्देशन पर हवन पूजन किया। श्रीमदभागवत कथा का सुन्दर संगीतमयी शैली में कानपुर से पधारे भगवत व्यास मिथिलेश जी महाराज ने वर्णन किया, उसके महाभारत की कथा औरेया के पं0 रामकुमार शुक्ला ने, रामचरित मानस की कथा श्रीमती ज्ञानगॅगा व जालौन के रमेश रामायणी ने उपस्थित भक्तों को श्रवण करायी, इस मौके पर प्रमुख रूप से रजोल शुक्ला, आशुतोष मिश्रा, छोटे भईया, महेश मुनीम, रामकुमार शुक्ला, भोले शुक्ला झींझक, रामजी पाण्डेय, बबलू कुशवाहा, राजबहादुर गुप्ता, विनोद सक्सेना एडवोकेट, उमेन्द्र शुक्ला सोना एडवोकेट, कुलदीप दीक्षित, रमाकान्त पाण्डेय सहित समिति के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# न्यायालय ने शरद पवार की याचिका पर अजित पवार गुट से मांगा जवाब

भाषा। नई दिल्ली



**उच्चतम न्यायालय** ने शरद पवार नीत राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के गुट की ओर से दाखिल याचिका पर उपमुख्यमंत्री अजित पवार की अगुवाई वाले धड़े से बृहस्पतिवार को जवाब दाखिल करने को कहा।वयोवृद्ध मराठा नेता ने अपनी याचिका में आरोप लगाए थे कि अजित पवार गुट राजनीतिक लाभ के लिए उनके नाम और तस्वीरों का इस्तेमाल कर रहा है।शीर्ष अदालत ने शरद पवार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी की दलीलों पर ध्यान दिया कि उनके भतीजे अजित पवार के नेतृत्व वाला गुट उनकी सद्भावना का लाभ उठा रहा है और मराठा दिग्गज को प्रतिद्वंद्वियों से झूठी प्रशंसा की आवश्यकता नहीं है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने अजित पवार गुट की तरफ से पेश हुए वरिष्ठ वकील मनिंदर सिंह से कहा, एक बार जब आपने (अजित पवार गुट ने) अलग रास्ता चुन लिया, तो आप केवल अपनी पहचान का उपयोग करते हैं। पीठ ने कहा, हमें स्पष्ट, बिना शर्त आश्वासन चाहिए कि शरद पवार के नाम, तस्वीरों का इस्तेमाल नहीं किया जाएगा। पीठ ने कहा कि इस आशय का एक हलफनामा शनिवार तक दाखिल किया जाए।अदालत ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 19 मार्च की तारीख निर्धारित की।न्यायमूर्ति कांत ने अजित पवार के नेतृत्व वाले गुट से कहा, अब, आप दोनों दो अलग-अलग संस्थाएं हैं और इसलिए आप केवल अपनी पहचान का उपयोग करें। पीठ ने कहा, हमें आपसे स्पष्ट आश्वासन चाहिए कि आपके राजनीतिक दल में कोई अतिव्यापन नहीं होगा। आप व्यापक प्रचार के साथ एक सार्वजनिक नोटिस जारी कर सकते हैं कि जहां तक आपका सवाल है आप उनसे (राजनीतिक रूप से) संबंधित नहीं हैं। अजित पवार समूह की ओर से पेश एक वरिष्ठ वकील ने दावा किया कि उपमुख्यमंत्री के राजनीतिक संगठन को बदनाम करने के लिए वयोवृद्ध नेता के नाम और तस्वीरों का असत्यापित और बेतरतीब दुरुपयोग किया गया होगा।पीठ ने कहा कि वह अगली सुनवाई में इन दलीलों पर विचार करेगी।शुरुआत में, अजित पवार समूह की ओर से पेश वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी ने कहा कि अजित पवार गुट को असली राकांपा के रूप में मान्यता देने के निर्वाचन आयोग के छह फरवरी के आदेश के खिलाफ शरद पवार की मुख्य याचिका पहले ही अगले सप्ताह सूचीबद्ध हो चुकी है और दोहराव से बचने के लिए दोनों मुद्दों को एक साथ उठाया जा सकता है।सिंघवी ने दलील का विरोध करते हुए कहा कि इसमें कोई दोहराव नहीं है क्योंकि यहां शरद पवार की सद्भावना के दुरुपयोग का मुद्दा सामने आया है।

# यमुना और गंगा के बीच की भूमि पर राजवंश के आधार पर दावा जताने संबंधी याचिका खारिज





नई दिल्ल। दिल्ली उच्च न्यायालय ने आगरा से लेकर मेरठ तथा दिल्ली, गुरुग्राम और उत्तराखंड की 65 राजस्व संपदाओं सहित अन्य स्थानों पर यमुना और गंगा के बीच की भूमि पर स्वामित्व का दावा करने वाले एक व्यक्ति की याचिका बृहस्पतिवार को एक लाख रुपए की लागत के साथ खारिज कर दी। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन की अध्यक्षता वाली पीठ ने पूर्ववर्ती राजा के उत्तराधिकारी होने का दावा करने वाले कुंवर महेंद्र ध्वज प्रसाद सिंह की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें सिंह ने उन्हें कोई राहत देने से इनकार करने वाले एकल-न्यायाधीश के आदेश को चुनौती दी थी। पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता आजादी के 78 साल बाद इस तरह का दावा नहीं कर सकता। एकल पीठ ने दिसंबर में सिंह की याचिका 10,000 रुपए की लागत के साथ खारिज कर दी थी। याचिकाकर्ता ने अपील में दावा किया कि संयुक्त प्रांत आगरा के बेसवां परिवार की रियासत के अंतर्गत आने वाली भूमि पर उनका हक है और चूंकि उनके पूर्वजों और भारत सरकार के बीच कोई अधिग्रहण समझौता नहीं हुआ था, इसलिए क्षेत्र पर भारत संघ का नियंत्रण एक अतिक्रमण है। पीठ ने कहा, यह अदालत एकल न्यायाधीश के इस विचार से सहमत है कि अपीलकर्ता द्वारा उठाए गए दावे पर रिट कार्यवाही में फैसला नहीं सुनाया जा सकता है। याचिका एक लाख रुपए की लागत के साथ खारिज कर दी गई।

## धर्म परिवर्तन निषेध कानून

# सह-जीवन संबंध में भी लागू होता है : इलाहाबाद हाईकोर्ट



प्रयागराज> हिंदू-मुस्लिम युगल को उनके जीवन और स्वतंत्रता की सुरक्षा देने की मांग खारिज करते हुए इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने कहा कि धर्म परिवर्तन कानून विवाह के साथ साथ सह-जीवन संबंध पर भी लागू होता है।न्यायमूर्ति रेनू अग्रवाल ने एक अंतरधार्मिक युगल की पुलिस सुरक्षा मुहैया कराने की अपील खारिज करते हुए यह टिप्पणी की। दोनों ने अभी तक धर्म परिवर्तन कानून की धारा आठ और नौ के प्रावधानों के तहत आवेदन नहीं किया है।अदालत ने कहा, यहां यह उल्लेख करना उचित है कि उत्तर प्रदेश गैर कानूनी धर्म परिवर्तन निषेध अधिनियम, 2021 पांच मार्च, 2021 को प्रभावी हुआ जिसके बाद अंतरधार्मिक युगल के लिए इस कानून के प्रावधानों के मुताबिक धर्म परिवर्तन के लिए आवेदन करना अनिवार्य है।मौजूदा मामले में दोनों में से किसी भी याचिकाकर्ता ने धर्म परिवर्तन के लिए आवेदन नहीं किया है। इस अधिनियम की धारा 3 (1) के मुताबिक, कोई भी व्यक्ति बहका कर, जबरदस्ती, अनुचित प्रभाव, दबाव, लालच या अन्य किसी धोखाधड़ी से किसी दूसरे व्यक्ति का प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से धर्म परिवर्तित नहीं कराएगा या ऐसा कराने का प्रयास नहीं करेगा।मामले के तथ्यों के मुताबिक, दोनों याचिकाकर्ता वयस्क हैं और एक दूसरे से प्रेम होने के बाद इन्होंने एक जनवरी, 2024 को आर्य समाज रीति के अनुसार विवाह किया और विवाह के पंजीकरण के लिए सक्षम अधिकारी के पास ऑनलाइन आवेदन किया है जो कि लंबित है। हालांकि, इन्होंने गैर कानूनी धर्म परिवर्तन रोधी अधिनियम की धारा आठ और नौ के प्रावधानों के मुताबिक धर्म परिवर्तन के लिए अभी तक आवेदन नहीं किया है।अदालत ने पांच मार्च को दिए अपने निर्णय में कहा, यदि कानून के प्रावधानों में अस्पष्टता होती है तो निश्चित तौर पर अदालतों को उन प्रावधानों की व्याख्या करने का अधिकार है, लेकिन उपरोक्त कानून में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि परिवर्तन ना केवल अंतर-धार्मिक विवाहों के मामले में आवश्यक है, बल्कि विवाह की प्रकृति के संबंध में भी यह आवश्यक है।

# बैंक खाते जब्त करना कठोर कार्वाई, तय प्रक्रिया का पालन किया जाना चाहिए: उच्च न्यायालय

मुंबई। बंबई उच्च न्यायालय ने कहा है कि बैंक खातों की अंतरिम जब्ती एक कठोर कार्वाई है और अधिकारियों को ऐसा आदेश जारी करते समय तय प्रक्रिया का पालन करना चाहिए। न्यायमूर्ति गिरीश कुलकर्णी और न्यायमूर्ति फिरदौस पूनीवाला की खंडपीठ ने सीमा शुल्क विभाग के 2022 के आदेश के खिलाफ सोने के व्यापार से जुड़ी तीन फर्म द्वारा दायर याचिकाओं पर 12 मार्च को जारी अपने फैसले में कहा कि ऐसे प्रावधानों का उद्देश्य पूर्वाग्रह से की गई कार्वाई करना नहीं है। विभाग ने सोने की तस्करी की जांच के सिलसिले में चोकसी अरविंद ज्वेलर्स, पल्लव गोल्ड और मैक्सिस बुलियन के परिसरों की तलाशी के बाद उनके खातों को अस्थाई रूप से कुर्क करने का निर्देश दिया था। कंपनियों के वकील सुजय कांतवाला ने दलील दी कि सीमा शुल्क अधिनियम की धारा 110(5) के तहत आवश्यक है कि ऐसे आदेश लिखित रूप में पारित किए जाएं और कारण बताए जाएं। याचिकाकर्ताओं ने यह भी दावा किया कि उन्हें कुर्की के बारे में सूचित नहीं किया गया था और विभाग ने इस संबंध में सीधे बैंकों को आदेश भेज दिए। उच्च न्यायालय ने माना कि कार्वाई अवैध थी, क्योंकि सीमा शुल्क अधिनियम के तहत निर्धारित प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया था।

**उच्च न्यायालय ने पत्नी की क्रूरता के कारण बुजुर्ग दंपति के विवाह को खत्म माना**

नई दिल्ली।दिल्ली उच्च न्यायालय ने पिछले कई वर्षों से अलग रह रहे एक बुजुर्ग दंपति की शादी को खत्म करने के कुटुंब अदालत के फैसले को बरकरार रखा और क्रूरता के आधार पर पति को दिए गए तलाक के फैसले के खिलाफ पत्नी की अपील को खारिज कर दिया। उच्च न्यायालय ने कहा कि अपने विवादों को शांत करने के बजाय महिला ने निराधार आरोप लगाकर तलाक की कार्यवाही जारी रखने का विकल्प चुना है।पुरुष ने दावा किया कि वह 1980 से अपनी पत्नी से अलग रह रहा है तो वहीं महिला का कहना है कि वे जनवरी 2013 से अलग रह रहे हैं।न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत और न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्ण ने अपने हालिया आदेश में कहा, दोनों पक्षकारों की उम्र 70 साल से अधिक है और जीवन की इस उम्र में भी, अपीलकर्ता (पत्नी) ने अपने विवादों को शांत करने के बजाय निराधार आरोप लगाकर तलाक की कार्यवाही जारी रखने का विकल्प चुना है। पीठ ने कहा, हमारी राय में यह स्पष्ट रूप से साफ है कि अपीलकर्ता को प्रतिवादी (पति) में कोई भी अच्छाई नजर नहीं आती है और उसके और उसकी बहन के खिलाफ कई मुकदमे चलाकर उसने यह स्पष्ट कर दिया है कि उनके पुनर्मिलन की कोई गुंजाइश नहीं है। इसके अलावा साल 2013 से अलग रहने के बावजूद उन्होंने कभी विवादों में सुलह करने की कोशिश नहीं की। उच्च न्यायालय ने पुरुष के पक्ष में तलाक का आदेश देने के कुटुंब अदालत के आदेश को चुनौती देने वाली महिला की अपील खारिज कर दी।दंपति भारत के प्रवासी नागरिक (ओसीआई) हैं और उनकी 1973 में शादी हुई थी तथा दो बच्चे भी हैं। शादी के करीब 41 साल बाद पति ने क्रूरता के आधार पर तलाक मांगा जिसे 2018 में कुटुंब अदालत ने मंजूर कर लिया।

# छात्रा के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को दस साल का करावास

फरीदाबाद। हरियाणा के फरीदाबाद में एक छात्रा के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को स्थानीय अदालत ने दस साल के कारावास की सजा सुनाई है। एक अधिवक्ता ने इसकी जानकारी दी। अधिवक्ता ने बताया कि कम्प्यूटर साइंस से डिप्लोमा करने वाली छात्रा के साथ दुष्कर्म करने वाले को अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हेमराज मित्तल की अदालत ने बृहस्पतिवार को दस साल की सजा सुनाई है और उसके खिलाफ दस हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। जिला कानूनी प्रकोष्ठ के अधिवक्ता रविंद्र गुप्ता ने बताया कि सूरजकुंड थानाक्षेत्र की एक कॉलोनी में रहने वाली सत्रह वर्षीय पीड़िता कालेज जाने के दौरान लापता हो गई। इसके बाद पिता ने बेटी की गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया। उन्होंने बताया कि पुलिस जांच से पता चला कि पीड़िता के घर के सामने रहने वाले मोहम्मद अफजल ने उसे पहले अगवा किया और कोलकाता एवं दिल्ली ले जा कर उसके साथ बलात्कार किया।गुप्ता ने बताया कि अदालत ने आरोपी अफजल को दस साल के कैद और दस हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है।ग्रिम जमानत याचिका लंबित रहने से निचली अदालतों के उद्घोषणा आदेश देने पर कोई रोक नहीं: न्यायालय नई दिल्ली, 14 मार्च (भाषा) उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि अग्रिम जमानत याचिका के लंबित रहने से निचली अदालत द्वारा उद्घोषणा नोटिस जारी करने और किसी फरार आरोपी की संपत्तियों की कुर्की का आदेश देने पर रोक नहीं है।

अग्रिम जमानत देने की शक्ति को विशेष शक्ति बताते हुए शीर्ष अदालत ने कहा कि कई मामलों में यह माना गया है कि जमानत एक नियम है, लेकिन यह नहीं कहा जा सकता है कि अग्रिम जमानत एक नियम है। न्यायमूर्ति सी टी रविकुमार और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने कहा कि अग्रिम जमानत देने का सवाल प्रत्एक मामले के तथ्यों और परिस्थितियों के आधार पर अदालत के सतर्क और विवेकपूर्ण निर्णय पर छोड़ दिया जाना चाहिए। पीठ ने कहा, उक्त शक्ति का इस्तेमाल करने के लिए संबंधित अदालत को बहुत सतर्क रहना होगा क्योंकि गंभीर मामलों में आरोपियों को अंतरिम राहत या संरक्षण देने से न्याय में बाधा आ सकती है और जांच में सबूतों से छेड़छाड़ की भी स्थिति पैदा हो सकती है। शीर्ष अदालत ने पटना उच्च न्यायालय के एक आदेश के खिलाफ अपील पर अपना फैसला सुनाया, जिसने भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) और डायन प्रथा प्रतिषेध अधिनियम 1999 के विभिन्न प्रावधानों के तहत अपराधों के लिए दर्ज प्राथमिकी के संबंध में अपीलकर्ताओं द्वारा दायर अग्रिम जमानत याचिका को खारिज कर दिया था।

# ईडी ने पंजाब के पूर्व मंत्री साधु सिंह धर्मसोत की संपत्तियां कुर्क कीं

नई दिल्ली, 14 मार्च (भाषा) प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धन शोधन रोधी कानून के प्रावधानों के तहत कांग्रेस की पंजाब इकाई के नेता और पूर्व मंत्री साधु सिंह धर्मसोत और उनके बेटों की 4.58 करोड़ रुपए कीमत की संपत्ति अंतरिम रूप से कुर्क की है। ईडी ने एक बयान में कहा कि धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत उसकी जांच में पाया गया कि धर्मसोत ने एक मार्च 2016 और 31 मार्च 2022 के दौरान अपने एवं अपने बेटों के नाम पर आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक की संपत्ति अर्जित की। इस अवधि के दौरान वह पंजाब में वन मंत्री थे। बयान में कहा गया कि ईडी की जालंधर इकाई ने पीएमएलए के प्रावधानों के तहत 13 मार्च को धर्मसोत और उनके बेटों की स्वामित्व वाली 4.58 करोड़ रुपए की संपत्तियां अंतरिम रूप से कुर्क कीं। ईडी ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 के तहत पंजाब सतर्कता ब्यूरो द्वारा दर्ज एक प्राथमिकी के आधार पर जांच शुरू की।ईडी ने कहा कि मामले की जांच जारी है।

# लुची, मिष्टी दोई की तरह ही रैलियां, सभाएं बंगाल की संस्कृति का अविभाज्य हिस्सा : उच्च न्यायालय

कोलकाता॥ कलकत्ता उच्च न्यायालय ने सार्वजनिक रैलियों और बैठकों को मिष्टी दोई , लुची और आलू पोस्तो जैसे व्यंजनों की तरह ही बंगाल की संस्कृति का अभिन्न हिस्सा बताते हुए बृहस्पतिवार को राज्य सरकार के कर्मचारियों के एक संगठन को मार्च निकालने की अनुमति दे दी।लुची (मैदा से बनी पूरी), मिष्टी दोई (मीठा दही) और आलू पोस्तो (पोस्ते दानों के साथ पकाया गया आलू) बंगाल के सुप्रसिद्ध व्यंजन हैं। मुख्य न्यायाधीश टी.एस. शिवज्ञानम की अध्यक्षता वाली एक खंडपीठ ने पश्चिम बंगाल सरकार के कर्मचारियों के एक वर्ग का प्रतिनिधित्व करने वाले संगठन, राज्य समन्वय समिति द्वारा बृहस्पतिवार को राज्य सचिवालय नबन्ना तक रैली की अनुमति देने वाले एकल पीठ के आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार करते हुए निर्देश दिया कि वे सड़क के एक ही तरफ रैली करेंगे और यातायात के संचालन को बाधित नहीं करेंगे। मुख्य न्यायाधीश ने कहा, अन्य चीजों के अलावा, मिष्टी दोई, लुची और आलु पोस्तो बंगाल की संस्कृति का एक अभिन्न हिस्सा हैं, इसी तरह ऐसा प्रतीत होता है कि सार्वजनिक रैलियां, बैठकें आदि भी इस संस्कृति का हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि हर बंगाली जन्मजात वक्ता होता है और यह संस्कृति और विरासत से भरा राज्य है।

# पिता की हत्या के जुर्म में बेटे को दस साल का कठोर करावास

बलिय। उत्तर प्रदेश के बलिया की एक स्थानीय अदालत ने पिता की लाठी-डण्डे से पीट-पीटकर हत्या करने के पांच वर्ष पुराने मामले में बेटे को दोषी करार देते हुए उसे दस साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी है। पुलिस अधीक्षक देव रंजन वर्मा ने बृहस्पतिवार को बताया कि जिले के रसड़ा कोतवाली क्षेत्र के रसड़ा कस्बे के नाथ बाबा के मठिया मुहल्ले में पैसे की मांग को लेकर त्रिलोकी राजभर ने चार जून 2018 को अपने पिता गौरीशंकर राजभर को लाठी-डंडे से पीटा। उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां गौरीशंकर की मौत हो गई थी।

## पेज 1 का शेष

### पूर्व आईएएस...

उन्होंने कहा कि 212 नामों की सूची उन्हें कल देर रात ही दी गई। चौधरी ने कहा कि उन्होंने खुद किसी का नाम नहीं लिया और केवल प्रक्रिया का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि इस बारे में कोई स्पष्टता नहीं है कि कानून मंत्री की अध्यक्षता वाली सर्च कमेटी के समक्ष आए 200 से ज्यादा नामों में से छह नामों को कैसे छांटा गया। बैठक में सर्च कमेटी के प्रमुख कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल भी मौजूद थे। कांग्रेस नेता ने कहा कि उन्होंने चुनाव आयुक्तों के चयन के लिए अपनाई गई प्रक्रिया के कारण अपनी असहमति जताई। उन्होंने कहा कि सरकार ने उन लोगों के नाम चुने, जिन्हें वह चाहती थी। चौधरी ने कहा कि उन्होंने पहले भी सरकार को पत्र लिखकर शॉर्टलिस्ट किए गए नामों के बारे में पूछा था। उन्होंने कहा कि लेकिन इसमें 212 नाम दिए गए जबकि छह शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों के नाम बैठक के दौरान दिए गए। मुझे दो चुनाव आयुक्तों का चयन करने के लिए आमंत्रित किया गया था। लेकिन यह तय था कि चुने जा चुके दो लोगों का ही चयन किया जाएगा। हालांकि, मैंने उचित तरीके से हस्तक्षेप करने की कोशिश की यही कारण है कि दिल्ली पहुंचने से पहले उन्होंने एक पत्र लिखकर शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों के बारे में पूछा था। उन्होंने कहा, उन्हें सूची दी, लेकिन उसमें सभी 212 उम्मीदवारों के नाम थे। क्या मानवीय रूप से मेरे लिए 212 नामों की जांच करना संभव है ताकि उनमें से सबसे सक्षम व्यक्तियों का पता लगाया जा सके। सर्च कमेटी द्वारा जांच और चयन के बाद और बैठक से 10 मिनट पहले उन्हें छह नाम दिखाए गए। मैंने निश्चित रूप से अपना असहमति नोट विशेष रूप से रखा है। अनूप चंद्र पांडे के 14 फरवरी को सेवानिवृत्त होने और लोकसभा चुनाव से पहले अरुण गोयल के अचानक इस्तीफे के बाद चुनाव आयोग में रिक्तियां आई थीं। गोयल के इस्तीफे की अधिसूचना गत शनिवार को जारी की गई थी। चौधरी ने कहा कि वह बैठक में इसलिए शामिल हुए क्योंकि सभी को लगता है कि चुनाव आयुक्तों के पद खाली नहीं रहने चाहिए। चयन समिति में बहुमत सरकार के पक्ष में है और जो वह चाहेगी वही होगा।

### कोविंद समिति...

फिलहाल, भारत निर्वाचन आयोग पर लोकसभा और विधानसभा चुनावों की जिम्मेदारी है, जबकि नगर निकायों और पंचायत चुनावों की जिम्मेदारी राज्य निर्वाचन आयोगों पर है। समिति ने अपनी रिपोर्ट में कहा, अब, हर साल कई चुनाव हो रहे हैं। इससे सरकार, व्यवसायों, कामगारों, अदालतों, राजनीतिक दलों, चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों और बड़े पैमाने पर नागरिक संगठनों पर भारी बोझ पड़ता है। इसमें कहा गया है कि सरकार को एक साथ चुनाव प्रणाली लागू करने के लिए कानूनी रूप से व्यवहार्य तंत्र विकसित करना चाहिए। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि संविधान के मौजूदा प्रारूप को ध्यान में रखते हुए समिति ने अपनी सिफारिशें इस तरह तैयार की हैं कि वे संविधान की भावना के अनुरूप हैं तथा उसके लिए संविधान में संशोधन करने की नाममात्र जरूरत है। कोविंद ने जब राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति मूर्मू को रिपोर्ट सौंपी, उस वक्त उनके साथ समिति के सदस्य गृह मंत्री अमित शाह, वित्त आयोग के पूर्व प्रमुख एनके सिंह, लोकसभा के पूर्व महासचिव सुभाष कश्यप, राज्यसभा में विपक्ष के पूर्व नेता गुलाम नबी आजाद और विधि मंत्री अर्जुन राम मेघवाल भी थे। इस उच्चस्तरीय समिति का गठन दो सितंबर, 2023 को किया गया था और हितधारकों व विशेषज्ञों के साथ व्यापक परामर्श और 191 दिनों के शोध के बाद यह रिपोर्ट तैयार की गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक साथ चुनाव के विचार का समर्थन करते रहे हैं और उन्होंने कहा है कि देश को महान बनाने के लिए एक राष्ट्र, एक चुनाव की अवधारणा जरूरी है। पोल पैनल द्वारा संपर्क किए गए कुल 62 दलों में से 47 ने जवाब दिया, जिनमें से 32 ने एक साथ चुनाव कराने का समर्थन किया, जबकि 15 इसके खिलाफ थे और 15 ने कोई प्रतिक्रिया पेश नहीं की। राष्ट्रीय पार्टियों में कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, बीएसपी और सीपीआईएम ने प्रस्ताव का विरोध किया, जबकि भाजपा और नेशनल पीपुल्स पार्टी ने इसका समर्थन किया। बसपा ने देश की बड़ी क्षेत्रीय सीमा और जनसंख्या के संबंध में चिंताओं को उजागर किया, जो कार्यान्वयन को चुनौतीपूर्ण बना सकता है, दूसरी ओर उत्तर प्रदेश में उसके प्रतिद्वंद्वी समाजवादी पार्टी ने कहा कि यदि एक साथ चुनाव लागू किए जाते हैं, तो राज्य-स्तरीय पार्टियां राष्ट्रीय के साथ प्रतिस्पर्धा नहीं कर पाएंगी चुनावी रणनीति और खर्च में पार्टियों की बढ़ती हिस्सेदारी के कारण इन दो समूहों के बीच कलह बढ़ गई है।

### श्रीनगर...

उन्होंने यह भी कहा था कि श्रीनगर में महाराष्ट्र भवन न केवल इस राज्य के पर्यटकों को आवास की सुविधा प्रदान करेगा, बल्कि जम्मू-कश्मीर के लोगों को राज्य, इसकी समृद्ध कला, संस्कृति और व्यंजनों की झलक भी प्रदान करेगा। शिंदे ने 'महाराष्ट्र भवन' के निर्माण के लिए जमीन की मांग करते हुए कहा था कि संस्थान को राज्य और केंद्रशासित प्रदेश के बीच संबंधों को मजबूत करने के लिए छात्रों, उद्यमियों, वरिष्ठ अधिकारियों के लिए एक प्रमुख केंद्र के रूप में भी इस्तेमाल किया जा सकता है। यदि जम्मू-कश्मीर में महाराष्ट्र भवन का निर्माण किया जाता है, तो अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद महाराष्ट्र केंद्र शासित प्रदेश में इस तरह के राज्य अतिथि का निर्माण करने वाला पहला राज्य बन जाएगा।

### चुनावी बांड...

जिनके खिलाफ ईडी ने (सिक्किम और नागालैंड में सरकारों को धोखा देने का आरोप) और एक निर्माण/इंफ्रा कंपनी जो टीवी समाचार नेटवर्क (एक स्थापित ब्रांड पर कब्ज़ा कर रही है) और अब रक्षा उत्पादन में भी फैल गई है के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था। चुनाव आयोग के आंकड़ों के मुताबिक, चुनावी बांड भुनाने वाले राजनीतिक दलों में भाजपा, कांग्रेस, एआईएडीएमके, बीआरएस, शिवसेना, टीडीपी, वाईएसआर कांग्रेस, डीएमके, जेडीएस, एनसीपी, तृणमूल कांग्रेस, जेडीयू, राजद, आप, जेडीयू, जे एंड के नेशनल कॉन्फ्रेंस, बीजेडी, गोवा फॉरवर्ड पार्टी, महाराष्ट्रवादी गोमांतक पार्टी और समाजवादी पार्टी शामिल है। सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा, जेएमएम, सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट, जन सेना पार्टी भी चुनावी बांड प्राप्त करने वालों में से थे। आंकड़े तीन मूल्यवर्ग के बांडों की खरीद से संबंधित है - 1 लाख रुपये, 10 लाख रुपये और 1 करोड़ रुपये में 12 अप्रैल, 2019 तक का है और कंपनियों के साथ-साथ व्यक्तियों द्वारा की गई खरीदारी का भी पता चलता है। 12 अप्रैल 2019 से 11 जनवरी 2024 तक खरीदे गए चुनावी बांड का विवरण सार्वजनिक कर दिया गया है। मतदान निकाय ने 12 अप्रैल, 2019 और 24 जनवरी के बीच भुनाए गए चुनावी बांड के मूल्यवर्ग का विवरण अपलोड किया है। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को इन आंकड़ों को अपनी साइट पर प्रकाशित करने के लिए 15 मार्च शाम 5 बजे तक का समय दिया था।

### कुत्तों के...

यह कदम दिल्ली उच्च न्यायालय के एक आदेश के जवाब में विशेषज्ञों और पशु कल्याण निकायों के संयुक्त पैनल की एक रिपोर्ट के बाद उठाया गया। अदालत ने केंद्र को तीन महीने के भीतर सभी हितधारकों से परामर्श करने के बाद मामले पर फैसला करने का निर्देश दिया था। केंद्र सरकार ने डॉग ब्रीडिंग एंड मार्केटिंग रूल्स 2017 और पेट शॉप रूल्स 2018 को लागू करने का भी आह्वान किया है। पशु अधिकार संस्था पीपल फॉर द एथिकल ट्रीटमेंट ऑफ एनिमल्स (पेटा) इंडिया ने केंद्र से अवैध कुत्तों की लड़ाई के लिए समाज के आपराधिक तत्वों द्वारा आमतौर पर शोषण किए जाने वाले कमजोर कुत्तों की नस्लों की रक्षा करने के साथ-साथ मनुष्यों की सुरक्षा का आग्रह किया था। पेटा ने दिल्ली उच्च न्यायालय में एक रिट याचिका भी दायर की।

### सिसोदिया को...

इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट से सिसोदिया की पुनर्विचार याचिका भी खारिज हो चुकी है। पुनर्विचार याचिका खारिज करते हुए शीर्ष अदालत ने कहा कि पुनर्विचार याचिका में कोई आधार नहीं है. जस्टिस संजीव खंड और जस्टिस एसवीएन भट्टी ने जमानत याचिका खारिज करने का 30 अक्तूबर का फैसला बरकरार रखा।

### भेड़ों के...

सरकारी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के पूर्व प्रिंसिपल और वन्य जीवन में रुचि रखने वाले सुकुमारन पेरियाचूर ने कहा कि पालतू जानवरों के गायब होने के लिए तेंदुए और बाघ जैसे जंगली जानवरों को दोषी ठहराना इस क्षेत्र में एक नियमित मामला बन गया है। इस बार हम यह साबित कर सकते हैं कि इस अपराध में जंगली जानवरों की कोई भूमिका नहीं थी क्योंकि बकरियों के शिकार करने का कोई सबूत नहीं था।

### पेट्रोल, डीजल...

ऐसी संभावना है कि निर्वाचन आयोग जल्द ही चुनाव की तारीखों की घोषणा कर सकता है। सरकार ने लगभग एक दशक पहले पेट्रोल और डीजल की कीमतों को अपने नियंत्रण से मुक्त कर दिया था और पेट्रोलियम कंपनियां ही कीमतें तय करती आ रही थीं। लेकिन बृहस्पतिवार को पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कीमतों में कटौती की घोषणा सोशल मीडिया मंच एक्स के जरिए की। इसके एक हफ्ते पहले घरेलू रसोई गैस एलपीजी की कीमत में 100 रुपए प्रति सिलेंडर की कटौती की घोषणा की गई थी। उस कटौती से आम उपयोगकर्ताओं के लिए एलपीजी की दरें घटकर 803 रुपए प्रति सिलेंडर हो गईं।

# राष्ट्र विरोध व कुशासन विपक्ष का एजेंडा : मोदी

**भाषा।** नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को विपक्षी गठबंधन इंडिया पर भ्रष्टाचार, कुशासन और राष्ट्र विरोधी एजेंडे को हवा देने का आरोप लगाया और कहा कि वह भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण को जड़ से उखाड़ फेंकने के पक्ष में हैं। प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि योजना के लाभार्थियों की उपस्थिति में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि उनकी विचारधारा लोगों के कल्याण के जरिए देश का कल्याण सुनिश्चित करना है।लोकसभा चुनाव के दौरान राष्ट्रीय राजधानी में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से मुकाबले के लिए आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के गठबंधन का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने उन पर निशाना साधा और कहा कि वे दिन-रात उन्हें गाली देने के एजेंडे पर साथ आए हैं। कांग्रेस और आप इंडिया गठबंधन के सदस्य हैं। वर्तमान में दिल्ली की सभी सात लोकसभा सीट भाजपा के पास हैं। मोदी ने कहा कि पीएम स्वनिधि योजना रेहड़ी-पटरी वालों के लाखों परिवारों के लिए एक बड़ा प्रोत्साहन रही है, जिन पर पिछली सरकारों ने कभी ध्यान नहीं दिया। उन्होंने कहा कि वे अपमान सहते थे और इधर-उधर भागते थे क्योंकि उन्हें बैंकों से मुश्किल से ऋण मिलता था और उन्हें अत्यधिक ब्याज दरों पर पूंजी प्राप्त करनी पड़ती थी। उन्होंने कहा, मोदी की गारंटी ने यह सुनिश्चित किया है कि वे बैंकों से सरल दरों पर ऋण प्राप्त कर सकते हैं।प्रधानमंत्री ने कहा कि 62 लाख से अधिक लोगों को लगभग 11,000 करोड़ रुपए का ऋण दिया गया है।इस कार्यक्रम में, प्रधानमंत्री ने योजना के हिस्से के रूप में एक लाख रेहड़ी-पटरी वालों को ऋण वितरित किया, जिनमें 5,000 लोग दिल्ली के हैं।उन्होंने पांच लाभार्थियों को पीएम स्वनिधि ऋण चेक सौंपे। उन्होंने दिल्ली मेट्रो के चौथे चरण के दो अतिरिक्त गलियारों की आधारशिला भी रखी। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को दिल्ली मेट्रो के चौथे चरण की परियोजना के दो नए गलियारों- लाजपत नगर से साकेत जी-ब्लॉक और इंद्रलोक से इंद्रप्रस्थ खंड को मंजूरी दी थी।मोदी ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार राष्ट्रीय राजधानी में गरीबों और मध्यम वर्ग के लोगों का जीवन बेहतर बनाने के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही शहरों में यातायात का बोझ कम करने और प्रदूषण को कम करने के लिए भी सरकार ईमानदार प्रयास कर रही है।

## मोदी सरकार नए आपराधिक कानूनों को सुचारू रूप से लागू करने के लिए प्रतिबद्ध : शाह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार नए आपराधिक कानूनों को सुचारू रूप से लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है। देश की आपराधिक न्याय प्रणाली में व्यापक बदलाव लाने वाले तीन नए कानून - भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम - एक जुलाई से लागू होंगे। शाह ने यह भी कहा कि सरकार आतंकवाद के खिलाफ अपनी लड़ाई को प्रौद्योगिकी और मजबूत बुनियादी ढांचे से मजबूत बना रही है। उन्होंने राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की वेबसाइट और मोबाइल ऐपें संकलनै की शुरुआत करते हुए कहा कि पोर्टल और ऐप तीन नए कानूनों के संबंध में नागरिकों और कानून प्रवर्तन एजेंसियों का मार्गदर्शन करेंगे। गृह मंत्री शाह ने कहा कि यह ऐप नए और पुराने आपराधिक कानूनों को जोड़कर नई न्याय प्रणाली के सुचारू कार्यान्वयन में मददगार होगा। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा,मोदी सरकार नई आपराधिक न्याय प्रणाली को निर्बाध बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।तीनों कानूनों को 21 दिसंबर को संसद से मंजूरी मिली और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 25 दिसंबर को उन्हें अपनी सहमति दे दी। ए कानून औपनिवेशिक युग की भारतीय दंड संहिता, आपराधिक प्रक्रिया संहिता और 1872 के भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह लेंगे। शाह ने वीडियो कांफ्रेंस के जरिए राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआई) के अत्याधुनिक आपराधिक मामला प्रबंधन प्रणाली (सीसीएमएस) सॉफ्टवेयर का उद्घाटन किया। इस दौरान शाह ने कहा कि अत्याधुनिक सीसीएमएस सॉफ्टवेयर न केवल जांच में मानकीकरण लाएगा बल्कि देशभर में आतंक से संबंधित डेटा के आसान और सुव्यवस्थित संकलन को आसान बनाएगा। गृह मंत्री ने जम्मू और कोच्चि में एनआईए के दो कार्यालयों का भी उद्घाटन किया और रांची में एक आवासीय परिसर की आधारशिला रखी।

## राजलाली गिल पंजाब महिला आयोग की अध्यक्ष

***चंडीगढ़।*** पंजाब सरकार ने बृहस्पतिवार को राजलाली गिल को राज्य महिला आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया। इस संबंध में सामाजिक सुरक्षा तथा महिला एवं बाल कल्याण विभाग द्वारा एक अधिसूचना जारी की गई है। अधिसूचना के अनुसार पंजाब राज्य महिला आयोग के लिए महिला अधिनियम 2001, की उप धारा (2) एवं (बी) के तहत शक्तियों का उपयोग करते हुए पंजाब के राज्यपाल ने पंजाब राज्य महिला आयोग, चंडीगढ़ की अध्यक्ष के रूप में राजलाली गिल को नियुक्त किया है।

## आईआईएफएल की सेवा मिलती रहेगी

**मुंबई।** आईआईएफएल फाइनेंस ने घोषणा की कि मौजूदा गोल्ड लोन ग्राहकों को इसकी सेवाएं बिना किसी व्यवधान के मिलती रहेंगी और आईआईएफएल फाइनेंस के लॉकर्स में ग्राहकों का सोना सुरक्षित है। आरबीआई की 4 मार्च की सुपरवाइज़री के मुताबिक कंपनी अगली सूचना जारी होने तक तक नए गोल्ड लोन का वितरण नहीं करेगी। लेकिन आरबीआई ने एक सर्कुलर जारी करके आईआईएफएल फाइनेंस को मौजूदा लोन और ग्राहकों को बिना किसी व्यवधान के सेवाएं देते रहने की अनुमति दे दी है।आईआईएफएल फाइनेंस ने बताया कि उसकी गोल्ड लोन शाखाएं हमेशा की तरह खुली रहेंगी और प्राथमिकता के आधार पर ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए वहाँ स्टाफ उपलब्ध रहेगा। आईआईएफएल फाइनेंस ने कहा कि हम आपको विश्वास दिलाते हैं कि आपका लोन हमारे पास पूरी तरह से सुरक्षित है और इस मामले में आप कोई चिंता न करें।

## एंड ऑफ फाइनेंशियल ईयर पर लाभ


**बेंगलुरु।** अमेजन बिजनेस ने आज अपने बिजनेस ग्राहकों के लिए एंड ऑफ फ इनेंशियल ईयर सेलकी शुरुआत की घोषणा की है। यह सेल मौजदा वित्त वर्ष खत्म होने से पहले कारोबारियों को अपनी सभी लंबित खरीदारी को पूरा करने में मदद करेगी। यह ईवेंट बिजनेस ग्राहकों को अपनी सभी जरूरी चीजों को तलाशने और अपनी लागत घटाने के लिए इंक्रीमेंटल कैशबैक और ऑफर प्राप्त करने में मदद करेगा। व्यावसायिक ग्राहक कंप्यूटर और एक्सेसरीज़, इलेक्ट्रॉनिक अप्लायंसेस, ऑफिस प्रोडक्ट, पैंट्री से जुड़े प्रोडक्ट, रखरखाव से जुड़े प्रोडक्ट, ऑफिस फर्नीचर और डेकोरए टूल्स और पैकेजिंग प्रोडक्ट जैसी सभी बिजनेस से जुड़ी कैटेगरी में 10,000. तक 10 प्रतिशत कैशबैक का लाभ उठा सकते हैं। बिजनेस ग्राहक लैपटॉप, मॉनिटर, इंडस्ट्रियल सप्लाई आदि पर 40 फीसद तक की छूट के साथ शानदार कीमतों और ऑफर के साथ लैपटॉप की खरीदारी भी कर सकते हैं।

## यूनिक्लो से जुड़ेंगी कैटरीना

**बेंगलुरु।** परिधानों के विश्वस्तरीय रीटेलर यूनिक्लो ने बॉलीवुड अभिनेत्री एवं यूनिक्लो की ब्राण्ड एंडोर्सर कैटरीना कैफ़ के साथ 2024 स्प्रिंग् समर कैंपेन समर्स आर फॉर लिनेन् के लॉन्च की घोषणा की है। समर सीज़न से ठीक पहले कैफ़ डिजिटल एवं ऑफलाईन चैनलों पर कैंपेन की फिल्म में नज़र आएंगी, वे लिनेन कलेक्शन को दर्शाते हुए ब्राण्ड के प्रमाणिक, विविध एवं सदाबहार लाईफवियर के दृष्टिकोण को साकार करेंगी। स्प्रिंग समर कैंपेन में कैटरीना आराम और स्टाइल के साथ गर्मियों का आनंद उठाते नज़र आती हैं। यूनिक्लो का लिनेन कलेक्शन लाईटवेट और ब्रीदेबल है, जो बीच के किनारे दोस्तों के साथ टहलने से लेकर घर में समय बिताने और प्रकृति के नज़ारों का आनंद उठाने तक गर्मियों के सीज़न के लिए परफेक्ट है। निधी रस्तोगी मार्केटिंग डायरेक्टर यूनिक्लो इंडिया ने कहा कि हमारी ब्राण्ड एंडोर्सर कैटरीना कैफ़के साथ समर्स आर फॉर लिनेन कैंपेन का लॉन्च करते हुए हमें बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है।

# सीएए को लेकर लोगों को गुमराह किया जा रहा : राजनाथ

**भाषा।** बारपेटा (असम)



**केंद्रीय रक्षामंत्री** राजनाथ सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) को लेकर लोगों को गुमराह किया जा रहा है और यह कानून भारत में रह रहे किसी भी व्यक्ति की नागरिकता नहीं छीनेगा। सिंह ने यहां एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि सीएए धार्मिक रूप से उत्पीड़न का शिकार उन लोगों को नागरिकता प्रदान करेगा जो पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से 2014 तक भारत आ गए। वह भाजपा के सहयोगी दल असम गण परिषद (अगप) के प्रत्याशी फणि भूषण चौधरी के पक्ष में प्रचार कर रहे थे। चौधरी बारपेटा लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे हैं। फिलहाल कांग्रेस सांसद अब्दुल खालिक इस संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। रक्षामंत्री ने कहा, नागरिकता संशोधन अधिनियम को लेकर लोगों को गुमराह किया जा रहा है.. मैं आपको यकीन दिलाता हूं कि यह कानून किसी की नागरिकता नहीं छीनेगा। यह बस नागरिकता प्रदान करेगा। केंद्र ने सोमवार को नागरिकता संशोधन अधिनियम, 2019 को लागू किया और नियमों को अधिसूचित किया। चार साल पहले संसद ने पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान के ऐसे बिना दस्तावेज वाले गैर मुसलमानों को शीघ्र नागरिकता देने के लिए यह कानून पारित किया जो (धार्मिक उत्पीड़न के

### ●किसी की नागरिकता नहीं छीनी जाएगी

चलते) 31 दिसंबर, 2014 तक भारत आ गए थे। लोगों से अगप प्रत्याशी के पक्ष में वोट डालने की अपील करते हुए सिंह ने कहा कि भाजपा के 2019 के घोषणापत्र के अनुसार सीएए को लागू किया जा रहा है। सिंह ने राममंदिर के बारे में भी बात की और कहा कि लंबे समय में तंबू में रहने के बाद भगवान राम प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपरांत अपने मूल स्थान पर आ गए हैं। उन्होंने कहा, हमने पहले कहा था कि कोई हमें भव्य राममंदिर बनाने से नहीं रोक सकता है। अब कोई भारत में रामराज्य की स्थापना को नहीं रोक सकता। उन्होंने कहा कि तीन तलाक महिलाओं के साथ इंसाफ करने के लिए खत्म किया गया। उन्होंने विपक्ष पर हिंदुओं और मुसलमानों के बीच इस मुद्दे का सांप्रदाईकरण करने का आरोप लगाया। उन्होंने असम मुस्लिम शादी एवं तलाक पंजीकरण अधिनियम, 1935 को निरस्त करने को लेकर असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा की सराहना भी की। सिंह ने कहा, हमपर हिंदू-मुस्लिम संघर्ष कराने का आरोप लगाया जाता है। लेकिन मैं आपको एक बात बताऊं कि पांच अरब देशों ने मोदी को उनके योगदान को लेकर सर्वोच्च सम्मान प्रदान किया। यह भारत के किसी भी प्रधानमंत्री के साथ नहीं हुआ। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता ने दावा किया कि दोनों दलों में मूल अंतर यह है कि सत्तारूढ़ गठबंधन लोगों की पूजा करता है जबकि विपक्ष एक परिवार की प्रार्थना करता है। इससे पहले कोकराझार में सिंह ने दावा किया कि यह तय है कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) आगामी लोकसभा चुनाव में 400 से अधिक सीटें जीतकर सत्ता में लौटेगा।

## ममता चोटिल, अस्पताल में भर्ती

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के माथे पर बृहस्पतिवार शाम चोट लग गई जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने यह जानकारी दी। ममता बनर्जी (69) के परिवार ने कहा कि वह एक कार्यक्रम में हिस्सा लेकर दक्षिण कोलकाता के कालीघाट स्थित अपने घर पहुंची थीं। घर में वह गिर गईं। तृणमूल कांग्रेस ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा हमारी अध्यक्ष ममता बनर्जी को बड़ी चोट लगी है। कृपया उनके लिए प्रार्थना करें। पार्टी ने बनर्जी के माथे से खून बहने की तस्वीरों को पोस्ट किया है। टीएमसी सूत्रों के मुताबिक, पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और ममता के भतीजे अभिषेक बनर्जी ने उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया। ममता के भाई कार्तिक बनर्जी ने एक बांग्ला समाचार चैनल को बताया, वह घर के अंदर गिर गईं।

## असम में 110 करोड़ रुपए मूल्य के मादक पदार्थ जब्त

**गुवाहाटी।** असम के कछार जिले में बृहस्पतिवार को 110 करोड़ रुपए मूल्य के मादक पदार्थ की एक बड़ी खेप जब्त की गई और एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने यह जानकारी दी। गुप्त सूचना पर कार्वाई करते हुए धोलाई इलाके के लोकनाथपुर में एक अभियान के दौरान 12 किलोग्राम से अधिक हेरोइन और ब्राउन शुगर बरामद की गई। मुख्यमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 110 करोड़ रुपए कीमत की मादक पदार्थ की खेप जब्त। गुप्त सूचना के आधार पर, कछार पुलिस ने आज धोलाई के लोकनाथपुर में एक अभियान चलाया और 12 किलोग्राम से अधिक हेरोइन और ब्राउन शुगर बरामद की।

# पेपर लीक प्रकरण के दोषियों के खिलाफ की जा रही कड़ी कार्रवाई: राजस्थान मुख्यमंत्री



**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पेपर लीक प्रकरण के दोषियों के खिलाफ सख्त कार्वाई करने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है तथा अपराधियों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने पेपरलीक एवं भर्ती घोटाले के प्रति कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति अपनाने के निर्देश देते हुए कहा कि ऐसी गतिविधियों में लिप्त बड़े से बड़े अपराधी अथवा भ्रष्ट सरकारी कर्मचारियों कि विरूद्ध कड़ी कार्वाई करें जिससे इस समस्या को जड़ से समाप्त किया जा सके।उन्होंने भर्ती घोटालों में संदिग्ध भूमिका वाले राज्य के कर्मचारियों को चिह्नित करने के भी निर्देश दिए।शर्मा ने इन प्रकरणों में मुस्तैदी के साथ काम कर रहे विशेष अभियान समूह (एसओजी) दल की हौसला अफजाई की।मुख्यमंत्री बृहस्पतिवार को पेपर लीक प्रकरण में गठित एसओजी दल की कार्यवाही की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे।उन्होंने कहा कि पेपर लीक जैसे प्रकरण युवाओं के सपनों पर कुठाराघात हैं। एसओजी की इस अनुकरणीय कार्यवाही की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि इससे आमजन और युवाओं का कानून व्यवस्था में विश्वास मजबूत हुआ है जो प्रदेश के समग्र विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।उन्होंने कहा कि एसओजी टीम सही दिशा में कार्वाई कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विशिष्ठ एवं उल्लेखनीय सेवाओं के लिए पुलिसकर्मियों को विशेष पुरस्कार दिए जाएंगे।

## कर्नाटक सरकार ने पुलिस भर्ती घोटाले की जांच के लिए एसआईटी के गठन को मंजूरी दी

बेंगलुरु। कर्नाटक कैबिनेट ने पुलिस सब-इंस्पेक्टर भर्ती घोटाले की जांच के लिए बृहस्पतिवार को विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करने का फैसला किया। विशेष जांच दल गठित करने का फैसला न्यायमूर्ति बी वीरप्पा आयोग की सिफारिशों पर किया गया है। न्यायमूर्ति वीरप्पा ने हाल ही में घोटाले के संबंध में अपनी रिपोर्ट सौंपी और कहा कि इसमें सरकारी अधिकारी, कर्मचारी और कुछ बिचौलिए समेत 113 लोग शामिल थे। कर्नाटक के राजस्व मंत्री कृष्णा बायर गौड़ा ने संवाददाताओं से कहा कि कुछ लोगों ने समन का जवाब नहीं दिया, हालांकि उन्होंने सार्वजनिक रूप से बयान दिए लेकिन आयोग के सामने पेश नहीं हुए। मंत्री ने कहा कि आयोग के पास उन्हें जबरन बुलाने की शक्ति नहीं है, इसलिए उसने सिफारिश की है कि ऐसे

## भाजपा की ओडिशा इकाई के अध्यक्ष ने राज्य में पार्टी के अकेले चुनाव लड़ने वाले बयान को वापस लिया

**भाषा।** भुवनेश्वर

**भारतीय जनता** पार्टी (भाजपा) की ओडिशा इकाई के अध्यक्ष मनमोहन सामल ने अपने उस बयान को कुछ ही घंटों बाद वापस ले लिया जिसमें उन्होंने दावा किया था कि पार्टी राज्य में अपने दम पर चुनाव लड़ेगी। सामल ने बृहस्पतिवार को कहा कि इस संबंध में पार्टी के संसदीय दल का निर्णय अंतिम होगा।सामल का पिछला बयान ऐसे समय में आया जब बीजू जनता दल (बीजद) और भाजपा के बीच चुनाव पूर्व गठबंधन की चर्चा हो रही है। केंद्रीय मंत्री अमित शाह से मुलाकात के बाद दिन में राष्ट्रीय राजधानी से लौटने पर सामल ने कहा, भाजपा लोगों के आशीर्वाद और सहयोग से राज्य में अपने दम पर सरकार बनाएगी। इस बयान के लगभग दो घंटे बाद उन्होंने कहा, हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष या संसदीय दल जो भी कहेंगे, वही अंतिम निर्णय होगा। मीडिया को मेरे बयान के आधार पर कहानी नहीं बनानी चाहिए।

# संदेशखालि : ईडी ने शेख के सहयोगियों, रिश्तेदारों के आवासों पर छापेमारी की

**भाषा।** कोलकाता

**प्रवर्तन निदेशालय** (ईडी) ने कथित राशन वितरण घोटाले के सिलसिले में बृहस्पतिवार को पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में गिरफ्तार तृणमूल कांग्रेस के नेता शाहजहां शेख के करीबी सहयोगियों और रिश्तेदारों के घरों पर छापे मारे। एक अधिकारी ए यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि उन्होंने जमीन हड़पने के एक मामले में कुछ दस्तावेज और डायरियां जब्त कीं। पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के धमखाली में तीन स्थानीय व्यापारियों और शेख के करीबी सहयोगियों के घरों पर तलाशी ली गई। यह कार्यवाही कम से कम सात घंटे तक जारी रही। इसके अलावा, उत्तर 24 परगना जिले के रामपुर में शेख के रिश्तेदारों के घरों पर भी छापेमारी की गई। ईडी अधिकारी ने पीटीआई-भाषा को बताया, ए तीन व्यवसाई और कुछ अन्य लोग, जिनमें अधिकतर शेख के रिश्तेदार हैं।

### शाहजहां की सीबीआई हिरासत आठ दिन बढ़ी

बारासात (पश्चिम बंगाल)। पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में स्थित एक अदालत ने बृहस्पतिवार को संदेशखालि मामले के आरोपी शाहजहां शेख की सीबीआई हिरासत आठ दिन के लिए बढ़ा दी। करीब 55 दिनों तक फरार रहे शेख को 29 फरवरी को गिरफ्तार किया गया। महिलाओं ने उस पर यौन उत्पीड़न और जमीन हड़पने के आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया था। पांच जनवरी को कथित राशन घोटाले में शेख के घर की तलाशी लेने गई प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम पर भीड़ द्वारा हमला किए जाने के बाद वह लापता हो गया था।

# राहुल को ऐसी सीट से लड़ना चाहिए जहां सीधे तौर पर भाजपा से टक्कर: राजा

**भाषा।** नई दिल्ली



**भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी** (भाकपा) के महासचिव डी राजा ने बृहस्पतिवार को कहा कि केरल के वायनाड से राहुल गांधी को चुनावी मैदान में उतारना कांग्रेस का विशेषाधिकार है, लेकिन जनता की राय यह है कि उनके कद के नेता को ऐसी सीट से चुनाव लड़ना चाहिए जहां वह सीधे तौर पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को चुनौती दे। वायनाड से भाकपा ने राहुल गांधी के खिलाफ राजा की पत्नी एनी राजा को उम्मीदवार बनाया है। राजा ने पीटीआई-भाषा को दिए साक्षात्कार में विपक्षी गठबंधन इंडिया के संदर्भ में कहा कि कुछ मतभेद होना स्वाभाविक है, लेकिन इस गठबंधन ने लोगों के समक्ष वैकल्पिक एजेंडा पेश किया है। राहुल गांधी के खिलाफ वायनाड में एनी राजा को उम्मीदवार बनाए जाने के संदर्भ में वामपंथी नेता ने कहा, जनता की राय है कि उनके कद के नेता को भाजपा के खिलाफ चुनाव लड़ना चाहिए था। क्योंकि हम राष्ट्रीय एवं राज्यों के स्तर पर वैचारिक, राजनीतिक रूप से भाजपा से लड़ रहे हैं। राजा ने कहा, केरल एक ऐसा राज्य है जहां मुख्य चुनावी मुकाबला एलडीएफ और यूडीएफ के बीच है और वहां केवल 20 सीट हैं।

## राहुल ने त्रयंबकेश्वर में पूजा की

**भाषा।** नासिक



**कांग्रेस नेता** राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को महाराष्ट्र के नासिक शहर में त्रयंबकेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना की। त्रयंबकेश्वर देश के 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक है। गांधी ने भगवान शिव के मंदिर में अभिषेक, पूजा और आरती की। मंदिर के न्यासियों ने राहुल गांधी को प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के पिता मोतीलाल नेहरू के लेख दिखाए। गांधी की मंदिर यात्रा के दौरान पार्टी के नेता बालासाहेब थोराट और विधायक हीरामन खोसकर सहित प्रदेश कांग्रेस के नेता उनके साथ थे। गांधी अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के तहत दोपहर में नासिक शहर पहुंचे और एक रोड शो और नुक्कड़ सभा की। इससे पहले, कांग्रेस नेता ने राकांपा संस्थापक शरद पवार और शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत के साथ नासिक जिले के चांदवाड में किसान रैली को संबोधित किया। गांधी की यात्रा पालघर जिले के मोरचोंडी पहुंच गई है। यात्रा का समापन 17 मार्च को मुंबई में होगा।

## क्विक न्यूज

### पूर्व राष्ट्रपति कोविंद ने राष्ट्रपति भवन परिसर में अपने नाम पर बनी सड़क का उद्घाटन किया

**नई दिल्ली।** पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने बृहस्पतिवार को राष्ट्रपति भवन एस्टेट में उनके नाम पर एक सड़क का उद्घाटन किया। सुबह में, एक साथ चुनाव कराने पर उच्च स्तरीय समिति के कुछ सदस्यों के साथ कोविंद ने एक राष्ट्र, एक चुनाव के समर्थन में समिति की रिपोर्ट सौंपने के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। कोविंद ने सोशल मीडिया पर इसके लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, आज राष्ट्रपति भवन में मेरे नाम पर बनी सड़क यानी वीथि के उद्घाटन पर सम्मानित महसूस किया। हमारी विरासत को संरक्षित करने का यह महत्वपूर्ण कार्य समावेशिता और सांस्कृतिक गौरव के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। इस भाव के लिए आभारी हूं। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रपति भवन संग्रहालय में उनकी और उनकी पत्नी सविता कोविंद की तस्वीर और यादगार वस्तुओं का अनावरण करने वाले मुर्मू के सहृदय भाव से वह बहुत प्रभावित हुए। उन्होंने कहा, हमारी विरासत को संजोया और मनाया जाता देखना सम्मान की बात है। मैं इसमें शामिल सभी लोगों के प्रति अपना आभार व्यक्त करता हूं।

### छात्रा से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को दस साल की सजा

**फरीदाबाद।** हरियाणा के फरीदाबाद में एक छात्रा के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को स्थानीय अदालत ने दस साल के कारावास की सजा सुनाई है। एक अधिवक्ता ने इसकी जानकारी दी। अधिवक्ता ने बताया कि कम्प्यूटर साइंस से डिप्लोमा करने वाली छात्रा के साथ दुष्कर्म करने वाले को अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हेमराज मित्तल की अदालत ने बृहस्पतिवार को दस साल की सजा सुनाई है और उसके खिलाफ दस हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। जिला कानूनी प्रकोष्ठ के अधिवक्ता रविंद्र गुप्ता ने बताया कि सूरजकुंड थानाक्षेत्र की एक कॉलोनी में रहने वाली सत्रह वर्षीय पीड़िता कालेज जाने के दौरान लापता हो गई। इसके बाद पिता ने बेटी की गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया। उन्होंने बताया कि पुलिस जांच से पता चला कि पीड़िता के घर के सामने रहने वाले मोहम्मद अफ्जल ने उसे पहले अगवा किया और कोलकाता एवं दिल्ली ले जा कर उसके साथ बलात्कार किया। गुप्ता ने बताया कि अदालत ने आरोपी अफ्जल को दस साल के कैद और दस हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है।

### कानून, प्रबंधन और मानविकी के करियर विकल्पों पर सेमिनार आयोजित

**नई दिल्ली।** प्रमुख डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म टॉपरैंकर्स ने कक्षा 11 और 12 के छात्रों के लिए ऑफलाईन सेमिनार उड़ान एक्सप्लोरिंग करियर्स इन ला मैनेजमेन्ट एण्ड ह्युमेनिटीज़् की घोषणा की है। सेमिनार का आयोजन देश भर में टॉपरैंकर्स के सेंटरों एवं अन्य प्रथम स्थानों में 17 मार्च 2024 को फॉर्च्यून पार्क बीबीडी लखनऊ स्लॉट. 11-12: 30 अपराह्न और 2-3: 30 अपराह्न होगा। कानपुर में 17 मार्च 2024 को नटराज द थिएटर केडीएमए वर्ल्ड स्कूल स्लॉट.11 12: 30 अपराह्न और 1 अपराह्न . 02: 30 अपराह्न कानपुर होगा। यह आयोजन छात्रों को लॉ मैनेजमेन्ट एवं ह्युमेनिटीज़ में करियर के उभरते अवसरों के बारे में बताएगा। सेमिनार उड़ान छात्रों को लॉ मैनेजमेन्ट एवं ह्युमेनिटीज़ में करियर के विभिन्न अवसरों के बारे में जानकारी प्राप्त करने में मदद करेगा। यह उन्हें प्रवेश परीक्षाओं की बारीकियों, कॉलेज के आवेदनों तथा एकेडमिक यात्रा के दौरान अन्य चुनौतियों को जानने तथा आत्मविश्वास के साथ करियर में आगे बढ़ने में मदद करेगा। गौरव गोयल सीईओ एवं सह.संस्थापक टॉपरैंकर्स ने कहा कि इसके अलावा सेमिनार में हिस्सा लेने वाले छात्र 12वीं कक्षा के बाद विभिन्न प्रवेश परीक्षाओं,एडमिशन की प्रक्रियाओं तथा कॉलेजों एवं युनिवर्सिटियों के लिए आवेदन की दिनांकों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकेंगे।

### ग्लोब टेक्सटाइल के राइट ऑफर से मिलेगा लाभ

**मुंबई।** ग्लोब टेक्सटाइल भारत लिमिटेड के द्वारा राइट ऑफर किया गया, जिसका उद्घाटन 6 मार्च 2024 को हुआ और 15 मार्च 2024 को समाप्त होगा। शेयरहोल्डरों को 23 फरवरी 2024 के रिकॉर्ड तिथि के अनुसार प्रत्येक पूर्ण पेड़अप इक्विटी शेयर के लिए एक राइट इक्विटी शेयर प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। प्रोमोटर्स ने कंपनी के राइट्स ऑफ़र में अपनी भागीदारी की इच्छा जाहिर की हैए जिसमें उन्होंने कंपनी के राइट्स ऑफ़र डॉक्यूमेंट में उल्लेखित 40.91 प्रतिशत तक के हिस्सेदारी का वादा किया है। कंपनी के अधिकारियों के अनुसार प्रोमोटर्स और प्रोमोटर समूह के सदस्यों ने अपने हक की पूरी तक भागीदारी की है, जिसमें किसी अन्य प्रोमोटर या प्रोमोटर समूह के सदस्य द्वारा उनके हक को अधिकार दायित्वों का अधिकार स्वीकृत किया गया था। इस ऑफर के आय का हिस्सा अग्रसर एकीकृतीकरण के माध्यम से होने जा रहे अधिग्रहण के लिए उपयोग किया जाएगाए जो अगले 3 साल में संयुक्त राजस्व में 30 प्रतिशत से अधिक की अनुमानित वृद्धि में मदद करेगा। मुख्य कार्यकारी अधिकारी मिस्टर भाविन परीख ने कहा कि कि कंपनी की भविष्य की योजनाओं में विश्वास दिखाते हुएए प्रोमोटर्स ने पत्रप्रस्ताव में उल्लिखित अधिकार अधिकारिता के पूर्णता तक सदस्यता ली है।

### गर्मी बढ़ रही, शरीर को मिनरल्स से होगा लाभ

**नई दिल्ली।** गर्मी के साथ ही हर साल की तरह इस साल भी रसना एक नए अभियान के साथ सामने आई है, जो न केवल उनके 21 विटामिन और मिनरल्स पर प्रकाश डालता है जो हमें ऊर्जावान बनाते हैं, बल्कि उन भावनाओं को भी उजागर करता हैं जो प्यार, खुशी,जोश और सफ लता के विटामिन हैं। व्यापक अनुसंधान और उत्पाद स्वाद परिणामों के आधार पर रसना को वास्तविक फलों के एक्सट्रैक्ट अर्क के साथ एक विटामिन मिलरल और ग्लूकोज पेय के रूप में पुनः तैयार किया गया है। नया अभियान रसना के ग्राहकों और उनकी बढ़ती जरूरतों को समझने में मदद करने के लिए पूरे भारत में किए गए व्यापक बाजार अनुसंधान का परिणाम है। रसना के पास अपने सब ब्राण्ड रसना हेल्दी डे के तहत एक संपूर्ण वेलनेस रेंज भी है, जिसमें शुद्ध हनीए प्रोटीन पाउडर, हनी,माल्ट,आधारित पाउडरए चॉकलेट स्प्रेडए इंस्टेंट सूप आदि शामिल हैं। फेस ऑफयूथ और कई लोगों के दिलों की धड़कन सनसनीखेज तमन्ना भाटिया का शामिल होना है। वास्तव में, तमन्ना बचपन से ही रसना की प्रशंसक रही हैं और रसना का सेवन करती रही हैं। रसना ग्रुप के चेयरमैन पिरुज खंबाटा ने कहा कि हमें बहुत गर्व है कि तमन्ना भाटिया जैसी सेलिब्रिटी भी रसना को अपने बचपन की पसंदीदा होने का समर्थन करने के लिए इतनी उत्सुक थी। उन्होंने अपनी बात जारी रखते हुए कहा कि हमारे प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के आय को दोगुना करने के दृष्टिकोण के अनुरूप रसना एक गौरवशाली मेक इन इण्डिया ब्राण्ड है, जो केवल स्थानीय रूप से प्राप्त उत्पादों के साथ बनाया जाता है।

### दुबई में रमजान के महीने भारतीय व्यंजन की मांग

**मुंबई।** रमज़ान का महीना शुरू हो गया है और यह दुबई में अपने प्रियजनों के साथ आध्यात्मिक एवं गुणवत्तापूर्ण समय बिताने का अच्छा समय है। यहां आपको इफ़्तार और सुहूर के ढेरों विकल्प मिलेंगे। पारम्परिक दावत से लेकर प्रमाणिक व्यंजनों तक यहां बहुत से विकल्प उपलब्ध हैं। इसके अलावा दुबई शहर में इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता हैए जैसे रमज़ान की मार्केट्स जो क्षेत्र की समृद्ध धरोहर की एक झलक प्रस्तुत करती हैं। बॉम्बे बंगलॉ, यूएई का स्वदेशी और मिशलीन गाईड फीचर्ड रेस्टोरेन्ट सांस्कृतिक रूप से समृद्ध व्यंजन और प्रमाणिक भारतीय फ्लेवर्स लेकर आता है। यहां आप जेबीआर बीच और ऐन दुबई के नज़ारों का आनंद उठाते हुए स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ़उठा सकते हैं। 110 दिरहम प्रति व्यक्ति की कीमत पर बॉम्बे बंगलॉ का नया इफ़्तार मैन्यु किफ़ायती और प्रमाणिक है जहां आपको रमज़ान का आध्यात्मिक अनुभव मिलेगा। स्टार्टर्स की बात करें तो मेहमानों के लिए ढेरों विकल्प हैं। सूरज डूबने के साथ ही ज़बील हाउस द ग्रीन्सए सोशल कंपनी रमज़ान की थीम पर आधारित गंतव्य में बदल जाएग, जहां आप पारम्परिक इफ़्तार का अनुभव पा सकेंगे। प्रतिष्ठित बुर्ज़ खलीफ़ा के बैकग्राउण्ड में स्थित सालवाजे दुबई इफ़्तार समारोह के लिए बेहतरीन डाइनिंग डेस्टिनेशन है। 280 दिरहम प्रति व्यक्ति की कीमत पर यह चार कोर्स का मैन्यू सूरज डूबते ही उपलब्ध होता है, जिसमें जापानी व्यंजन भी पेश किए जाते हैं। इफ़्तार को बेहतरीन आयोजन फिर से अटलांटिस लौट रहा है। पाम के जाने-माने असाटीर टेंट इस साल हर रात 1400 मेहमानों का स्वागत करेंगे।

### इंडकल टेक्नोलॉजीज़ से बचेगी बिजली

**नई दिल्ली।** भारत में एसर होम अप्लायंसेज़ के आधिकारिक लाईसेंसी इंडकल टेक्नोलॉजीज़ प्राईवेट लिमिटेड ने एसर एयरकंडीशनर्स की 2024 श्रृंखला पेश की है। होम कूलिंग का अनुभव बेहतर बनाने के लिए निर्मित ये एयर कंडीशन 1 टन 3 और 5 स्टार रेटिंग 1.5 टन , 3 और 5 स्टार रेटिंग और 2 टन , 3 स्टार रेटिंग में उपलब्ध होंगे। इन एयरकंडीशनर्स में आर्कटिकरैप कूलिंग, एआईसेंस और कूलस्फेयर एयरफ्लो मैनेजमेंट जैसी अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी हैं। एसर एसी की इंटैलिजेंट एआईसेंस टेक्नोलॉजी की मदद से ये मशीनें एडैप्टिव कूलिंग इंटैलिजेंस के साथ आती हैं जिसकी मदद से ये यूज़र की पसंद के अनुरूप अनुकूलित हो जाते हैं, और बाहरी तापमान के आधार पर कूलिंग की सैटिंग को भी ऑप्टिमाईज़ कर देते हैं, ताकि बिजली की खपत कम होए और बिजली का बिल कम आए। इंडकल टेक्नोलॉजीज़ प्राईवेट लिमिटेड के सीईओए आनंद दुबे ने कहा कि हम एसर एयरकंडीशनर्स की 2024 श्रृंखला पेश करके बहुत उत्साहित हैं।

### राजनीतिक उथल-पुथल, प्राकृतिक त्रासदियों के बावजूद कांग्रेस सरकार ने लंबित मुद्दे सुलझाए: सुक्खू

शिमला। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य की कांग्रेस सरकार ने राजनीतिक उथल-पुथल प्राकृतिक त्रासदियों एवं आर्थिक चुनौतियों का सामना करने के बावजूद लंबित समस्याओं को हल किया है। उन्होंने कहा कि वह पिछले 15 महीनों में किए गए कार्यों को जनता के दरबार में प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछली भाजपा सरकार ने मुद्दों का समाधान करने की कभी कोशिश नहीं की और उन्हें लटकाए रखा। यहां मीडियाकर्मियों से बातचीत करते हुए सुक्खू ने कहा, कांग्रेस सरकार ने लंबित समस्याओं का समाधान किया, हमने आर्थिक, त्रासदी और राजनीतिक मोर्चे पर चुनौतियों का सामना किया है।

# अमेरिका में बढ़ रहा है हिंदू फोबिया: श्री थानेदार

**भाषा।** वाशिंगटन



**भारतीय मूल** के अमेरिकी सांसद श्री थानेदार ने कहा है कि हाल ही में अमेरिका में हिंदू फोबिया में वृद्धि देखी गई है, जिससे लड़ने की जरूरत है क्योंकि इस देश में नफरत के लिए कोई जगह नहीं है।

थानेदार ने हिंदू समुदाय के खिलाफ बढ़ते घृणा अपराध से लड़ने की मांग करने वाले हिंदू नेताओं और संगठनों के एक समूह में शामिल होने के अवसर पर यह बात कही।

हिंदूएक्शन नामक संगठन द्वारा आयोजित एक बैठक के दौरान विभिन्न भारतीय अमेरिकी समूहों के प्रतिनिधियों ने बुधवार को अमेरिका की राजधानी में मुलाकात की।

थानेदार ने कहा, हम अमेरिका में बहुत अधिक हिंदू फोबिया (हिंदुओं को लेकर एक प्रकार की असुरक्षा की भावना) देखते हैं। हमने कैलिफोर्निया एसबी403 (जातिगत भेदभाव पर प्रतिबंध लगाने वाला विधेयक) देखा है, और यह तो बस शुरुआत है। हमारे मंदिरों पर हमले और दुनिया भर में हिंदुओं पर हमले। यही एक कारण है कि मैंने हिंदू कॉकस बनाने का फैसला किया है।

डेमोक्रेटिक पार्टी के सदस्य थानेदार ने कहा, अमेरिकी कांग्रेस में पहली बार, हमारे पास एक हिंदू कॉकस है। हम यह सुनिश्चित करने के लिए कई पहल कर रहे हैं कि लोगों को अपने धर्म का पालन करने की धार्मिक स्वतंत्रता हो जिस तरह से वे चाहते हैं। हमें इस भय, कट्टरता और नफरत से लड़ने की जरूरत है। क्योंकि अमेरिका में नफरत के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए, लोगों के धार्मिक अधिकारों के खिलाफ नफरत के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए। और इसलिए हम कांग्रेस में इसी पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन की सुहाग शुक्ला ने कहा कि विशेष रूप से कॉलेज परिसरों में बड़े पैमाने पर हिंदू विरोधी पूर्वाग्रह और नफरत के मामले सामने आ रहे हैं। उन्होंने अमेरिका में हिंदू समुदाय के खिलाफ घृणा अपराध की कुछ प्रमुख घटनाओं का भी उल्लेख किया। सुहाग शुक्ला ने कहा, पिछले दो वर्षों में हमने हिंदू विरोधी घटनाओं में वृद्धि देखी है। जिन सभी मंदिरों पर हमलों का मैंने उल्लेख किया है, उन सभी सड़क हमलों के साथ वीडियो में पकड़े गए अपराधी, जिनका मैंने उल्लेख किया है। हमलों के दौरान दिए गए बयान, भित्ति लेखन की प्रकृति और सामग्री ए सभी खालिस्तान आंदोलन की ओर इशारा करते हैं। जब सिख समुदाय के कुछ लोग हिंदू विरोधी घटनाओं के खिलाफ बोल रहे हैं, तो उन पर शारीरिक हमला किया गया है।

# अमेरिकी धरती का इस्तेमाल भारत के खिलाफ आतंकी गतिविधियों के लिए हो रहा है

**भाषा।** वाशिंगटन

अमेरिका में सिलिकॉन वैली के प्रतिष्ठित भारतीय-अमेरिकियों के समूह ने न्याय विभाग, संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक विशेष बैठक की तथा उन्हें बताया कि अमेरिकी धरती का इस्तेमाल भारत के खिलाफ आतंकवादी गतिविधियों के लिए किया जा रहा है।

समूह ने कैलिफोर्निया में हिंदुओं के खिलाफ बढ़ते घृणा अपराधों को लेकर इस हफ्ते न्याय विभाग, एफबीआई और स्थानीय पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की।

बैठक में मौजूद कई लोगों के मुताबिक, भारतीय-अमेरिकियों ने इस बात पर नाराजगी और असंतोष व्यक्त किया कि अमेरिका में कानून प्रवर्तन एजेंसी उन लोगों के खिलाफ कोई कार्वाई नहीं कर रही हैं जो भारत में आतंकवादी गतिविधियों का समर्थन करते हैं।

हिंदू और जैन मंदिरों के खिलाफ घृणा अपराधों में वृद्धि को लेकर समुदाय के नेता अजय जैन भूटोरिया की पहल पर बैठक आयोजित की गई थी। इसमें करीब दो दर्जन प्रतिष्ठित भारतीय-अमेरिकियों ने शिरकत की।

न्याय विभाग के सामुदायिक संबंध सेवा से विंसेंट प्लैयर और हरप्रीत सिंह मोखा के साथ-साथ एफबीआई अधिकारी और सैन फ्रांसिस्को, मिलपिटास, फ्रीमोंट और नेवार्क के पुलिस विभागों के अधिकारी भी बैठक में शामिल हुए।

बैठक के बाद भारतीय-अमेरिकियों ने कहा कि उन लोगों खासकर हिंदुओं के खिलाफ घृणा अपराधों में अचानक बढ़ोतरी से समुदाय में बहुत भय और चिंता है।

उन्होंने कहा कि खालिस्तान समर्थक लोग स्कूलों और भारतीयों से संबंधित किराने की दुकानों के बाहर ट्रक खड़े कर देते हैं और युवा भारतीय-अमेरिकियों को डराते हैं।

समुदाय के कई सदस्यों ने इस बात पर अपनी नाराजगी जताई कि कानून प्रवर्तन एजेंसियां उन लोगों के खिलाफ कोई कार्वाई नहीं कर पाई हैं, जो सैन फ्रांसिस्को में भारतीय वाणिज्य दूतावास को जलाने की कोशिश में शामिल थे और खुलेआम भारतीय राजनयिकों को धमकी दे रहे थे और भारत में आतंकवादी घटनाओं के लिए खुला आह्वान कर रहे थे।

बैठक में मौजूद कुछ सदस्यों ने पीटीआई को बताया कि वरिष्ठ कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने कहा कि उन्हें अमेरिका में खालिस्तान आंदोलन के बारे में जानकारी नहीं है और वे चाहते हैं कि भारतवंशी अमेरिका में इन आतंकवादी समूहों के बारे में जानकारी बढ़ाने में उनकी मदद करें।

उन्होंने यह भी कहा कि वे संसाधनों और धन की कमी के कारण कार्वाई नहीं पाए और उनकी अन्य सर्वोच्च प्राथमिकताएं हैं।

भूटोरिया ने कहा, यह बैठक एक महत्वपूर्ण मौका था क्योंकि हम लोग हिंदू पूजा स्थलों को निशाना बनाकर घृणा अपराधों में वृद्धि का मुकाबला करने के लिए एकजुट हुए थे।

उन्होंने कहा, पिछले चार महीनों में, सिर्फ बे क्षेत्र में 11 से अधिक मंदिरों पर हमले किए गए, तोड़फोड़ की गई और घृणित बातें लिखी गईं। हमारे समुदाय में भय है, लेकिन हमारा सामूहिक संकल्प पहले से कहीं अधिक मजबूत है।

# ऑस्ट्रिया ने दो रूसी राजनयिकों को निष्कासित किया

**एपी।** विएना

**ऑस्ट्रिया ने** बुधवार को कहा कि उसने राजधानी विएना में स्थित रूसी दूतावास के दो राजनयिकों को देश छोड़ने का आदेश दिया है। एक ऑस्ट्रियाई अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दोनों राजनयिकों को जासूसी गतिविधियों में शामिल होने के चलते निष्कासित किया गया है। विदेश मंत्रालय ने एक संक्षिप्त बयान जारी कर बताया कि रूस के दो राजनयिक पद पर रहते हुए असंगत कृत्य में शामिल थे, इसलिए उन्हें निष्कासित किया गया है।

उन्होंने राजनयिकों या उनके कथित कार्यों के बारे में कोई और विवरण नहीं दिया। राजनयिकों ऑस्ट्रिया छोड़ने के लिए 19 मार्च तक का समय दिया गया है। मामले की जानकारी रखने वाले एक ऑस्ट्रियाई अधिकारी ने कहा कि राजनयिकों को जासूसी के आरोप में देश से निष्कासित किया गया है। अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर इस बारे में जानकारी साझा की है।

ऑस्ट्रिया में रूसी दूतावास ने अपने टेलीग्राम चैनल पर एक बयान जारी कर कहा कि वह रूसी दूतावास के दो कर्मचारियों को देश से निकालने के ऑस्ट्रिया विदेश मंत्रालय के फैसले से नाराज है। रूसी दूतावास की ओर से जारी किए गए बयान में कहा गया है हमारे राजनयिकों को निकालने के बारे में किसी भी प्रकार का कोई सबूत पेश नहीं किया गया। राजनयिकों द्वारा वियना कन्वेंशन का उल्लंघन करने के बारे में भी सबूत नहीं दिया गया है। यह ऑस्ट्रियाई अधिकारियों का पूरी तरह से राजनीतिक निर्णय है, जिसे हम स्पष्ट रूप से स्वीकार नहीं करते हैं।

# आरक्षित सीटों पर इमरान खान समर्थित सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल की याचिका खारिज

**भाषा।** पेशावर

**जेल में** बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी को एक बड़ा झटका देते हुए एक शीर्ष पाकिस्तानी अदालत ने बृहस्पतिवार को सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआईसी) द्वारा दायर एक याचिका को खारिज कर दिया। ए परिषद खान की पार्टी के सांसदों के लिए एक मंच के तौर पर काम कर रही है जिससे उसे राष्ट्रीय और प्रांतीय सभाओं में महिला व अल्पसंख्यक सीटें आवंटित हो सकें।

जियो न्यूज की खबर के अनुसार, पांच सदस्ईय पेशावर उच्च न्यायालय ने एसआईसी की याचिका पर सुनवाई करते हुए सर्वसम्मति से इसे खारिज कर दिया।

पाकिस्तान निर्वाचन आयोग (ईसीपी) ने 4-। के बहुमत के फैसले में, 4 मार्च को पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ समर्थित एसआईसी की सीटें हासिल करने की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। आयोग ने आरक्षित सीटों के लिए पार्टी सूची प्रस्तुत करने में गैर उपचारात्मक कानूनी दोष और अनिवार्य प्रावधानों के उल्लंघन का हवाला दिया था।

पाकिस्तान के अटॉर्नी जनरल (एजीपी) मंसूर उस्मान अवान और पाकिस्तान पीपल्स पार्टी और ईसीपी के वकीलों ने बुधवार को अपनी दलीलें पूरी कर ली थीं।

एजीपी अवान ने तर्क दिया था कि एक राजनीतिक दल को आरक्षित सीटें तभी मिल सकती हैं जब वह सामान्य सीट जीतेगी। ईसीपी के वकील सिकंदर बशीर मोमंद ने उनके तर्कों का समर्थन करते हुए कहा कि एसआईसी एक राजनीतिक दल है, लेकिन संसदीय नहीं।

इस बीच, निर्वाचन आयोग ने घोषणा की कि नेशनल असेंबली की छह रिक्त सीटों और प्रांतीय असेंबली की 17 सीटों के लिए उपचुनाव 21 अप्रैल को होंगे।

## अमेरिकी कांग्रेस समिति पाकिस्तान चुनाव पर सुनवाई करेगी

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिकी कांग्रेस** (संसद) की एक समिति ने कहा है कि वह पाकिस्तान में पिछले महीने हुए चुनावों पर 20 मार्च को बहस करेगी। इन चुनावों में धांधली का आरोप लगा है। बहस का शीर्षक है,"चुनावों के बाद पाकिस्तान: पाकिस्तान में लोकतंत्र के भविष्य का परीक्षण और अमेरिका-पाकिस्तान संबंध"।

दो दर्जन से ज्यादा सांसदों ने पाकिस्तान में आठ फरवरी को हुए चुनाव की निष्पक्षता को लेकर चिंता व्यक्ति की थी जिसके बाद 20 मार्च को दक्षिण एशियाई देश पर बहस की घोषणा की गई।

चुनाव में धांधली के आरोप लगे हैं। जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी ने कहा है कि जनादेश को चुरा कर नई सरकार का गठन किया गया है। खान की पार्टी समर्थित 90 से ज्यादा निर्दलीय उम्मीदवारों ने जीत हासिल की है और नेशनल असेंबली में उनकी संख्या सबसे ज्यादा है। पूर्व प्रधानमंत्री नवाज़ शरीफ की पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज़ (पीएमएल-एन) और पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो की पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) ने गठबंधन कर सरकार बनाई है।

दक्षिण और पश्चिम एशियाई मामलों के सहायक विदेश मंत्री डोनाल्ड लू को पश्चिम एशिया, उत्तरी अफ्रीका पर उपसमिति और मध्य एशिया पर सदन की विदेश मामलों की समिति के समक्ष गवाही देने के लिए कहा गया है।

# नवाज शरीफ के बेटों का गिरफ्तारी वारंट रद्द

**भाषा।** पेशावर

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के परिवार को एक बड़ी राहत देते हुए भ्रष्टाचार रोधी अदालत ने बृहस्पतिवार को उनके दो बेटों के खिलाफ स्थाई गिरफ्तारी वारंट रद्द कर दिया। वर्ष 2016 के पनामा पेपर्स घोटाले में नाम आने के बाद हसन नवाज और हुसैन नवाज ने 2018 में देश छोड़ दिया था।

उन पर पनामा पेपर्स से संबंधित भ्रष्टाचार के तीन मामलों में आरोप लगे, लेकिन वे कभी अदालत के सामने पेश नहीं हुए। अदालत ने उन्हें भगोड़ा घोषित कर दिया था। इस्लामाबाद की भ्रष्टाचार निरोधक अदालत द्वारा सात मार्च को दोनों के खिलाफ स्थाई गिरफ्तारी वारंट को बृहस्पतिवार तक निलंबित करने के बाद दोनों भाई मंगलवार को पाकिस्तान लौट आए। गिरफ्तारी वारंट निलंबित होने से देश में उनकी सुरक्षित वापसी की आखिरी बाधा भी दूर हो गई थी। बृहस्पतिवार को हसन और हुसैन इस्लामाबाद स्थित जवाबदेही अदालत में पेश हुए, जिसने दलीलें सुनने के बाद फ्लैगशिप, अल-अजीजिया और एवेनफील्ड भ्रष्टाचार मामलों में जारी स्थाई गिरफ्तारी वारंट को रद्द कर दिया। अदालत ने 50,000 रुपए के मुचलके पर उनकी जमानत भी मंजूर कर ली।

# पुलिस की कार्रवाई के खिलाफ चीन की आधिकारिक मीडिया ने किया प्रदर्शन

भाषा। पेशावर

**चीन की** मीडिया ने बृहस्पतिवार को देश के उत्तर में एक भोजनालय में संदिग्ध गैस रिसाव विस्फोट की कवरेज को रोकने के पुलिस के प्रयासों का विरोध किया। इस हादसे में सात लोगों की मौत हो गई थी जबकि 27 अन्य घायल हो गए थे। चीन में ऐसे दृश्य आम तौर पर कम ही दिखाई देते हैं जब सरकारी मीडिया द्वारा सरकारी कर्मचारियों के किसी कदम का खुले तौर पर विरोध किया जाए।

बुधवार को बीजिंग के पास सनेहे शहर में यांजियाओ टाउनशिप में एक फ्राइड चिकन की दुकान में विस्फोट हुआ था और संदेह है कि यह हादसा गैस रिसाव के कारण हुआ।

राज्य प्रसारक सीसीटीवी के एक पत्रकार को विस्फोट स्थल से सीधे खबरें प्रसारित करते समय रोका गया।

ऑनलाइन प्रसारित एक वीडियो के अनुसार, पत्रकार कई वर्दीधारी पुलिस अधिकारियों से घिरा हुआ नजर आया। पुलिसकर्मियों ने कैमरे का उपयोग बाधित किया और घटनास्थल पर संभावित खतरे के बारे में चिल्लाते रहे।

हांगकांग स्थित साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट अखबार ने बताया कि रिपोर्ट का वीडियो बृहस्पतिवार को सीसीटीवी की वेबसाइट पर उपलब्ध नहीं था।

एक अन्य वीडियो में, पत्रकारों को वर्दीधारी पुलिस अधिकारियों का एक समूह घेरे हुआ दिखा और इसमें उन्हें घटनास्थल छोड़ने के लिए कहते हुए देखा जा सकता है।

राज्य द्वारा संचालित ऑल चाइना जर्नलिस्ट एसोसिएशन ने आधिकारिक कार्वाई पर आपत्ति जताते हुए कहा कि अधिकारियों को जनता की राय को नियंत्रित करने के लिए पत्रकारों को उनके कर्तव्यों के सामान्य प्रदर्शन में बाधा नहीं डालनी चाहिए। एसोसिएशन ने अधिकारियों से आपात स्थिति की रिपोर्टिंग करते समय मीडिया के लिए ऑन-साइट साक्षात्कार आयोजित करना आसान बनाने का आग्रह किया।

# ब्रिटेन ने दक्षिणपंथी, इस्लामी चरमपंथियों से निपटने के लिए चरमपंथ की परिभाषा को और स्पष्ट किया

**भाषा।** लंदन

**ब्रिटेन की** सरकार ने पिछले साल अक्टूबर में इजराइल में हमास के आतंकवादी हमलों के बाद से बढ़े खतरों के मद्देनजर बृहस्पतिवार को चरमपंथ की एक नई और अधिक स्पष्ट परिभाषा जारी की।

इसका मकसद दक्षिणपंथी और इस्लामी चरमपंथियों के खिलाफ उदार लोकतांत्रिक सिद्धांतों का संरक्षण करना है। ब्रिटेन में चरमपंथ को अब हिंसा, घृणा या असहिष्णुता पर आधारित एक विचारधारा के प्रचार या इसे बढ़ावा देने के रूप में परिभाषित किया गया है, जिसका उद्देश्य : दूसरों के मौलिक अधिकारों और स्वतंत्रता को नकारना या ब्रिटेन की उदार संसदीय लोकतंत्र और लोकतांत्रिक अधिकारों की प्रणाली को कमजोर करना, पलटना या प्रतिस्थापित करना हो।

ब्रिटेन के समुदाय संबंधी मामलों के मंत्री माइकल गोव ने कहा कि ब्रिटेन को एक बहु-राष्ट्रीय, बहु-जातीय, बहु-आस्था वाले लोकतंत्र की सफलता की कहानी के रूप में सुरक्षित रखने के लिए परिभाषा को अद्यतन करने की आवश्यकता थी।

गोव ने कहा, लेकिन, हमारे लोकतंत्र और सहिष्णुता के हमारे मूल्यों को चरमपंथ से खतरा है। हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए, हमारे बीच जो समान है उसे सुदृढ़ करना और उग्रवाद से उत्पन्न खतरों की पहचान करने में स्पष्टता होना, दोनों ही महत्वपूर्ण है।

## क्विक न्यूज

### पीआईए ने पायलट, चालक दल के सदस्यों को ड्यूटी के दौरान रोजा नहीं रखने को कहा

**कराची (भाषा):** पाकिस्तान के राष्ट्रीय परिवाहक पीआईए ने अपने पायलट और चालक दल के सदस्यों से कहा है कि वह रमजान के महीने में ड्यूटी के दौरान रोजा नहीं रखें। पीआईए ने इसके पीछे चिकित्सा परामर्श का हवाला देते हुए कहा है कि रोजा रखने से व्यक्ति को निर्जलीकरण, आलस्य और नींद की समस्या का सामना करना पड़ता है। कॉरपोरेट सुरक्षा प्रबंधन और चालक दल चिकित्सा केंद्र दोनों ने ही सिफारिश की है कि पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस (पीआईए) के पायलट और चालक दल के सदस्यों को उड़ान के दौरान रोजा नहीं रखना चाहिए। पीआईए के एक अधिकारी ने कहा, इन सिफारिशों के आधार पर पीआईए के शीर्ष प्रबंधन ने तत्काल प्रभाव से पायलट और चालक दल के सदस्यों को अनुपालन आदेश जारी किए हैं। इन सिफारिशों के हवाले से पायलट और चालक दल के सदस्यों से कहा गया है कि जब वे अंतरराष्ट्रीय या घरेलू उड़ानों के लिए ड्यूटी पर हों तो रोजा न रखें।

### फ्लोरिडा में मोटर बोट हादसे में भारतीय छात्र की मौत

**वाशिंगटन (भाषा):** अमेरिका के फ्लोरिडा में 27 वर्षीय एक भारतीय छात्र की मोटर बोट के दूसरी मोटर बोट से टकरा जाने के कारण मौत हो गई। मीडिया की खबरों में यह जानकारी दी गई। फ्लोरिडा मत्स्य एवं वन्यजीव संरक्षण आयोग (एफडब्ल्यूसी) के अनुसार, भारत के तेलंगाना राज्य का मूल निवासी वेंकटरमण पित्तला शनिवार को किराए की । पर्सनल वॉटरक्राफ्ट (पीडब्ल्यूसी) चला रहा था, जो दक्षिण फ्लोरिडा के रहने वाले 14 वर्षीय लड़के द्वारा संचालित एक अन्य पीडब्ल्यूसी से टकरा गई। हादसे में पित्तला की मौत हो गई। उनके पार्थिव शरीर को तेलंगाना में उनके परिवार के पास वापस भेजने के लिए धन जुटाने हेतु गोफंडमी पेज बनाया गया है। इसमें दी गई जानकारी के अनुसार, पित्तला इंडियानापोलिस में इंडियाना यूनिवर्सिटी पर्ड्यू यूनिवर्सिटी में स्नातक की पढ़ाई कर रहा था। उसकी स्नातक की पढ़ाई मई में पूरी होने वाली थी। मियामी हेराल्ड समाचार पत्र की खबर के अनुसार, अभी यह स्पष्ट नहीं है कि हादसे में क्या कोई घायल भी हुआ। एफडब्ल्यूसी ने सोमवार को घटना की एक रिपोर्ट जारी की है जिसमें पित्तला तथा दूसरे लड़के का नाम है लेकिन घटना का ब्यौरा नहीं दिया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है दो मोटरबोट के आपस में टकराने से एक युवक की जान चली गई।

### कनाडा से अमेरिका में अवैध तरीके से प्रवेश करते तीन भारतीयों समेत चार गिरफ्तार

**वाशिंगटन (भाषा):** अमेरिका में अवैध रूप से प्रवेश करने की कोशिश कर रहे कम से कम तीन भारतीयों समेत चार लोगों को कनाडा सीमा से सटे एक स्थान से गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अमेरिकी सीमा गश्ती दल ने एक महिला सहित चार लोगों को उस समय गिरफ्तार किया, जब वे बफेलो शहर में अंतरराष्ट्रीय रेलमार्ग पुल पर चलती मालगाड़ी से कूदे थे। चौथा शख्स डोमिनिकन गणराज्य का नागरिक है। पुलिस के करीब आते ही पुरुषों ने उस महिला को छोड़ दिया जो घायल हो गई थी और वहां से फरार हो गए लेकिन पुलिस ने पुरुषों का पीछा करके उन्हें पकड़ लिया गया। घायल महिला को एरी काउंटी शेरिफ के अधिकारियों और अमेरिकी सीमा शुल्क और सीमा सुरक्षा अधिकारियों (सीबीपी) ने प्राथमिक उपचार दिया। इसके बाद महिला को एम्बुलेंस से स्थानीय चिकित्सा केंद्र ले जाया गया। जांच से पता चला है कि इन चारों लोगों के पास कोई दस्तावेज़ नहीं थे। मीडिया को जारी एक विज्ञप्ति में बताया गया है कि तीनों पुरुषों को बटाविया संघीय निरोध केंद्र में हिरासत में रखा गया है जहां वे निर्वासन की सुनवाई होने तक बंद रहेंगे।

# विपक्ष पर नकेल कसने के बावजूद, पुतिन की चाहत बहुत से लोग वोट दें

**द कन्वरसेशन।** कोलचेस्टर (यूके)

**रूस में** इस सप्ताह राष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान होने जा रहा है, जिसके परिणामस्वरूप लगभग निश्चित रूप से व्लादिमीर पुतिन निर्णायक रूप से छह साल के अगले कार्यकाल के लिए जीत हासिल करेंगे। जब वह ऐसा करेंगे, तो यह उन्हें जोसेफ स्टालिन के बाद सबसे लंबे समय तक पद पर बने रहने वाला नेता बना देगा। अग्रिम मतदान से संकेत मिलता है कि वह 75ü वोट अर्जित करेंगे और उन्हें बहुत कम या कोई सार्थक विरोध का सामना नहीं करना पड़ेगा।

उनके तीन मुख्य विरोधियों में से प्रत्एक को 5ü या उससे कम मतदान का संकेत मिला है, जबकि किसी भी उम्मीदवार ने महत्वपूर्ण समर्थन आकर्षित करने की संभावना के बारे में सोचा - या जो यूक्रेन में युद्ध का जोरदार विरोध करने के लिए अभियान का उपयोग करेगा - उस पर प्रतिबंध लगा दिया गया है, कैद कर लिया गया है या मार दिया गया है।

पुतिन के लिए जीत का स्पष्ट रास्ता होने के बावजूद, क्रेमलिन ने कथित तौर पर चुनावों की अगुवाई में प्रचार पर एक अरब यूरो से अधिक खर्च किया। इस बजट का अधिकांश भाग राष्ट्रवाद, एकता और पारंपरिक मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए इन्फोटेनमेंट को आवंटित किया गया था।

लेकिन तकरीबन 200 अरब अमेरिकी डॉलर की लागत वाले युद्ध के बीच में एक सरकार को एक दिखावटी चुनाव में इतना प्रयास करने की आवश्यकता क्यों महसूस हुई?

पुतिन शायद ईरान जैसे अन्य तानाशाही शासनों के समान नुकसान से बचने की कोशिश कर रहे हैं, जहां हाल के संसदीय चुनावों में 41ü का रिकॉर्ड कम मतदान हुआ, जो 1979 की क्रांति के बाद से सबसे कम है, जो इस्लामी शासन के प्रति व्यापक मोहभंग को दर्शाता है।

वेनेज़ुएला के लिए भी यही कहा जा सकता है, जिसने 2020 के संसदीय चुनावों में 31ü मतदान दर्ज किया। पुतिन निश्चित रूप से अपने सबसे बड़े प्रतिद्वंद्वी एलेक्सी नवलनी की मौत के मद्देनजर अवैधता की किसी भी धारणा या बड़े विरोध वोट से बचने की कोशिश कर रहे हैं।

फिर भी चुनाव कराने की जहमत क्यों उठाई जाए?

शोध से पता चला है कि जहां चुनाव अल्पावधि में तानाशाही के लिए कुछ जोखिम पैदा कर सकते हैं, वहीं वे निरंकुशता को लम्बा खींचने में भी मदद कर सकते हैं। उनकी वैधता पर सभी सवालों के बावजूद, उन्हें अक्सर इस तरह से प्रस्तुत किया जाता है कि विजेता को वैधता की एक डिग्री मिल सके - घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर - और इससे शासन को अपनी लोकप्रियता पर खुफिया जानकारी इकट्ठा करने में भी मदद मिलती है।

लेकिन ऐसा लगता है कि पुतिन अपने शासन की लोकप्रियता को प्रदर्शित करने की सामान्य निरंकुश परियोजना से परे जा रहे हैं। उनके शासन के 24 वर्षों में, चुनाव रूसियों के लिए शासन के प्रति अपनी वफादारी प्रदर्शित करने का एक अवसर बन गए हैं। वे एक सैन्य परेड के समान एक तमाशा हैं, और रूस पर पुतिन की नई अधिनायकवादी पकड़ का संकेत देते हैं।

यद्यपि अधिनायकवाद बढ़ रहा है, आज केवल कुछ ही शासनों को अधिनायकवादी माना जाता है - उनमें से, उत्तर कोरिया किम परिवार राजवंश द्वारा संचालित एकदलीय राज्य के साथ सबसे आगे है। अधिनायकवादी शासन को बनाए रखने के लिए जनता को शासन का प्रबल समर्थक बनने के लिए संगठित करने के लिए राज्य द्वारा बहुत अधिक प्रयास की आवश्यकता होती है। अधिकांश अधिनायकवादी शासन अपने लोगों पर लगातार जासूसी करने के लिए बड़ी मात्रा में संसाधनों का उपभोग करते हैं।

सत्तावादी शासन प्रचार और कुछ हद तक निगरानी और दमन का उपयोग कर सकते हैं, लेकिन अधिकांश भाग के लिए, निरंकुश शासन एक उदासीन और आत्मसंतुष्ट जनता को स्वीकार करने के लिए तैयार हैं जो कुछ करने के लिए तैयार नहीं है।

**पुतिन असहमति जताने वालों से कैसे निपटते हैं**

लेकिन 2022 में यूक्रेन पर हमले के बाद से रूस में चीजें बदल गई हैं। आक्रमण शुरू करने के एक महीने के भीतर, पुतिन उन लोगों के खिलाफ चेतावनी जारी कर रहे थे जो उनके युद्ध उद्देश्यों का समर्थन नहीं करते थे।

पुतिन ने कहा,"कोई भी लोग, और विशेष रूप से रूसी लोग, हमेशा सच्चे देशभक्तों को गद्दारों से अलग करने में सक्षम होंगे, और उन्हें एक गंदगी की तरह उगल देंगे जो गलती से उनके मुंह में चली गई"।

जैसे-जैसे युद्ध तीसरे वर्ष में पहुँच रहा है, पुतिन को पता है कि उन्हें लड़ने के लिए और अधिक रूसियों को बुलाने की आवश्यकता हो सकती है। परिणामस्वरूप,"महान देशभक्तिपूर्ण युद्ध" (द्वितीय विश्व युद्ध) के साथ समानता को मजबूत करने के लिए पूरे रूसी समाज में प्रचार तेज कर दिया गया है।

देशभक्ति की शिक्षा भी यूक्रेनी राज्य के प्रति अवमानना पैदा करने के लिए बनाई गई है और छात्रों और शिक्षकों को युद्ध के किसी भी विरोध की निंदा करने के लिए प्रोत्साहित किया गया है।

राज्य पर निर्भर सार्वजनिक कर्मचारियों को यूक्रेन विरोधी रैलियों में भाग लेने के लिए कहा गया है। नागरिकों को युद्ध का विरोध करने वाले पड़ोसियों के बारे में सूचित करने के लिए भी प्रोत्साहित किया गया है।

रूस मध्यम दर्जे की असहमति को बर्दाश्त करता था, लेकिन अब ऐसा नहीं है। और सज़ाएं भी बदल गई हैं. विरोध करने या शासन की आलोचना करने पर जुर्माने का सामना करने के बजाय, इन "अपराधियों" को अब जेल की सजा भुगतनी पड़ेगी।

फरवरी में रूसी मानवाधिकार कार्यकर्ता ओलेग ओरलोव के यह दावा करने के बाद कि रूस अधिनायकवादी बन गया है, उन्हें ढाई साल जेल की सजा सुनाई गई थी। जेल की सज़ाएं न केवल आम हो गई हैं, बल्कि लंबी भी हो गई हैं। कार्यकर्ता और पत्रकार व्लादिमीर कारा-मुर्ज़ा को 2022 में यूक्रेन पर रूसी आक्रमण की निंदा करने के लिए 25 साल जेल की सजा सुनाई गई थी।

पुलिस की छापेमारी भी आम हो गई है। अतीत में, शासन के केवल उल्लेखनीय आलोचक ही गिरफ्तारी का सामना कर सकते थे। आज असहमति व्यक्त करने वाले किसी भी नागरिक को प्रतिशोध का सामना करना पड़ सकता है।

यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के कुछ सप्ताह बाद, ड्यूमा ने यूक्रेन में युद्ध को "विशेष अभियान" के अलावा किसी अन्य चीज़ के रूप में संदर्भित करने के लिए कानून पारित किया - जिसमें दोषी पाए गए लोगों को 15 साल की जेल की सजा दी गई।

निस्संदेह, आक्रमण के बाद से, रूस ने अपने नागरिकों से केवल सहमति ही नहीं, बल्कि सक्रिय समर्थन की भी मांग की है। आगामी चुनाव होने के कारण अब राजनीति से दूर रहना और इसमें रुचि न लेना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यहां तक कि यूक्रेन के कब्जे वाले हिस्सों को भी (सशस्त्र लोगों द्वारा) वोट देने के लिए दृढ़ता से प्रोत्साहित किया जा रहा है। पुतिन भारी जीत हासिल करना चाहते हैं और इन चुनाव की योजना उनकी "लोकप्रियता" का समन्वित और बेतुका प्रदर्शन करने के लिए तैयार की गई है।

# मुंबई ने जीती 42वीं बार रणजी ट्रॉफी

## फाइनल में विदर्भ को हराया

भाषा। मुंबई



घरेलू क्रिकेट की दिग्गज मुंबई ने आठ साल का इंतजार खत्म करते हुए अपना ही रिकॉर्ड बेहतर करके 42वीं बार रणजी ट्रॉफी खिताब जीता। फाइनल के पांचवें और आखिरी दिन मेजबान ने विदर्भ को 169 रन से हराया। टूर्नामेंट के इतिहास में 90 में से 48वीं बार मुंबई फाइनल में पहुंची थी। वानखेड़े स्टेडियम पर खेले गए फाइनल का नतीजा लगभग उसी समय तय हो गया था जब विदर्भ को 538 रन का लगभग नामुमकिन सा लक्ष्य मिला था। विदर्भ के कप्तान अक्षय वाडकर (102) और हर्ष दुबे (65) ने हालांकि पूरे पहले सत्र में मुंबई के गेंदबाजों को परेशान किया। विदर्भ ने पांच विकेट पर 248 रन से आगे खेलना शुरू किया था और उसे 290 रन और चाहिए थे। विदर्भ की टीम 368 रन पर आउट हो गई। वाडकर ने इस साल पहला शतक जड़ने के साथ ही सत्र में 600 रन का आंकड़ा भी पार किया। वहीं दुबे ने प्रथम श्रेणी कैरियर में दूसरा अर्धशतक जमाया। दोनों ने 194 मिनट और 255 गेंद तक चली साझेदारी निभाई। दूसरे सत्र का खेल शुरू होने के कुछ देर बाद ही वाडकर को तनुष कोटियान ने आउट किया। कोटियान ने 95 रन देकर चार विकेट लिए। यह साझेदारी टूटने के बाद विदर्भ की हार पर लगभग मुहर लग गई। विदर्भ दो बार खिताब जीतने के बाद तीन बार फाइनल हार गया है। तुषार देशपांडे ने शॉर्ट गेंद पर दुबे को आउट किया। दुबे ने 128 गेंद में पांच चौकों और दो छक्कों की मदद से 65 रन बनाए। देशपांडे ने ही आदित्य सरवटे को भी पवेलियन भेजा। कोटियान ने यश ठाकुर (छह) के रूप में चौथा विकट लिया। वहीं अपने कैरियर का आखिरी मैच खेल रहे धवल कुलकर्णी ने उमेश यादव का विकेट लेकर विदर्भ की पारी का पटाक्षेप किया।

### मैं सबसे ज्यादा खुश हूं : रहाणे

**मुंबई।** अजिंक्य रहाणे के लिए बल्ले से रणजी ट्रॉफी का यह सत्र बेहद ही खराब रहा लेकिन वह गुरुवार को यहां वानखेड़े स्टेडियम मे वह सबसे खुश खिलाड़ी थे, जिनकी कप्तानी मे टीम 42वी बार इस शीर्ष घरेलू टूर्नामेंट की चैम्पियन बनी। रहाणे ने मैच के बाद पुरस्कार समारोह मे कहा, मै अपनी टीम के लिए सबसे कम रन बनाने वाले खिलाड़ियों मे से एक हूं, लेकिन आज मै सबसे ज्यादा खुश हूं। एक खिलाड़ी के तौर पर आपको अच्छे और बुरे समय का सामना करना पड़ता है। यह ड्रेसिंग रूम मे सकारात्मक माहौल बनाने और एक दूसरे की सफलता का लुत्फ उठाने के बारे मे है। यह मेरे लिए विशेष क्षण है। पिछले सत्र मे हम एक रन से नॉकआउट चरण के लिए क्वालीफाई करने से चूक गए थे। हमे टीम मे सही माहौल तैयार करना था। हम टीम मे फिटनेस संस्कृति बनाने मे सफल रहे। मै हर तरह का समर्थन करने के लिए एमसीए का शुक्रिया करना चाहूंगा। रहाणे ने इस दौरान मैच के चौथे और पांचवे दिन शानदार जज्बा दिखाने के लिए विदर्भ की तारीफ की।

# बीसीसीआई का घरेलू क्रिकेट को महत्व देना अच्छी बात: रहाणे

भाषा। मुंबई

**रिकॉर्ड 42वीं** बार रणजी ट्रॉफी का खिताब जीतने वाली मुंबई की टीम के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने घरेलू क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए गुरुवार को यहां भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की सराहना की। बीसीसीआई ने सीनियर क्रिकेटरों से रणजी ट्रॉफी जैसी घरेलू प्रतियोगिताओं में भाग लेने का आग्रह किया है। मुंबई की रणजी ट्रॉफी में जीत के बारे में रहाणे ने कहा कि टीम को अगले सत्र में इस प्रदर्शन को दोहराने पर ध्यान देना चाहिए। एक टीम के रूप में हमने पिछले दो वर्ष में अच्छी क्रिकेट खेली है। हमारे खिलाड़ी लगातार भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करते रहे हैं जो मुंबई क्रिकेट के लिए अच्छे संकेत हैं। प्रदर्शन में लगातार सुधार करना महत्वपूर्ण है। हम आने वाले वर्षों में



इस तरह के प्रदर्शन को दोहराना चाहते हैं, इसलिए हमारा ध्यान अब इस पर केंद्रित रहेगा। भारत की तरफ से 12 वनडे और दो टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले मुंबई के तेज गेंदबाज धवल कुलकर्णी ने रणजी ट्रॉफी फाइनल के बाद संन्यास लेने की घोषणा की। उन्होंने 95 प्रथम श्रेणी मैच में 281 विकेट लिए। कुलकर्णी ने कहा कि उन्हें इस बात का अफसोस नहीं है कि उनका अंतरराष्ट्रीय करियर लंबा नहीं खिंचा। जो बीत गया वह बीत गया। मैं अतीत में क्या हुआ उस पर विचार करने के बजाय भविष्य पर ध्यान देता हूं।

### मुंबई की टीम को मिलेंगे अतिरिक्त पांच करोड़

**मुंबई।** मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) ने 42वी बार रणजी ट्रॉफी का खिताब जीतने वाली टीम की पुरस्कार राशि दोगुनी कर दी है जिसका मतलब है की टीम को पांच करोड़ रुपए की अतिरिक्त धनराशि मिलेगी।मुंबई ने गुरुवार को यहां फाइनल के पांचवे और अंतिम दिन विदर्भ को 169 रन से हराकर 42वी बार रणजी चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया।एमसीए के सचिव अजिंक्य नाइक ने बयान मे कहा, एमसीए के अध्यक्ष अमोल काले और शीर्ष परिषद ने रणजी ट्रॉफी की पुरस्कार राशि दोगुनी करने का फैसला किया है। एमसीए रणजी ट्रॉफी जीतने वाली मुंबई की टीम को पांच करोड रुपए की अतिरिक्त धनराशि देगी।

## इंडियन क्लब की जीत में अनुपम के चार विकेट

**लखनऊ।** शिवम यादव-73 व हिमांशु यादव-54 के अर्धशतकों के बाद मैन ऑफद मैच अनुपम सिंह-4 विकेट की गेंदबाजी से इंडियन क्रिकेट क्लब ने द्वितीय तारा देवी मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में ईगल क्रिकेट क्लब को 171 रन के बड़े अंतर से पराजित किया। गियर क्रिकेट ग्राउंड पर गुरुवार को खेले गए मैच में इंडियन क्रिकेट क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया और टीम ने 38 ओवर में सभी विकेट गंवाकर 309 रन का विशाल स्कोर बनाया। शिवम यादव ने 73 रन व बृजेश यादव ने 342 रन जोड़े। अंकित वर्मा ने 46 रन देकर 3 विकेट हासिल किए। जवाब में लक्ष्य का पीछा करते हुए ईगल क्लब 35.2 ओवर में 138 रन ही बना सका। यश पटेल ने 42 रन बनाए। मैन आफ द मैच अनुपम सिंह ने 8 ओवर में 1 मेडन के साथ 23 रन देकर 4 विकेट हासिल किए।

## केकेआर के पूर्व निदेशक ने किया 130 करोड़ का निवेश

**मुंबई।** केकेआर के पूर्व निदेशक आशीष खंडेलिया द्वारा स्थापित संस्थागत रियल एस्टेट निवेश और परामर्शदाता कंपनी सर्टस कैपिटल ने अपने सिक्योर्ड बॉन्ड्स प्लेटफॉर्म अर्नेस्ट डॉट मी के लिए पुणे की दो प्रमुख कमर्शियल रियल एस्टेट प्रोजेक्ट में 130 करोड़ रुपये का निवेश किया है। ये प्रोजेक्ट शहर के अहम स्थानों पर है, जहां कनेक्टिविटी काफी अच्छी है और इन्फ्रास्ट्रक्चर भी काफी बढ़िया है। इन प्रोजेक्ट को पुणे के एक प्रमुख डेवलपर मित्तल ब्रदर्स विकसित कर रहे हैं। मित्तल ब्रदर्स के पास पिछले 25 वर्षों में 65 लाख वर्ग फुट में 26 परियोजनाओं को डेवलप करने का प्रभावशाली ट्रैक रिकॉर्ड हैण् यह निवेश सुरक्षित डिबेंचर के रूप में किया गया है। यह निवेश लगभग 15 फीसदी के निर्धारित रिटर्न की पेशकश करता है। सर्टस कैपिटल के फाउंडर आशीष खंडेलिया ने कहा कि हम अर्नेस्ट डॉट मी द्वारा सृजित मौकों को लेकर निवेशकों की प्रतिक्रिया से काफी अधिक खुश हैं।

## ओडिशा फाइनल में जगह बनाने से चूकी

**भुवनेश्वर।** इंडियन सुपर लीग की टीम ओडिशा एफसी गुरुवार को यहां ऑस्ट्रेलिया की टीम सेंट्रल कोस्ट मरीनर्स के खिलाफ घरेलू चरण के मुकाबले को गोल रहित ड्रॉ खेलने के बाद एएफसी (एशियाई फुटबॉल परिसंघ) कप के अंतर-क्षेत्रीय फाइनल मे पहुंचने में असफल रही। ए-लीग (ऑस्ट्रेलिया की शीर्ष घरेलू फुटबॉल लीग) टीम से पहला चरण हारने के बाद, ओडिशा एफसी की टीम घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाने मे नाकाम रही। सेंट्रल कोस्ट मरीनर्स ने इससे पहले अपने घरेलू मैदान पर ओडिशा एफसी को 4-0 से हराया था।

## हिताक्षी ने तीसरे दिन 10 शॉट की बढ़त बनाई

**गुरुग्राम।** हिताक्षी बख्शी हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर (डब्ल्यूपीजीटी ) मे गुरुवार को यहां तीसरे दौर मे तीन ओवर का कार्ड खेलने के बावजूद 10 शॉट की बड़ी बढ़त बनाने मे सफल रही। शुरुआती दो दौर में 64 और 66 का शानदार कार्ड खेलने वाली हिताक्षी तीसरे दिन अपनी लय बरकरार नही रख सकी। उनका कुल स्कोर 11 अंडर 205 है। तीसरे दौर में गौरिका बिश्नोई (70) अंडर पार का स्कोर बनाने वाली इकलौती खिलाड़ी रही।

## त्वेसा मलिक केपटाउन में चौथे स्थान पर

**केपटाउन।** भारतीय गोल्फर त्वेसा मलिक यहां स्टैंडर्ड बैंक लेडीज ओपन के दूसरे दौर मे तीन अंडर 71 का कार्ड खेलकर संयुक्त चौथे स्थान पर है। त्वेसा ने पार 74 कोर्स पर पहले दिन एक-अंडर 73 का स्कोर किया था। वह तालिका मे शीर्ष पर काबिज स्कॉटलैंड की काइली हेनरी से चार शॉट पीछे है। पहले दौर मे 69 का कार्ड खेलने वाली काइली ने दूसरे दिन 71 का स्कोर किया।

## भारतीय मुक्केबाजी के डुने ने दिया इस्तीफा, विदेशी कोच होंगे बर्खास्त


**नई दिल्ली।** ओलंपिक क्वालीफायर में भारतीय मुक्केबाजों के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद पेरिस खेलों से चार महीने पहले हाई परफार्मेंस निदेशक (एचपीडी) बर्नार्ड डुने ने इस्तीफा दे दिया है जबकि विदेशी कोच दिमित्री दिमित्रुक को जल्द ही पद से हटाए जाने की संभावना है। आयरलैंड के पूर्व मुक्केबाज डुने को अक्टूबर 2022 में एचपीडी के रूप में नियुक्त किया गया था। उन्होंने इटली से अपना इस्तीफा भेज दिया, जहां वह पहले विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर के लिए भारतीय टीम के साथ थे। दो क्वालिफिकेशन स्पर्धाओं (एशियाई खेलों और पहले विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर) के बाद एक भी भारतीय पुरुष मुक्केबाज ओलंपिक के लिए जगह पक्की नहीं कर पाया है। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) ने स्थिति का आकलन करने के लिए शुक्रवार को कार्यकारी समिति की बैठक बुलाई है। दिमित्री ने पिछले साल महिला विश्व चैम्पियनशिप से पहले फरवरी में कोच का कार्यभार संभाला था। महासंघ अब पुरुष और महिला टीमों के लिए भारतीय कोच को नियुक्त करने पर विचार कर रहा।

# आरसीबी का शिविर शुरू, जुड़ेंगे कोहली



**बेंगलुरू।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर ने इंडियन प्रीमियर लीग से पहले अपने शिविर की शुरुआत की लेकिन उसके स्टार बल्लेबाज विराट कोहली अगले कुछ दिन में टीम से जुड़ेंगे। आरसीबी को आईपीएल में गत चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 22 मार्च को पहला मैच खेलना है। अधिकांश घरेलू खिलाड़ी नए मुख्य कोच एंडी फ्लावर और क्रिकेट निदेशक मो बबाट के मार्गदर्शन में शिविर में पहुंच गए हैं। कप्तान फाफ डु प्लेसी और वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज अलजारी जोसेफ भी शिविर में पहुंच गए हैं। कोहली पितृत्व अवकाश के कारण इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला भी नहीं खेले थे। बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा, कोहली अगले कुछ दिन में पहुंचेंगे। कोहली टीम के सालाना कार्यक्रम आरसीबी अनबॉक्स में भी पहुंच सकते हैं जिसमें प्रशंसकों को अपने पसंदीदा सितारों की झलक देखने का मौका मिलता है। डु प्लेसी ने आरसीबी बोल्ड डायरीज में कहा, फ्लावर शानदार कोच है और टीम खुशकिस्मत है कि वे हमारे साथ है। वहीं फ्लावर ने कहा, हम आरसीबी की कहानी का नया अध्याय लिखेंगे और यह हमारी खुशकिस्मती है। हम इसे लेकर काफी रोमांचित हैं।

### सीएसके में कोई बाहरी दखल या मालिकों का दबाव नहीं : ड्वेन ब्रावो



**चेन्नई।** आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स की अप्रतिम सफलता के पीछे सिर्फ महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी या खिलाड़ियों में झलकता इत्मीनान ही नहीं है बल्कि गेंदबाजी कोच ड्वेन ब्रावो का कहना है कि टीम में बाहरी दखल नहीं होना भी लगातार मिल रही कामयाबी का राज है। इंडियन प्रीमियर लीग के इतिहास में चेन्नई सुपर किंग्स सबसे कामयाब टीम है और इसने पांच बार खिताब जीतने के अलावा सबसे ज्यादा बार प्लेऑफ में जगह बनाई है। ब्रावो ने कहा, टीम में कोई बाहरी दखल या मालिकों की ओर से दबाव नहीं रहता। वे खिलाड़ियों को खुलकर खेलने देते है। यही इस टीम की खूबसूरती है। आईपीएल से पहले टीम संयोजन के बारे में उन्होंने कहा, हमारे पास अच्छी टीम है। हम वहीं से शुरूआत करेंगे जहां पिछले सत्र मे छोड़ा था। हमने युवा गेंदबाजी आक्रमण के साथ पिछली बार बेहतरीन प्रदर्शन किया। यहां अविरा डायमंड्स के स्टोर लांच के मौके पर उन्होंने कहा, इस बार हमारे पास शार्दुल ठाकुर है जो बोनस होगा। मुस्ताफिजूर रहमान भी काफी अनुभवी है जबकि मथीषा मथिराना भी उपयोगी गेंदबाज है।

## मलेशिया दौरे से पहले अंडर 23 शिविर के संभावित खिलाड़ी चुने

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने मलेशिया के खिलाफ 22 और 25 मार्च को कुआलालम्पुर में होने वाले दो मैत्री मैचों से पहले अंडर 23 शिविर के लिए 26 संभावित खिलाड़ियों की घोषणा की है। शिविर दिल्ली में शुक्रवार से शुरू होगा और 20 मार्च को मलेशिया जाने वाली 23 सदस्यीय टीम इसी में से चुनी जाएगी। भारत के पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी और नॉर्थईस्ट युनाइटेड एफसी के सहायक कोच नौशाद मूसा को मुख्य कोच बनाया गया है। नोएल विल्सन सहायक कोच और दीपांकर चौधरी गोलकीपिंग कोच होंगे। भारत के अंडर 23 संभावित खिलाड़ी : गोलकीपर : अर्श अनवर शेख, प्रभसुखन सिंह गिल, विशाल यादव, डिफेंडर : बिकाश युंनाम, सी शिवाल्डो सिंह, हॉर्मिपाम रुइया, नरेंदर, रोबिन यादव, संदीप मंडी, मिडफील्डर : अभिषेक सूर्यवंशी, ब्रिसन फर्नांडिस, मार्क जोथांपुइया, मोहम्मद ऐमन, पी सनाथोइ मीताइ, थोइबा सिंह मोइरांगथम, बिपिन मोहनन, फॉरवर्ड : अब्दुल रबीह,गुरकीरत सिंह, इरफान , इसाक वी, के निंथोइंगबांबा मीताइ, मोहम्मद सनन, पार्थिब सुंदर गोगोइ, समीर मुर्मू, शिवशक्ति नारायणन, विष्णु पी वालाप्पिल।

## श्रीलंका के पूर्व क्रिकेटर थिरिमाने घायल

**कोलंबो।** श्रीलंका के पूर्व क्रिकेटर लाहिरू थिरिमाने सड़क दुर्घटना मे घायल हो गए है और उन्हे अनुराधापुरा के एक अस्पताल मे भर्ती कराया गया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार इस 34 वर्षीय खिलाड़ी को मामूली चोट आई है और उन्हे अनुराधापुरा टीचिंग हॉस्पिटल मे भर्ती कराया गया है। अनुराधापुरा श्रीलंका का एक प्रमुख शहर है जो राष्ट्रीय राजधानी कोलंबो से 205 किलोमीटर दूर है। रिपोर्ट के अनुसार, पुलिस ने बताया कि थिरिमाने जिस कार से यात्रा कर रहे थे उसकी दूसरी दिशा से आ रही एक लॉरी से टक्कर हो गई। यह दुर्घटना सुबह सात बजकर 45 मिनट पर हुई। थिरिमाने ने श्रीलंका की तरफ से 44 टेस्ट, 127 वनडे और 26 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले है। उन्होंने श्रीलंका की तरफ से आखिरी मैच 2022 मे खेला था। इसके बाद उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था।

## पेरिस से पहले सुधार की काफी गुंजाइश: हरमनप्रीत

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह को लगता है कि पेरिस ओलंपिक मे प्रतिष्ठित स्वर्ण पदक जीतने के लिए उनकी टीम मे अभी काफी सुधार की गुंजाइश है तथा अगले महीने होने वाले ऑस्ट्रेलिया के दौरे में टीम अपनी तैयारी को पुख्ता अंजाम देने की कोशिश करेगी। ओलंपिक मे आठ बार का चैंपियन भारत 1980 मे मास्को ओलंपिक के बाद से लेकर अभी तक स्वर्ण पदक नही जीत पाया है। उसने हालांकि तोक्यो ओलंपिक मे कांस्य पदक जीतकर पदक का लंबा इंतजार खत्म किया था। हरमनप्रीत ने कहा, अगर हम टीम के प्रदर्शन पर ध्यान दे तो यह अच्छा है। हम अतिआत्मविश्वास मे नही है लेकिन हम सभी बड़ी टीमो को कड़ी चुनौती दे रहे है। टीम आत्मविश्वास से भरी है। उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य स्वर्ण पदक जीतना है। इसके अलावा हम किसी अन्य चीज पर विचार नही कर रहे है। हमारा कोई अन्य लक्ष्य नही है।

## गुवाहाटी में एक्सपेडिशन बाय का सफलतापूर्वक समापन

**गुवाहाटी।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर टीकेएम ने अत्यधिक महत्वपूर्ण उत्तर.पूर्व क्षेत्र में ग्रेट 4 बाय 4 एक्सपेडिशन बाय टोयोटा का सफलतापूर्वक समापन किया। 8-10 मार्च 2024 के दौरान आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम ने उत्साही 4बाय4 वाहन मालिकों को पीआरपी वैली गुवाहाटी के सुरम्य परिदृश्यों के बीच व्यस्त रखा, एक रोमांचक अनुभव दिया और मेघालय क्षेत्र के कुछ सुंदर स्थानों की यात्रा का मौका दिया। मुख्य कार्यक्रम की शुरुआत मई 2023 के दौरान हुई थी। इसके बाद, पूरे साल भारत देश के दक्षिण, पश्चिम, उत्तर और पूर्वी क्षेत्रों में अभियानों की एक श्रृंखला आयोजित की गई। प्रतिष्ठित हाईलक्सए मशहूर एलसी 300, लोकप्रिय फॉर्च्यूनर और हाइराइडर एडब्ल्यूडी ऑल व्हील ड्राइवद्ध समेत उल्लेखनीय 4बाय4 एसयूवी के बेड़े के साथ, उत्तर.पूर्व में एक्सपेडिशन की शुरुआत विवांता गुवाहाटी में हुई और पीआरपी वैली में एक आनंदमय ट्रेल ड्राइव के रूप में त्रुटिहीन यात्रा निकल पड़ी। 4 बाय 4 ड्राइव के समापन ने प्रतिभागियों के पर्यावरणीय योगदान को भी चिह्नित किया। इस मौके पर भागीदारों को उन पेड़ों के लिए प्रमाण पत्र सौंपे गये जिन्हें एक गैर सरकारी संगठन संकल्पतरु ने उनकी ओर से लगाया है और यही इन लगाए गए पेड़ों का ख्याल रखेंगे।

## नवारो ने सबालेंका को हराया, कोको क्वार्टर फाइनल में

**इंडियन वेल्स।** एम्मा नवारो ने बीएनपी परीबस ओपन के चौथे दौर में दूसरी वरीयता प्राप्त आस्ट्रेलियाई ओपन चैम्पियन एरिना सबालेंका को 6-3, 3-6, 6-2 से हराकर अपने कैरियर की सबसे बड़ी जीत दर्ज की। वह अपने कैरियर में चौथी बार क्वार्टर फाइनल में पहुंची है और 1000 श्रेणी के टूर्नामेंट में पहली बार वह अंतिम आठ में खेलेगी। वही कोको गॉ ने अपने 20वे जन्मदिन पर एलिसे मर्टेंस को 6-0, 6-2 से हराकर लगातार दूसरी बार क्वार्टर फाइनल मे प्रवेश किया। तीसरे दौर मे मर्टेंस ने नाओमी ओसाका को हराया था। पुरूष वर्ग मे चौथी वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदेव ने 13वी वरीयता प्राप्त ग्रिगोर दिमित्रोव को 6-4, 6-4 से हराया। वही नौवी वरीयता प्राप्त कैस्पर रूड ने गाएल मोफिल्स को 3-6, 7-6, 6-4 से शिकस्त दी। वही नोवाक जोकोविच को हराने वाले इटली के लुका नारडी को 17वी वरीयता प्राप्त टॉमी पॉल ने 6-4, 6- 3 से हराया।

## स्पोर्ट्स शूज की बढ़ेगी मांग

**लखनऊ।** लिबर्टी के सीईओ रमन बंसल व डायरेक्टर रितु बंसल ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण दूरदर्शी पवित्र परियोजना राम मंदिर धार्मिक पर्यटकों को आकर्षित करेगी और आमद बढ़ाएगी। जिससे घरेलू उत्पादों की मांग दिन प्रतिदिन बढ़ेगी और समग्र व्यावसायिक गतिविधि में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। उन्होंने बताया कि पर्याप्त संभावनाओं और संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए हमारा लक्ष्य यूपी के प्रत्येक जिले में शोरूम स्थापित करना है। ये बाते वह लिबर्टी के यूपी में खोले गए दो आउटलेट्स के अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि स्कूल शूज से लेकर स्पोर्ट्स शूज़ तक, बैलेरिना से लेकर आरामदायक स्लिप.ऑन तक, कॉर्पोरेट फॉर्मल से लेकर आरामदायक कैजुअल तकए उपभोक्ता को फुटवियर विकल्पों की व्यापक रेंज प्रदान करते हैं। ये राजधानी लखनऊ में खोले गए। ई ब्लाक मार्केट आवास विकास राजाजी पुरम व विभव खंड कठौता चौराहे पर खुले लिबर्टी एक्सक्लिसिव शोरूम का शुभारंभ सीईओ ने किया। उन्होंने बताया समूह की भारत और विदेश में सैकड़ों पांच सितारा शोरूम और जूता स्टेशन स्थापित करने की भी योजना है। उन्होंने कहाकि हम एक ही छत के नीचे सभी परिवारों की जरूरतों को पूरा करते हैं।

## हमारा ध्यान क्वालीफाइंग के तीसरे चरण में जगह बनाने पर : स्टिमक

**भुवनेश्वर।** भारतीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने गुरुवार को कहा कि उनकी टीम अफगानिस्तान के खिलाफ विश्व कप क्वालीफाइंग मैच में स्पष्ट मानसिकता के साथ उतरेगी और उनका ध्यान पहली बार क्वालीफायर्स के तीसरे चरण में जगह बनाने पर है। भारत फीफा विश्व कप 2026 और एएफसी एशियाई कप 2027 के संयुक्त क्वालीफायर के दूसरे चरण मे अफगानिस्तान के खिलाफ लगातार दो मैच खेलेगा। इनमें से पहला मैच 21 मार्च को सऊदी अरब के आभा में खेला जाएगा जबकि दूसरा मैच 26 मार्च को गुवाहाटी में होगा। अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ (एआईएफएफ) की विज्ञप्ति के अनुसार स्टिमक ने कहा, हम इन मैचो में जीत हासिल करने की कोशिश करेंगे। हम अभी बहुत अधिक समीकरणों पर ध्यान नही दे रहे है। जब हम उस स्थिति में पहुंच जाएंगे तो उस पर बात करना शुरू करेंगे।

## भारत ने श्रीलंका को आठ विकेट से हराया

**नई दिल्ली।** मगुंटा साई और देबराज बेहरा के अर्धशतकों की मदद से भारतीय दृष्टिबाधित पुरुष टीम ने गुरुवार को यहां चौथे टी20 क्रिकेट मैच मे श्रीलंका को 8 विकेट से पराजित किया। श्रीलंका की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर मे 7 विकेट पर 142 रन ही बना पाई। भारत ने 40 गेंद शेष रहते हुए लक्ष्य हासिल किया।

## मप्र महिला राष्ट्रीय हॉकी के क्वार्टर फाइनल में, यूपी का मैच ड्रा

**पुणे।** गत चैंपियन मध्य प्रदेश ने गुरुवार को यहां बिहार को 7-1 से करारी शिकस्त देकर सीनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल मे जगह बनाई। मध्य प्रदेश की तरफ से रितिका सिंह ने हैट्रिक बनाई। उनके अलावा ऐश्वर्या चौहान, प्रीति दुबे, कंचन निधि और कप्तान इशिका चौधरी ने एक-एक गोल किया। दिन मे खेले गए अन्य मैचो मे उत्तर प्रदेश और झारखंड का मैच 2-2 से ड्रॉ रहा ।

# आमरे ने पंत के नेट सत्र पर रखी नजर

## कहा-ऐसा लगा नहीं कि वह लंबे समय के बाद बल्लेबाजी कर रहे है

**विशाखापत्तनम।** दिल्ली कैपिटल्स के सहायक कोच प्रवीण आमरे ने कहा कि ऋषभ पंत की बल्ले की स्विंग पहले की तरह बनी हुई है और सत्र पूर्व शिविर में उनकी बल्लेबाजी देख कर ऐसा नहीं लगा कि वह 14 महीने के बाद खेल में वापसी कर रहे हैं। इस सप्ताह की शुरुआत में भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने पंत को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेलने के लिए पूरी तरह से फिट करार दिया था। पंत 2022 में हुई भयावह कार दुर्घटना में बुरी तरह से जख्मी हो गए थे। दिल्ली कैपिटल्स की ओर से जारी मीडिया



विज्ञप्ति में आमरे ने कहा, कोचिंग इकाई के रूप में और व्यक्तिगत रूप से, उन्हें बल्लेबाजी करते हुए देखना वाकई सुखद था। ऐसा लग ही नहीं रहा था कि वह लंबे समय बाद बल्लेबाजी कर रहे हैं। उनका बल्ला पहले की तरह ही चल रहा था। भारत के इस पूर्व खिलाड़ी ने कहा, हमें उसे श्रेय देना होगा। उसने पूरे साल जिस तरह से मेहनत की है वह आसान नहीं है।

### मेडिकल स्टाफ ने कहा-पंत की मानसिक दृढ़ता जबर्दस्त

**बेंगलुरू।** ऋषभ पंत को 2022 में हुई भयावह कार दुर्घटना के बाद पूरी तरह फिट होने में मदद करने वाले मेडिकल स्टाफ ने उनकी इच्छाशक्ति और मानसिक दृढ़ता का तारीफ करते हुए कहा है कि थकाऊ रिकवरी प्रक्रिया के बावजूद उन्होंने हार नही मानी। पंत 23 मार्च को आईपीएल के जरिए क्रिकेट के मैदान पर वापसी करेंगे जिसमे वह मोहाली मे पंजाब किंग्स के खिलाफ दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी करेंगे। पंत ने बीसीसीआई टीवी से कहा , मै सामान्य होने के करीब महसूस कर रहा हूं। पंद्रह महीने पहले हुई कार दुर्घटना को देखकर यह असंभव लग रहा था कि वह वापसी कर सकेंगे। मुंबई के कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल के खेल मेडिसिन सेंटर के निदेशक डॉक्टर दिनशॉ पर्डीवाला और बेंगलुरू के राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के स्टाफ ने उनकी मदद की।

# सिंधू ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन में एन से यंग से हारी

भाषा। बर्मिंघम

**भारतीय** बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू को ऑल इंग्लैंड चैम्पियनशिप में गुरुवार को यहां महिला एकल के दूसरे दौर में अपनी प्रतिद्वंदी कोरिया की एन से यंग से सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू मैच के दौरान एक समय अच्छी लय में दिख रही थीं और उन्होंने शीर्ष रैंकिंग की खिलाड़ी के खिलाफ कड़ा संघर्ष किया, लेकिन वह अपनी गलतियों पर अंकुश लगाने में असफल रहीं और 42 मिनट तक चले मुकाबले को 19-21, 11-21 से हार गईं। पिछले साल महिला एकल विश्व चैम्पियनशिप जीतने वाली कोरिया की पहली खिलाड़ी बनी यंग के खिलाफ सिंधू की यह लगातार सातवीं हार है। सिंधू ने हाल ही में चोट से वापसी की है जबकि कोरिया की खिलाड़ी ने इस सत्र में मलेशिया और फ्रांस ओपन के खिताब अपने नाम किए हैं। सिंधू ने 22 साल की खिलाड़ी के खिलाफ आक्रामक रूख अपनाने की कोशिश की लेकिन यंग ने अपनी रैलियों की गति और स्मैश का शानदार इस्तेमाल कर मैच अपने नाम किया। सिंधू ने पहले गेम में प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी को कड़ी टक्कर दी लेकिन दूसरे गेम में वह लगातार गलती करती रही। सिंधू शुरुआती गेम में 4-। से आगे थी।

# शरत सिंगापुर स्मैश के क्वार्टर फाइनल में



**सिंगापुर।** भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी शरत कमल ने गुरुवार को यहां सिंगापुर स्मैश में मिस्र के दुनिया के 22वें नंबर के खिलाड़ी उमर अस्सर को हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।शरत ने स्लोवेनिया के विश्व में 13वें नंबर के खिलाड़ी डार्को जोर्गिक को हराने के एक दिन बाद इस 15 लाख अमेरिकी डॉलर की इनामी प्रतियोगिता में अस्सर पर 11-4, 11-8, 12-10 से आसान जीत दर्ज की।क्वालीफायर के जरिए मुख्य ड्रॉ में जगह बनाने वाले विश्व में 88वें नंबर के खिलाड़ी शरत क्वार्टर फाइनल में फ्रांस के 10 बार के राष्ट्रीय चैंपियन फेलिक्स लेब्रन से भिड़ेंगे।इस टूर्नामेंट में पिछले दो अवसरों पर पहले दौर में बाहर होने वाले शरत ने पिछले मैच में जोर्गिक को 8-11, 11-6, 11-8, 11-9 से पराजित किया था। इस शानदार प्रदर्शन से शरत की पेरिस ओलंपिक के लिए एकल वर्ग में जगह बनाने की संभावना बढ़ गई है। भारत पुरुष एकल में दो खिलाड़ियों को भेजेगा जिनका चयन उनकी व्यक्तिगत रैंकिंग के आधार पर किया जाएगा। अभी हरमीत देसाई (64) और मानव ठक्कर (83) भारतीयों में शीर्ष पर काबिज खिलाड़ी हैं। वर्तमान टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करने के कारण शरत की रैंकिंग में काफी सुधार होने की संभावना है।

# यूपी को एक स्वर्ण, रजत व तीन कांस्य



खेलो इंडिया महिला ताइक्वांडो लीग

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों ने कटक ओडिशा में गत 9 से 11 मार्च तक आयोजित प्रथम खेलो इंडिया महिला ताइक्वांडो लीग-नेशनल फेज़ में एक स्वर्ण, एक रजत व तीन कांस्य पदक जीते। ख़ुशी कुमारी ने बालिका कैडेट अंडर-51 किग्रा में स्वर्ण जीता। प्रिय सिंह ने महिला सीनियर अंडर-49 किग्रा में रजत पदक जीता। वहीं अन्वेषा जैन ने बालिका अंडर 59 किग्रा भार वर्ग में कांस्य पदकए मीनू कुमारी ने महिला जूनियर अंडर-42 किग्रा भार वर्ग में कांस्य पदक तथा प्रियांशी जुगरान ने महिला जूनियर अंडर-68 किग्रा भार वर्ग में कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। पदक विजेताओं को उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन के चेयरमैन डा.सैयद रफत जुबैर रिजवी, अध्यक्ष शैलेश कुमार सिंह शैलू व सचिव राजकुमार तथा संघ के सभी पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

### लखनऊ मंडल ने जीती ओपन स्टेट हैंडबॉल

**लखनऊ।** लखनऊ मंडल ने उत्तर प्रदेश खेल निदेशालय एवं क्षेत्रीय खेल कार्यालय झांसी के तत्वावधान में आयोजित यूपी ओपन स्टेट पुरुष आमंत्रण हैंडबॉल प्रतियोगिता का खिताब फाइनल में अयोध्या को 36-29 गोल से हराकर जीत लिया। मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स स्टेडियम में बुधवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में लखनऊ की जीत में अमन ने सबसे ज्यादा 11 गोल दागे। वहीं मोहित व कृश ने 6-6, सुलेख ने 5 एवं निहाल व अविनाश ने 4-4 गोल करने में सफलता हासिल की। अयोध्या से सुमित ने सबसे ज्यादा 9 गोल जबकि अंकित ने 5 एवं शुभम चौहानए आसिफखान व मोण् कामरान ने 4-4 गोल किए। विजेता लखनऊ व उपविजेता अयोध्या टीम में शामिल खिलाड़ियों को उत्तर प्रदेश हैंडबॉल संघ के महासचिव डॉ आनंदेश्वर पाण्डेय ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ए, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। मुख्य व्यवसायिक कार्यालय- 201-205 द्वितीय मंज़िल, प्रताप भवन, 5,बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष:011-69342500।